खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 23°C

लखनऊ, मंगलवार 5 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 275 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा कब मिलेगा: फारूक अब्दुल्ला पेज 2



ओवल टेस्ट: भारत की रोमांचक जीत, सिराज का पंजा खेल टाइम्स



अगस्त क्रांति: स्मृतियों के बीच राष्ट्रभक्ति पर सुलगते सवाल सम्पादकीय



रूस और ईरान से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा चीन पेज 12

# मेरठ की तस्वीर बदल देगी नई टाउनशिप: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेरठ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मेरठ को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने शहर में नई टाउनशिप परियोजना का भूमि पूजन किया और इसे नए मेरठ की तस्वीर की शुरुआत बताया। सीएम योगी ने कहा कि आज मेरठ में न्यू टाउनशिप की नींव रखी गई है और अब नए मेरठ की तस्वीर जल्द ही सभी के सामने होगी। यह योजना मेरठ के नागरिकों के लिए आधुनिक और सस्ती जीवनशैली लेकर आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन के अंतिम सोमवार को शिलान्यास कर सभी को बधाई देता हूं। यह एनसीआर की ऐसी परियोजना है जिसे आज यहां प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2517 करोड़ की इस परियोजना को 750 एकड़ भूमि में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत आवासीय, औद्योगिक और कमर्शियल सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे लोगों को रहने, व्यापार और रोजगार की सभी जरूरतें एक ही क्षेत्र में मिलेंगी, जो शहर की पहचान को पूरी तरह से बदल देगा। उन्होंने कहा कि इस टाउनशिप में लोगों को सस्ते दामों में घर उपलब्ध कराए जाएंगे और यह -शेष पृष्ठ दो पर



मेरठ: भूमि पूजन करते हुए सीएम योगी व साथ में बैठे संसदीय राज्य मंत्री।

- मेरठ की पहचान अब एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल और खेल
- नई टाउनशिप परियोजना का भूमि पूजन किया

## आतंक को संरक्षण देती है सपा व कांग्रेस कोर्ट के हालिया फैसले इसका सबूत: योगी

**सहारनपुर (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के लिए भी संकल्पित है। विरासत के संरक्षण के लिए मां शाकंभरी देवी कॉरिडोर बन रहा है। किसी भी मौसम में देशभर के श्रद्धालु आ सकते हैं। इसी तरह महाकुंभ में इतने श्रद्धालु आए, इससे कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परेशान हैं। उन्हें परेशानी यह हो रही है कि सनातन धर्म का वैभव इतना ऊपर क्यों हो रहा है। उन्हें भारत की विरासत पर गौरव की अनुभूति नहीं हो रही है। कांग्रेस और सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकी वारदात होती है, तो यह संरक्षण देने के लिए छाती चौड़ी करके आगे बढ़ने का काम करते हैं। हाल ही में दो घटनाओं पर न्यायालय ने निर्णय दिया। महाराष्ट्र के मालेगांव में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने हिंदुओं को अभियुक्त बनाया था, जिसके खुलासे अब हो रहे हैं।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए तीन दिन रोडवेज की यात्रा फ्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

- आठ अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि तक मिलेगी सेवा

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के पर्व को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने आठ अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक यूपीएसआरटीसी की बसों व नगरीय बस सेवा की बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा के लिए व्यवस्था करने के निर्देश परिवहन विभाग को दिए हैं।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री का रक्षाबंधन के पर्व के मद्देनजर माताओं और बहनों को निःशुल्क यात्रा कराने का क्रम जारी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में माताओं और बहनों को निःशुल्क यात्रा कराने का निर्देश दिया है। वर्तमान में उप्र परिवहन निगम के बेड़े में 13850 बसें शामिल हैं। जबकि 2022 में इनकी संख्या 12758 थी। बीते वर्ष रक्षाबंधन केवल एक दिन का था। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 3 दिन निःशुल्क यात्रा कराने का निर्देश दिया है। ऐसे में परिवहन निगम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

## मालेगांव विस्फोट में भगोड़ों पर आरोप तय करने का रास्ता साफ

**मुंबई।** एनआईए की एक विशेष अदालत ने एजेंसी को फरार आरोपियों रामचंद्र कलसांगरा और संदीप डांगे की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ अलग-अलग आरोपपत्र दाखिल करने की अनुमति दे दी है। यह निर्देश 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सात लोगों को बरी करने के अदालत के फैसले के साथ आया है। मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी कलसांगरा और डांगे, एनआईए द्वारा जांचे गए इस मामले में आधिकारिक तौर पर वांछित आरोपी (एए-1 और एए-2) के रूप में सूचीबद्ध हैं।

## दिल्ली में सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कांग्रेस सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह 6 बजे तमिलनाडु भवन के पास की है। वे डीएमके सांसद रजती के साथ सैर कर थीं, तभी जब स्कूटी पर सवार बदमाश ने घटना को अंजाम दिया। चेन खींचने की वजह सांसद की गर्दन पर चोट आ गई है। दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सुधा ने सुधा ने लेटर लिखकर पुलिस, स्पीकर और गृह मंत्रालय को शिकायत की है। गृह मंत्री अमित शाह को लिखे लेटर में कहा, श्मेरी चार से ज्यादा सावरेन (करीब 32 ग्राम) वजन की सोने की चेन खो गई और मैं इस आपराधिक हमले से बहुत सदमे में हूं।

## बिहार में मतदाता सूची के मसौदे पर किसी दल की ओर से कोई आपत्ति नहीं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में नई मतदाता सूची के मसौदे पर सोमवार अपराह्न तीन बजे तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से नाम काटने या जोड़ने को लेकर कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है पर मतदाताओं की ओर से तीन दिन में 1900 से अधिक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। आयोग ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एक अगस्त अपराह्न तीन बजे (मसौदा सार्वजनिक होने का समय) से चार अगस्त अपराह्न तीन बजे तक राजनीतिक दलों की ओर से एक भी दावा या आपत्ति नहीं दर्ज कराई गई है।

# चीन ने जमीन हड़पी, सबूत कहां?, SC ने राहुल से पूछा

## विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा आपको कैसे पता चला कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है, विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। कोर्ट ने कहा कि जब सीमा पार संघर्ष चल रहा हो, तो क्या आप ये सब कह सकते हैं। आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते? आप (राहुल गांधी) विपक्ष के नेता हैं, संसद में बोलें, सोशल मीडिया पर नहीं बोलें। इसके साथ, सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ की कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने इस मामले में शिकायतकर्ता (उदय -शेष पृष्ठ दो पर

## भूपेश बघेल की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2160 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाला समेत अन्य मामलों से जुड़े संबंधित धन शोधन के आरोपों में घिरे छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को कोई राहत न देते हुए उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हालांकि पिता-पुत्र से कहा कि वे इस मामले में पहले हाईकोर्ट या निचली अदालत के समक्ष राहत की गुहार लगा सकते हैं।



## तमिलनाडु में विज्ञापन विवाद : सुप्रीम कोर्ट सरकार की याचिका पर शुक्रवार को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में जीवित व्यक्तियों के नाम और तस्वीरें लगाने पर रोक के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की ओर से दायर याचिका पर छह अगस्त को सुनवाई करेगा। पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार की। राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने मामले को अति महत्वपूर्ण बताते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया। मद्रास हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में तमिलनाडु की सरकार की विभिन्न विज्ञापनों में कल्याणकारी योजनाओं में जीवित व्यक्तियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों, पार्टी नेताओं या राजनीतिक दलों के नामों और तस्वीरों के इस्तेमाल पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रणेता शिबू सोरेन नहीं रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/रांची।** पृथक झारखंड आंदोलन के अग्रदूत एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। श्री सोरेन एक माह से भी अधिक समय से यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती थे।

उनका किडनी तथा हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज चल रहा था। उन्होंने सोमवार सुबह अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। श्री सोरेन के पुत्र एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर उनके निधन की जानकारी देते हुए लिखा कि आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं। दिशोम गुरुजी के नाम से लोकप्रिय श्री सोरेन के निधन की खबर मिलते ही समूचे झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई। पिछले कई दिनों से राज्य में उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना व दुआएं की जा रही थी।



## मुर्मू, मोदी व राहुल गांधी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों तथा कई अन्य वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया के एक्स पर लिखा कि श्री सोरेन का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र की एक बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी अस्मिता और झारखंड राज्य बनाने के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री मोदी ने शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि श्री सोरेन जमीनी नेता थे। उनका जनता के प्रति अटूट समर्पण था। श्री मोदी ने अस्पताल पहुंच कर श्री सोरेन को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। श्री गांधी ने कहा कि आदिवासी समुदाय की सशक्त आवाज रहे श्री सोरेन ने अपना जीवन उनके अधिकारों और हकों के लिए संघर्ष में खपा दिया।

## बांके बिहारी मंदिर विवाद: उप्र सरकार के अध्यादेश पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

- हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र में वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर विवाद मामले में राज्य सरकार के अध्यादेश जारी करने पर सवाल उठाया और हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी प्रस्ताव रखा।

पीठ ने कहा कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 की वैधता पर उच्च न्यायालय द्वारा जब तक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक मंदिर के प्रबंधन की देखरेख के लिए एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित एक समिति को अपना काम करना चाहिए।

## जातीय रैलियों पर रोक मामले में सुनवाई तीन सितम्बर को

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने जातीय रैलियों पर रोक के मामले में केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने को समय देकर अगली सुनवाई तीन सितम्बर को नियत की है। पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को मामले में जवाब पेश करने का मौका दिया था। साथ ही कोर्ट ने याची को भी पिछले 10 साल में राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित की गई जातीय रैलियों का ब्योरा नए हलफनामे पर दाखिल करने को कहा था।

## 'आप' के पूर्व मंत्री जैन को मिली बड़ी राहत

- चार साल चली जांच में नहीं मिले सीबीआई को भ्रष्टाचार के सबूत, राउज एवेन्यू कोर्ट ने बंद किया केस

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पेशेवरों की अनियमित नियुक्ति और असंबंधित परियोजना निधि से भुगतान के आरोपों से संबंधित एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की तरफ से दायर क्लोजर रिपोर्ट राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और अन्य के खिलाफ था।

विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने कहा कि कई वर्षों की जांच के बावजूद आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम या किसी अन्य अपराध के तहत आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई सुबूत नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि इतने लंबे समय बाद भी जांच एजेंसी को कोई सुबूत नहीं मिला ऐसे में आगे की कार्यवाही किसी काम की नहीं है। भ्रष्टाचार के प्रावधानों को लागू करने के लिए कुछ सामग्री तो होनी ही चाहिए। केवल कर्तव्य की उपेक्षा या कर्तव्य का अनुचित प्रयोग ही अधिनियम के तहत उल्लंघन नहीं माना जा सकता।

## पहलगाम हमले के आतंकी पाकिस्तानी थे, लोकल नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को मारे गए तीन आतंकी लोकल नहीं, पाकिस्तानी थे। यह जानकारी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी ने सबूतों के आधार पर एक न्यूज एजेंसी को दी है। अधिकारी ने बताया कि आतंकियों और एनकाउंटर साइट से मिले 6 सबूत से स्पष्ट हुआ है कि वे पाकिस्तान से थे। एनकाउंटर साइट से सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से पाक वोटर आईडी समेत अन्य सबूत मिले थे। सुरक्षा एजेंसी ने इन सबूतों को पाकिस्तान के नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी से मैच किया। आतंकियों के वोटर आईडी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी डिटेल्स से मैच हुए। इनमें सैटेलाइट फोन और जीपीएस डेटा भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि ये सबूत आतंकियों की पाकिस्तानी नागरिकता साबित करते हैं। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में 28 जुलाई को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकी मारे गए थे।

# शेख अली की गुमटी में पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के रूप में न हो

- सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को कियोस्क या दुकानों सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के खिलाफ भी दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमटी' परिसर के अंदर स्थित पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह आदेश दिया। इससे पहले शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार को लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमटी' को कानून के तहत संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए एक नई अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया था।

जस्टिस सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने अधिकारियों को इस क्षेत्र में कियोस्क या दुकानों सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के खिलाफ भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत को यह भी आश्वासन दिया गया कि चार खंडों वाले इस पार्क का रखरखाव और सौंदर्यकरण किया जाएगा, ताकि इसकी प्राकृतिक सुंदरता बनी रहे। इसका उपयोग आम जनता के लाभ के लिए किया जा सके। पीठ के 31 जुलाई के आदेश में कहा गया कि यहां केवल यही निर्देश दिया जाना चाहिए कि इसका उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट आदि का निर्माण जैसी कोई भी गतिविधि नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कोर्ट कमिश्नर को पार्क के रखरखाव और सौंदईकरण के लिए बागवानी विभाग सहित संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई 28 अगस्त के लिए निर्धारित की गई है। स्मारक को लेकर विवाद तब सामने आया, जब शीर्ष अदालत ने डिफेंस कालोनी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को अपने ढांचे खाली करने और 1960 के दशक से इस ऐतिहासिक स्थल पर कब्जे के लिए मुआवजे के रूप में दिल्ली सरकार के पुरातत्व विभाग को 40 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत डिफेंस कॉलोनी निवासी राजीव सूरी की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 (एएमएएसआर अधिनियम) के तहत गुमटी को संरक्षित स्मारक घोषित करने की मांग की थी। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से 2019 में उनकी याचिका खारिज करने के बाद शीर्ष अदालत में यह याचिका दायर की गई थी। शीर्ष अदालत नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जे हटाने और स्मारक या उसके आसपास के क्षेत्र के सौंदईकरण को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देती रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### काशी में छत और गलियों में हो रहा दाह संस्कार

**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अस्सी घाट, सामने घाट, शीतला घाट और दशाश्वमेध घाट से गंगा का पानी अब सड़कों की ओर बढ़ रहा है। मणिकर्णिका घाट पर छत पर और हरिश्चंद्र श्मशान घाट पर बाढ़ के कारण गलियों में शवदाह किया जा रहा है। अंतिम संस्कार के लिए दो से तीन घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को गंगा का जलस्तर 72.03 मीटर दर्ज किया गया। गंगा का जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। चेतावनी बिदु 70.26 मीटर, खतरे का बिंदु 71.26 मीटर और अधिकतम जलस्तर 73.90 मीटर है। मणिकर्णिका घाट पर शवदाह के लिए बलिया से आए सोहन कुशवाहा ने बताया कि उन्हें ढाई घंटे इंतजार करना पड़ा। गंगा के बढ़ते जलस्तर ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शवयात्री मुन्ना पाल ने बताया कि शवों की कतार लग रही है और गलियों में भी पानी प्रवेश कर चुका है।

### सोरेन के निधन पर योगी ने जताया दुख

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सोमवार को लिखा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन अत्यंत दुखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### पूर्वी व पश्चिमी यूपी के 45 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

# प्रयागराज में गंगा-यमुना ऊफनी, घरों में पानी

लखनऊ, वार्ता

यूपी के अधिकांश जिलों में मूसलाधार बारिश की वजह से नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ गया है। प्रदेश के 17 से ज्यादा जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। सैकड़ों गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है, जिसकी वजह से अन्य गांवों से संपर्क कट गया है। बाढ़ के चलते हालात बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं।



■ 23 जिलों में सभी स्कूल और कॉलेज को बंद रखने का आदेश, 250 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में

मौसम विभाग की चेतावनी और बारिश से हुए नुकसान को देखते हुए 23 जिलों में सभी स्कूल और कॉलेज को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 48 घंटों तक 45 जिलों में भारी से अति भारी बारिश और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

गंगा, यमुना, केन, सरयू और मंदाकिनी समेत तमाम नदी और नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। 180 से अधिक मोहल्ले और गांवों में बिजली आपूर्ति और पठन-पाठन बाधित हो गया है। इसे देखते हुए प्रशासन की ओर से हाई अलर्ट घोषित किया गया है। चेतावनी बिंदु को पार करने के बाद गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से कई मीटर ऊपर पहुंच गया है। प्रयागराज और कौशांबी में 250 से अधिक गांव और मोहल्ले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इनमें ज्यादातर गांव-मोहल्ले प्रयागराज के हैं। कानपुर, लखीमपुर खीरी, बांदा, चित्रकूट, आगरा, चंदौली, वाराणसी, प्रयागराज, हमीरपुर, इटावा, गाजीपुर, मीरजापुर, औरैया और फतेहपुर जिलों के चार सौ गांव बाढ़ की चपेट में है। बारिश और बाढ़ की वजह से इन इलाकों में 80,392 लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 343 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। प्रशासन की ओर से बाढ़ से राहत दिलाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव के जरिए खाने-पीने का सामान और दवाइयां पहुंचाई जा रही हैं।

### मुजफ्फरनगर, शामली व सहारनपुर में भारी बारिश की चेतावनी जारी

आईएमडी ने 45 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिनमें लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी, प्रयागराज, मिर्जापुर, संभल, बाराबंकी, भदोही, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, अंबेडकर नगर, सीतापुर, लखीमपुर, गाजीपुर, बांदा, चित्रकूट, एटा, रामपुर, बदायूं, अमरोहा, सोनभद्र, संत रविदास नगर, बलिया, देवरिया, उन्नाव, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कासगंज, जौनपुर, बस्ती और फतेहपुर शामिल हैं।

# उप्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों में उतरे प्रभारी मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में खासतौर से पूर्वांचल के कई जिलों में बाढ़ के हालात के बीच योगी सरकार के मंत्रियों ने अपना काम शुरू कर दिया है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री बाढ़ की स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहे हैं और प्रभावी राहत प्रयासों को सुनिश्चित करने के लिए समय पर निर्देश जारी कर रहे हैं, जबकि राज्य के मंत्री प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि 'हर पीड़ित तक सरकार' के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्धता, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि हर प्रभावित व्यक्ति तक सहायता पहुंचनी चाहिए। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी द्वारा बचाव अभियान जारी है, स्थानीय प्रशासन जमीनी स्तर पर चौबीसों घंटे समन्वय सुनिश्चित कर रहा है।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा कि बाढ़ ने 37 तहसीलों और 402 गांवों को प्रभावित किया है, जिससे 84,392 लोग प्रभावित हुए हैं। इनमें से 47,906 को पहले ही सहायता मिल चुकी है और 2,759 जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी ने अपने मंत्रियों को भी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और अधिकारियों से कहा है कि यह सहानुभूति, सतर्कता और जनसेवा का समय है। हर सरक.ारी अधिकारी और संसाधन ज़रूरत की घड़ी में लोगों के साथ खड़े होने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा कब मिलेगा: फारूक

श्रीनगर, वार्ता

5 अगस्त को भारत के संविधान से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के भारत सरकार के फैसले को 6 साल पूरे होने वाले हैं, जिसे लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा की तरफ इशारा करते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर को बेहतर बनाने की दिशा में क्या प्रयास किए हैं?

भाजपा सरकार ने पिछले छह सालों में जम्मू-कश्मीर में सुधार के नाम पर क्या किया है। मुझे ये पूरा भरोसा है कि एक दिन उनको ये फैसला करना ही पड़ेगा। इसके अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा। यहां जम्मू-कश्मीर में राजभवन में एक वायसराय बैठे हैं, लेकिन



मुख्य व्यक्ति राजभवन में बैठे वायसराय ही हैं। इस व्यवस्था को बदलने का समय आ गया है, यह एक लोकतांत्रिक देश है। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में जारी मुठभेड़ पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो गया है, लेकिन जो लोग ये कहते थे कि अनुच्छेद 370 आतंकवाद के लिए जिम्मेदार है, वो कई सालों तक यहां प्रभारी थे। पहलगाम हमले से पहले उन्होंने दावा किया था कि उन्होंने सभी आतंकी शिविरों को खत्म कर दिया है।

### मानसून सत्र का छोटा रखना जनसमस्याओं पर चर्चा से भागना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 11 अगस्त से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। यह सत्र केवल चार दिन ही चलेगा। छोटे सत्र को लेकर अब समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार जनता की समस्याओं पर चर्चा से भाग रही है। सरधना विधानसभा से सपा विधायक अतुल प्रधान ने विधानसभा सत्र की समयावधि को कहा कि उत्तर प्रदेश 403 विधानसभाओं का एक विस्तृत राज्य है। प्रदेश की जनता और जनप्रतिनिधि इंतजार करते है कि विधानसभा सत्र चलेगा और आम जन की समस्याओं और परेशानियों के निराकरण के लिए एक मंच तैयार होगा, लेकिन उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार नही चाहती कि प्रदेश की जनता की समस्याओं का निराकरण हो।

# पहली सितम्बर से बंद हो जाएगी डाक विभाग की रजिस्ट्री सेवा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** दो दशक से भी ज्यादा समय बाद 1877 में डाक विभाग की तरफ से शुरू की गई रजिस्ट्री पोस्ट सेवा पहली सितंबर से इतिहास के पन्नो में दर्ज हो जाएगी। भारतीय डाक विभाग ने रजिस्ट्री सेवा को बंद करने का निर्णय लिया है। विभाग की तरफ से विकल्प के तौर पर स्पीड पोस्ट सेवा जारी रहेगी।

डाक विभाग ने सभी विभागों, अदालतों, संस्थानों और लोगों को 1 सितंबर से नई व्यवस्था का उपयोग करने को कहा है। हालांकि 31 अगस्त तक यह सेवा पहले की तरह चलती रहेगी। लखनऊ के पोस्ट मास्टर जनरल सुनील कुमार ने बताया कि यह मंत्रालय का निर्णय है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री सेवा को स्पीड पोस्ट में मर्ज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्पीड पोस्ट सेवा कम समय मे डिलीवर होने के साथ ही इसकी ट्रैकिंग भी आसान है। शायद इस वजह से मंत्रालय ने निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि 2000 के दशक तक डाकघरों में रजिस्ट्री चिट्ठी या रजिस्टर्ड पार्सल का अपना एक अलग रुतबा होता था। रजिस्ट्री वाली चिट्ठी भेजने के लिए अलग से काउंटर होता था। डाकघर वाले उसके लिए आपको एक रसीद काट कर देते थे। उस चिट्ठी के डिलीवर होने पर आपको पावती या एकनॉलेजमेन्ट भी मिलता था। कुल मिला कर यह डाकघर की प्रीमियम सर्विस थी। इस सर्विस को डाक विभाग ने अब बंद करने का फैसला किया है। वही रजिस्ट्री चिठी या रजिस्टर्ड पोस्ट की अभी तक बड़ी इज्जत रही है। कोई महत्वपूर्ण कागजात भेजना हो, बाहर पढ़ने वाले बच्चों को बैंक ड्राफ्ट बना कर भेजना हो या रक्षा बंधन पर राखी, सबके लिए रजिस्टर्ड पोस्ट का इस्तेमाल होता है। आजादी के बाद से ही रजिस्टर्ड पोस्ट बेहद भरोसेमंद माना जाता था। सरकार भी अपाइन्टमेंट लेटर भेजने में इसका इस्तेमाल करती रही है। साथ ही अदालत भी कानूनी नोटिस इसके जरिए भेजा करती थी।

### बगैर यूजीसी की मान्यता के ड्यूल डिग्री प्रोग्राम चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बगैर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मान्यता के ड्यूल डिग्री प्रोग्राम चलाने शिक्षण संस्थानों सहित एडटेक कम्पनियों को यूजीसी ने चेतावनी दी है। यूजीसी ने कहा है कि दोषी उच्च शिक्षा संस्थानों और एडटेक कंपनियों के विरुद्ध लागू कानूनों/नियमों/विनियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आयोग ने छात्रों को भी सतर्क रहने को कहा है। यूजीसी के सचिव प्रो मनिष आर जोशी के स्तर से जारी नोटिस में कहा गया है कि कई उच्च शिक्षा संस्थानों/कॉलेजों ने आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त न होने वाले विदेशी-आधारित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोगात्मक समझौते किए हैं। ऐसे विदेशी-आधारित शैक्षणिक संस्थानों/कॉलेजों में नामांकित छात्रों को डिग्री जारी करने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसी प्रकार कुछ एडटेक कंपनियां भी कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के सहयोग से ऑनलाइन माध्यम से डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों की पेशकश करते हुए समाचार पत्रों/सोशल मीडिया/ टेलीविज़न आदि में विज्ञापन दे रही हैं। नोटिस में सचिव ने कहा है कि जबकि इस प्रकार का कोई भी व्यवस्था विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। साथ ही इन संस्थानों की डिग्रियां भी आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हैं।



सेंसेक्स 81081.72
निफ्टी 24722.75



सोना रु. 99759
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 111508
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स 0.52 व निफ्टी 0.64 प्रतिशत लाभ में बंद

मुंबई, वार्ता

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बावजूद भारतीय शेयर बाजारों ने सप्ताह के पहले दिन सोमवार को मजबूती दिखाई और बीएसई का 30 प्रमुख शेयरों वाला सेंसेक्स 418.81 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,018.72 अंक और एनएसई का निफ्टी.50 भी 157.40 अंक (0.64 प्रतिशत) सुधरकर 24,722.75 अंक पर बंद हुआ।

स्थानीय बाजारों में धातु, वाहन, मीडिया, निर्माण और आईटी कंपनियों के शेयरों में निवेशकों का विश्वास बढ़ा हुआ था, जबकि बैंकिंग क्षेत्र के शेयरों में मिला-जुला रुख दिखा। बीएसई के 30 में से 26 शेयर लाभ और चार हानि में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में टाटा मोटर्स में 4.31 प्रतिशत, बीईएल में 3.55



प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स में 3.24 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 2.53 प्रतिशत की अच्छी तेजी दर्ज की गयी। टीसीएस, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स तथा मारुति सुजुकी भी लाभ में रहे। एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और स्टेट बैंक में भी हल्की तेजी रही। इसके विपरीत, पावर ग्रिड 1.10 प्रतिशत टूट गया। एचडीएफसी बैंक में करीब एक प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही। हिदुस्तान यूनीलिवर लीवर में 0.25 प्रतिशत घाटे में रहा। सेंसेक्स सुबह 80,765.83 अंक पर तेजी की धारणा के साथ खुला और बीच में ऊपर में 81,093.19 तथा नीचे में 80,500.51 तक गया था। पिछले सप्ताहांत यह 80,599.91 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी-50 सुबह 24,596.05 अंक पर खुलने के बाद नीचे 24,554 अंक और ऊपर 24,736.25 अंक तक जाने के बाद अंत में 24,722.75 अंक पर बंद हुआ जो पिछले बंद से 157.40 (0.64 प्रतिशत) अधिक है। निफ्टी बैंक पिछले स्तर पर बना रहा जबकि अपेक्षाकृत व्यापक बाजार का प्रतिनिधित्व करने वाले निफ्टी-100 में 0.72 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया गया। एनएसई में कुल 3,093 शेयरों में खरीद-फरोख्त हुई जिनमें से 1,833 लाभ में और 1,168 हानि में बंद हुए।

### सोने का दाम बढ़कर 99,759 प्रति 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 1,506 रुपए बढ़कर 99,759 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,253 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,862 रुपए बढ़कर 1,11,508 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,09,646 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,000 रही। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है।

# एफडीआई में हुई कई गुना वृद्धि, यूपी बना निवेशकों की पहली पसंद

**लखनऊ।** 2017 से पहले यूपी निवेश मानचित्र पर मुश्किल से स्थान पा रहा था, वहीं अब यह राज्य वैश्विक निवेशकों के लिए पहला विकल्प बन गया है। पिछले आठ वर्षों में लाखों करोड़ का निवेश और दुनिया भर के निवेशकों का उत्तर प्रदेश की ओर रुझान इसी ओर इशारा कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वर्ष 2000 से 2017 तक 17 वर्षों में यूपी को महज तीन हजार करोड़ रुपए का एफडीआई प्राप्त हुआ था। 2016-17 में यह आंकड़ा गिरकर 50 करोड़ रुपए तक सिमट गया था, जो राज्य की छवि और औद्योगिक अभाव को दर्शाता है। राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिग औसत थी, सिगल विडो सिस्टम जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी। यही नहीं, औद्योगिक विकास के लिए न तो स्पष्ट विज़न था और न ही स्थिर कानून व्यवस्था, जिससे निवेशकों में विश्वास की कमी बनी रही। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 'निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य' बनने का संकल्प लिया। इसके चलते 2019 से 2023 के बीच यूपी ने हजारों करोड़ से अधिक के एफडीआई को आकर्षित किया, जो पूर्व की तुलना में कई गुना अधिक वृद्धि रही। सरकार ने दो इन्वेस्टर्स समिट (2018 यूपी इन्वेस्टर्स और 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) सफलतापूर्वक आयोजित किए। 2018 जीआईएस से 4.28 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जबकि 2023 जीआईएस से रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव हासिल हुए। योगी सरकार ने इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया और अब जीबीसी-5 की तैयारी ज़ोरों पर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक जो चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की गई हैं, उनके माध्यम से 16,000 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इनमें 8,000 से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि 8,000 से अधिक कार्यान्वयनाधीन हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेरठ की...** योजना मेरठ के स्मार्ट सिटी मिशन को भी मजबूती देगी। अपने संबोधन में सीएम योगी ने मेरठ के अतीत को याद करते हुए कहा कि याद कीजिए, ये वही मेरठ है, जो कभी सोतीगंज के नाम से जाना जाता था। लेकिन आज सोतीगंज अपने आकाओं के साथ सो गया है... सोतीगंज समाप्त। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस दंगा भी करते हैं और सोतीगंज के व्यापारियों की चरण वंदना करते हैं। सोतीगंज उनकी पहचान थी, हमारी पहचान विकास, खुश हाली की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वदेशी को अपनाना होगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट भी स्वदेशी का अभियान है। उन्होंने आगे कहा कि अब मेरठ की पहचान बदल चुकी है- 12 लेन एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल प्रोजेक्ट, और 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना में खेल सामग्री के उत्पादन केंद्र के रूप में मेरठ की पहचान बन रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले समय में मेरठ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश का विकास केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में प्रशास.निक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में शहरवासियों की भागीदारी रही। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे मेरठ के सुनहरे और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

**चीन ने...** शंकर श्रीवास्तव) और यूपी सरकार को नोटिस भेजा है। 16 दिसम्बर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन ने 2000 वर्ग किमी भारतीय जमीन पर कब्जा किया है, 20 भारतीय सैनिक मारे गए और हमारे सैनिकों को अरुणाचल में पीटा जा रहा है। राहुल गांधी के बयान पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि केस दर्ज कराया था। इसी साल 29 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गांधी की याचिका खारिज कर दी थी और समन भेजा था। राहुल गांधी ने समन और शिकायत को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि शिकायत दुर्भावनापूर्ण तरीके से और बदनीयती के तहत दर्ज कराई गई थी।

### मौद्रिक नीति समिति रेपो में 0.25 प्रतिशत कमी के आसार

**नई दिल्ली।** भारत के निर्यात पर अमेरिका में प्रशुल्क बढ़ाए जाने और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच ज्यादातर बाजार विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस सप्ताह तटस्थ नीतिगत रुख बरकरार रखते हुए फौरी उधार के लिए अपनी ब्याज दर (रेपो) को वर्तमान स्तर पर बनाए रख सकती है। इसके विपरीत कुछ को नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की 'अप्रत्याशित' कमी किए जाने की संभावना भी दिखती है। खुदरा मुद्रास्फीति के जून में करीब साढ़े छह साल के न्यूनतम स्तर आने से रिजर्व बैंक को मिले सुकून और वैश्विक चुनौतियों के बीच आर्थिक वृद्धि को संभालने की आवश्यकताओं के मद्देनजर कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि केंद्रीय बैंक रेपो 0.25 प्रतिशत और कम कर सकता है।

# सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के आरोप में एटीएस ने दो को किया गिरफ्तार

लखनऊ, वार्ता

उप्र में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सोशल मीडिया पर देश विरोधी अपरा.धिक षड्यंत्र रचने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने के आरोप में अमरोहा से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अमरोहा के नौगांव थाना क्षेत्र निवासी अजमल और महाराष्ट्र के ठाणे जिले का निवासी डॉ. उसामा माज शेक शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्र विरोधी व गैर मुस्लिम के प्रति कट्टरपंथी विचारधारा को प्रसारित कर रहे थे। एटीएस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि अजमल अली 'रिवाइविग इस्लाम' नाम से एक व्हाट्सएप



ग्रुप चलाता है। जिसके तीन एडमिन है। साथ ही इसमें लगभग 400 पाकिस्तानी सदस्य शामिल है। पूछताछ के लिए इन्हें मुख्यालय पर बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप पर रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप के अलावा वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पाकिस्तानी व्यक्तियों के संपर्क में थे। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक इंस्टाग्राम आईडी, जिसका उपयोग डॉक्टर उसामा माज कर रहा था। अजमल ने पूछताछ में बताया कि वह डॉक्टर उसामा को अपना सीनियर मेंटोर मानता है। डॉक्टर उसामा उसे इंस्टाग्राम व सिग्नल एप के माध्यम से भारत विरोधी बातें करता था तथा देश की चुनी हुई सरकार गिर कर शरिया लागू करने की बात कही जाती थी। गौरतलब है कि एटीएस ने एक अगस्त को लखनऊ में मामला दर्ज करने के बाद अभियुक्त अजमल को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में आज अभियुक्त डॉक्टर उसामा माज शेख को भी महाराष्ट्र के गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से कई पाकिस्तानियों व्यक्तियों के संपर्क में थे। साथ हिंसात्मक जिहाद के माध्यम से भारत में गजवा-ए-हिद करके सरिया कानून लागू करना चाहते थे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सावन का अंतिम सोमवार, बारिश में डूबे शिवालय

## भीगे रास्ते, लेकिन आस्था अडिग रही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सावन मास के अंतिम सोमवार को लखनऊ और आसपास के जिलों में भारी वर्षा और जलभराव के बीच आस्था ने एक बार फिर प्रकृति को चुनौती दी। बीते तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के बावजूद शिवभक्तों की श्रद्धा में कोई कमी नहीं आई।

तड़के चार बजे से ही शहर के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। बुद्धेश्वर महादेव, मनक. ामेश्वर, लोधेश्वर, सपनेश्वर, महाकाल मंदिर और अन्य शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों के बीच जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, भोग, धूप, दीप और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सावन के इस विशेष दिन को भक्तों ने शिवमय कर दिया। मोहन् रोड स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में रविवार रात से ही श्रद्धालुओं का सैलाब लगना शुरू हो गया था।

इसी प्रकार दालीगंज स्थित प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर में भी रात्रि जागरण के बाद सुबह विशेष रुद्राभिषेक सम्पन्न हुआ। सपनेश्वर महादेव मंदिर में इस अवसर पर विशेष उत्सव देखा गया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की टोलियां हाथों में जल कलश लेकर जयकारों के साथ मंदिर पहुंचीं। मंदिरों को बेलपत्र, धतूरा, फूलों और दीपों से सजाया गया था, और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। लखनऊ से सटे बाराबंकी के प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेव मंदिर में, जहां पिछले सोमवार को अव्यवस्था और धक्का-मुक्की का ख़श्य देखने को मिला था, इस बार पुलिस और प्रशासन ने अतिरिक्त व्यवस्था की थी।

जलभराव के बावजूद भक्तों की उपस्थिति में कोई कमी नहीं दिखी। हालांकि तीसरे सोमवार जैसी भीड़ नहीं दिखी, जिसका मुख्य कारण भीषण बारिश और जगह-जगह जलजमाव रहा। लखनऊ के चारबाग, आलमबाग, गोमतीनगर, राजाजीपुरम, अलीगंज जैसे क्षेत्रों में जलभराव के कारण श्रद्धालुओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह ट्रैफिक बाधित रहा, परन्तु लोगों ने हिम्मत नहीं हारी। शहर के महाक. ाल मंदिर में भैंस आरती से दिन की शुरुआत हुई, जिसके बाद जलाभिषेक और भव्य आरती में हज़ारों श्रद्धालु शामिल हुए। पुराने लखनऊ, ठाकुरगंज, बालागंज, और अमीनाबाद के छोटे-बड़े शिवालयों में भी भक्ति का उल्लास बना रहा। बरेली में बारिश के बीच दो कांवड़िए बाइक समेत नाले में गिर गए, लेकिन फायर सर्विस और पुलिस ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। लखनऊ सहित कई जगह बारिश की चेतावनी के कारण स्कूलों को भी सोमवार को बंद रखने का आदेश जारी किया गया था, जिससे श्रद्धालुओं की आवा. जाही को थोड़ी राहत मिली। इस सावन सोमवार ने यह सिद्ध किया कि भक्त चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थितियों में हों, जब बात भोलेनाथ की हो।

# छप्पर और दीवार गिरने से दो किशोरियों की मौत

**सीतापुर।** सिधौली के खैरेन देशनगर ग्रंट गांव निवासी प्रमोद की पुत्रियां चांदनी उम्र 14 वर्ष, शिवांशी उम्र 12 वर्ष तथा प्रमोद का ससुर रामपाल उम्र 60 वर्ष छप्पर के नीचे सो रहे थे। जिले में रविवार से बारिश हो रही है, जिसकी वजह से सोमवार की सुबह अचानक छप्पर और दीवार गिर गई। जिसके चलते छप्पर के नीचे शोर है बच्चे और बुजुर्ग मलबे में दब गए। धमक और चीख सुनते ही ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों ने कड़ी मस्कत से मलवा हटाकर दबे हुए लोगों को बाहर निकाला। ग्रामीण चांदनी, शिवांशी और रामपाल को लेकर सिधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां पर डॉक्टरों ने चांदनी और शिवांशी को मृत घोषित कर दिया।

# गोमती तट और प्राचीन मंदिरों के पर्यटन विकास को मिली मंजूरी

## धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बल, दस प्रमुख स्थलों के लिए नौ करोड़ की योजना स्वीकृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राजधानी लखनऊ को धार्मिक और सांस्ख़्रतिक पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर उभारने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि शहर के दस प्राचीन धार्मिक स्थलों और गोमती नदी के तटों के पर्यटन विकास के लिए नौ करोड़ रुपये की धनराशि स्वीख़्रत की गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य लखनऊ की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए पर्यटन सुविधाओं का विस्तार करना है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन परियोजनाओं में गोमती के संझिया घाट सहित कई प्रमुख मंदिर शामिल हैं, जिन्हें पर्यटन विकास योजना में सम्मिलित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत काकोरी स्थित शीतला माता मंदिर, चौक का कोनेश्वर महादेव मंदिर, करहेटा अम्बेडकर नगर वार्ड का प्राचीन शिव मंदिर, अमलौली स्थित कालिका देवी मंदिर, अठनारू ग्राम का हनुमान मंदिर, महादेव जलसाई नाथ मंदिर, बरिगवां का ज्वाला मां मंदिर, रामजानकी मंदिर और साले. हनगर स्थित घटघटा बाबा देवस्थान को शामिल किया गया है। प्रत्येक प्रमुख स्थल के लिए एक-एक करोड़ की मंजूरी दी गई है, जबकि दो मंदिरों के लिए पचास-पचास लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन स्थलों पर पर्यटन सूचना केंद्र, प्रकाश व्यवस्था, घाटों का सौंदर्यीकरण, और आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। मंत्री ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन में देशभर में अग्रणी राज्य है और महाकुंभ-2025 जैसे आयोजनों ने प्रदेश की विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाई है। अब लखनऊ की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूती देते हुए उसे वैश्विक मंच पर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# डीएम ने बैठक कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**शाह टाइम्स संवादाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित कराये जाने संबंधी बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम तीन चरणों में मनाया जाएगा। जिसमें पहला चरण 2 से 8 अगस्त तक चल रहा है।

दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त एवं तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक अभियान के रूप में चलाया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिका. रियों को निर्देशित किया कि प्रथम चरण में स्कूलों की दीवारों एवं बोर्डों को तिरंगा से सजाया जाए। स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। स्कूल के बच्चों, स्वयं सहायता समूहों से राखी बनवायी जाए । सैनिक, पुलिस से जुड़े लोगों को राखी भिजवायी जाए। द्वितीय चरण में तिरंगा मेला, तिरंगा म्यूजिकल आदि का आयोजन कराया जाए। तिरंगा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# शिबू सोरेन के निधन पर अखिलेश ने जताया शोक

**लखनऊ।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और आदिवासी समाज की प्रतिष्ठित आवाज 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन के निधन पर समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने इसे वंचित समाज की एक बड़ी क्षति बताया। अखिलेश यादव ने शिबू सोरेन के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे आदिवासियों, किसानों और पिछड़े वर्गों की लड़ाई के प्रतीक थे। उनके निधन से एक युग का अंत हुआ है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान हो और शो. काकुल परिजनों को यह असीम दुख सहने की शक्ति मिले। समा. जवादी पार्टी कार्यालय में इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# बाढ़ से बेहाल उप्र, राहत कार्यों में नाकाम भाजपा सरकार: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारी बारिश और नदियों के उफान ने करीब दो दर्जन जिलों को बाढ़ की चपेट में ला दिया है। प्रयागराज और वाराणसी सहित कई शहरों में गलियों में नाव चलाने की नौबत आ गई है, लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का कहना है कि भाजपा सरकार इस संकट की घड़ी में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार 'सुपर वीवीआईपी' सभाओं का आयोजन कर सकती है, तो जनता को राहत क्यों नहीं पहुंचा पा रही? सपा मुखिया ने कहा कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में हालात भयावह हैं। घरों में पानी घुस चुका है, बीमारों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही है। दवाएं नहीं हैं, बिजली नहीं है, करंट का डर अलग। लोग ऊपरी मंजिलों में ठूंसे जा रहे हैं, घरों के धंसने का भय है, सामान बह गया है, कपड़े नहीं हैं, मोबाइल चार्ज नहीं हो पा रहे। सरकारी राहत महज़ औपचारिकता बनकर रह गई है। पूर्व



मुख्यमंत्री ने तीखा हमला करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा गठित श्टीम-ग्यारहश की कोई भूमिका नहीं दिख रही। मंत्रीगण केवल औपचारिक दौरों और फोटो खिंचवाने में व्यस्त हैं। स्मार्ट सिटी के नाम पर खर्च हुए बीस-बीस हजार करोड़ रूपये के बावजूद वाराणसी और प्रयागराज की हालत बदतर है। गलियों में जलभराव है और सड़कों पर गड्ढ़े हैं। उन्होंने आशंका जताई कि बाढ़ के बाद बीमारियां और महामारियां फैल सकती हैं। गरीब, मज़दूर, दैनिक कमाई पर जीने वाले लोग काम पर नहीं जा पा रहे। भुखमरी की कगार पर हैं। किसानों की फसलें तबाह हो गई हैं,

दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है, जरूरी कागजात, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, पहचान पत्र बह चुके हैं। गाड़ियां डूब गई हैं। नावों के सहारे जीवन जीने वाला समाज आज पूरी तरह संकट में है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि स्कूल मर्जर नीति के चलते पहले से ही शिक्षा प्रभावित थी, अब बाढ़ ने बच्चों को पूरी तरह स्कूल से काट दिया है। यहां तक कि मरने वालों के अंतिम संस्कार तक नहीं हो पा रहे। जनता के भीतर आक्रोश है और प्रशासन पूरी तरह नदारद। शासन प्रचार की होड़ में व्यस्त है। उन्होंने भाजपा सरकार से मांग की कि वह सिलसिलेवार तरीके से जनता के सामने जवाब रखे कि राहत और बचाव में इतनी लापरवाही क्यों हो रही है। उनका कहना था कि जब तक भाजपा सरकार नहीं जाएगी।

# आठ वर्षों में उप्र ने रचा औद्योगिक निवेश का इतिहास

## योगी सरकार में आए निवेश के सुनहरे दिन, 14 हजार से अधिक परियोजनाएं धरातल पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश, जो कभी औद्योगिक निवेश के मामले में देश के पिछड़े राज्यों में गिना जाता था, अब देश की आर्थिक मानचित्र पर नई पहचान गढ़ चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष दो हज़ार सत्रह के बाद प्रदेश ने न केवल विदेशी निवेश को आकर्षित किया, बल्कि निवेशकों की पहली पसंद बनने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ा। आठ वर्षों की अवधि में प्रदेश में नीति, कानून-व्यवस्था और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में जिस तेज़ी से परिवर्तन आया, उसने राज्य को औद्योगिक क्रांति के पथ पर अग्रसर कर दिया है। वर्ष दो हज़ार सत्रह से पहले जहां निवेश की स्थिति लगभग ठहरी हुई थी, वहीं अब प्रदेश में देशी-विदेशी निवेशकों की लंबी कतार है।

मीडिया आंकड़ों के अनुसार वर्ष दो हज़ार से लेकर दो हज़ार सत्रह तक केवल तीन हज़ार करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश राज्य में आया था, जो दो हज़ार सोलहख़्रसत्रह में घटकर महज़ पचास करोड़ तक रह गया था। यह स्पष्ट करता है कि निवेशकों का राज्य पर विश्वास डगमगाया हुआ था। लेकिन मुख्यमंत्री योगी के शासनकाल में यह परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। सरकार द्वारा आयोजित दो बड़े निवेश शिखर सम्मेलन-वर्ष दो हज़ार अठारह और दो हज़ार तेईस के-ने निवेश का ऐसा प्रवाह बनाया, जो अब उद्योगों के रूप में धरातल पर उतर रहा है। दो हज़ार तेईस के वैश्विक निवेश सम्मेलन में जहां तैंतीस लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए, वहीं अब तक आयोजित चार ग्राउंड ब्रेकिंग समारो. हों के माध्यम से सोलह हज़ार से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं, जिनमें आठ हज़ार से अधिक में वाणिज्यिक संचालन भी शुरू हो चुका है। इन परियोजनाओं में प्रमुख कंपनियोंख़्रटाटा, अदानी, विवो, हल्दीराम, पेप्सिको और आइकिया जैसी इकाइयों ने भी अपना निवेश किया है। सबसे अधिक निवेश विनिर्माण, सेवा और अवसंरचना क्षेत्रों में दर्ज हुआ है। आगामी नवंबर में आयोजित होने जा रहे ग्राउंड ब्रेकिंग-5 में पांच लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को कार्यान्वयन की दिशा में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो आयोजन तक दोगुना भी हो सकता है। सरकार का दावा है कि इन परियोजनाओं से न केवल युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर पैदा होंगे, बल्कि राज्य में स्थानीय उद्यमों को भी प्रोत्साहन मिलेगा और सामाजिक-आर्थिक परिख़्रश्य में व्यापक परिवर्तन आएगा।

# जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट की बैठक सम्पन्न, श्रद्धांजलि अर्पित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताओं में रहे पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सोमवार को जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट, लखनऊ की बैठक ट्रस्ट कार्यालय, 7 बंदरियाबाग में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र के समाजवादी विचारों, राजनीतिक योगदान और जनसंघर्ष की विरासत को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया।

# इंदिरानगर में एलएलबी छात्रा से छेड़छाड़

## वकील पर आरोप, पुलिस पर पक्षपात का संदेह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के इंदिरा नगर क्षेत्र में एक अपार्टमेंट में रह रही एलएलबी की छात्रा के साथ हुई छेड़छाड़ और मारपीट की घटना ने महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं।

छात्रा का आरोप है कि उसी अपार्टमेंट में रहने वाले वकील मधुकर मिश्रा व उसके सखथियों ने जबरन उसके फ्लैट में घुसकर अश्लील हरकतें कीं और विरोध करने पर उसे बुरी तरह पीटा। छात्रा का कहना है कि वह अकेली रहती है और उसका कोई रिश्तेदार यदि उससे मिलने आता हैं। इसी बात को आधार बनाकर मधुकर मिश्रा, जो कि उसी अपार्टमेंट में रहता है, ने कथित रूप से उस पर दबाव बनाना शुरू किया। रिपोर्ट के अनुसार वकील ने छात्रा के चरित्र पर टिप्पणी करते हुए उसके आने-जाने पर आपत्ति जताई और मौका पाकर उसके साथ जबरदस्ती की कोशिश की।विरोध करने पर बुरी तरह मारा पीटा। घटना की रिपोर्ट छात्रा ने थाने में दर्ज कराई, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से पुलिस ने वकील की ओर से भी 'क्रॉस एफआईआर' दर्ज कर ली, जिसमें छात्रा पर अश्लीलता फैलाने का आरोप लगाया गया है। छात्रा का आरोप है कि पुलिस ने यह कार्रवाई वकीलों के दबाव में आकर की है। मधुकर मिश्रा पेशे से वकील हैं और बताया जाता है कि कई वकीलों ने उनके पक्ष में थाने पर पैरवी की।

छात्रा का कहना है कि जब उसने अपने साथ हुई अभद्रता की शिकायत दर्ज कराई, तो पुलिस को उसे तत्काल सुरक्षा देनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय पुलिस ने उसे भी आरोपी बना डाला। योगी सरकार की 'मिशन शक्ति' जैसी योजनाओं और महिला सुरक्षा के लिए सख्त कानूनों की मौजूदगी के बावजूद, यदि एक एलएलबी छात्रा के साथ छेड़छाड़ की रिपोर्ट पर कार्रवाई की जगह क्रॉस एफआईआर दर्ज कर दी जाती है।

# बाढ़ के खतरे से निपटने की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**शाह टाइम्स संवादाता**

**सीतापुर।** बाढ़ की तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि तीन तहसील ऐसी है, जहां पर बाढ़ की सम्भावना बनी रहती है। परंतु अभी तक जनपद की किसी भी तहसील में बाढ़ अभी नहीं आई है। इतना जरूर है कि जिले के गांजरी क्षेत्र से गुजरने वाली शारदा और घाघरा नदियों का जलस्तर बढ़ा हुआ है।

पिछले तीन दिनों से संबंधित बैराजों से लगभग 1 लाख 31 हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज हो रहा है। सोमवार को लगभग 1 लाख 70 हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज हुआ है। जनपद की सभी बाढ़ चौकियां तैयार है, वहां पर संबंधित अधिकारियों की डड्यूटी पहले से लगाई जा चुकी है। जनपद के संबंधित अधिकारी, कर्मचारी अलर्ट मोड पर कर दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा क्षेत्र में लगातार दौरा किया जा रहा है, क्षेत्र वासियों से बात की जा रही है नावों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। पीएसी की एक फ्लैड यूनिट भी है, मोटर बोट्स भी है। यदि आवश्यकता पड़ेगी तो जनपद की तीनों तहसीलों में मोटर बोट्स उपलब्ध रहेंगे।

# तेज बारिश से अमेठी में टूटा संपर्क

## बलभद्रपुर के पास निर्माणाधीन पुल का मार्ग बहा

### 100 गांव जिला मुख्यालय से कटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** लगातार हो रही तेज बारिश ने अमेठी जिले के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बलभद्रपुर गांव के पास निर्माणाधीन निरवाना दिन पुल का संपर्क मार्ग पानी के तेज बहाव में बह गया है, जिससे अमेठी-संग्रामपुर मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है।

इस मार्ग के बंद होने से करीब 100 गांव जिला मुख्यालय से कट गए हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय निवासी सौरभ और



दुर्गेश ने बताया कि यह मार्ग अमेठी जाने का एकमात्र रास्ता है, और इसके अवरुद्ध हो जाने से स्कूल, अस्पताल, और व्यापारिक कार्यों में भारी बाधा आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके चलते यह स्थिति उत्पन्न हुई है मार्ग के बंद होने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक वैकल्पिक रास्तों की तलाश में इधर-उधर भटकते देखे जा रहे हैं। कई लोग जान जोखिम में डालकर अधूरे पुल पर लगे सरिया और जलधारा के सहारे पार करने को मजबूर हैं इसी दौरान एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में बलभद्रपुर निवासी ओमप्रकाश, जो समोसे की दुकान लगाते हैं, साइकिल से नहर पार कर रहे थे, लेकिन रास्ता बंद होने के कारण फिसलकर साइकिल सहित नहर में गिर पड़े। हालांकि उन्हें कोई चोट नहीं आई, पर उनकी साइकिल बह गई जिसे वह नहर में ढूंढते नजर आए ग्रामीणों ने मौके पर एकत्र होकर निर्माण कार्य में लापरवाही के लिए जिम्मेदार एजेंसी ष्कड़ाई संस्थाष के खिलाफ नाराजगी जताई और प्रशासन से अविलंब सड़क मरम्मत व पुल निर्माण कार्य को गति देने की मांग की है।

# बेटे की तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**तिलोई/( अमेठी )।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सिंहपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कुकहा रामपुर की रहने वाली प्रतिभा सिंह पत्नी वेद प्रकाश सिंह पिछले कई वर्षो से आवास के लिए दर-दर भटक रही हैं, लेकिन ग्राम प्रधान और प्रशासनिक लापरवाही के कारण आज तक उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत नसीब नहीं हो सकी है।

बरसात के मौसम में घर में पानी भर आया जिससे घर से बेघर होने को मजबूर हो गए है, जानक. ारी के अनुसार, जनवरी माह में प्रतिभा सिंह के दोनों पैर ट्रेन से कट गए, जिससे उनका पूरा परिवार सदमे में आ गया। इस दुर्घटना के महज एक महीने बाद उनके 14 वर्षीय बेटे की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई।

वर्तमान में उनका परिवार अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन-यापन कर रहा है। उनके परिवार में पति वेद प्रकाश सिंह, एक 8 साल का बेटा और 5 साल की बेटी है, जो कच्चे और जर्जर छप्पर के नीचे रहने को मजबूर हैं। ग्राम प्रधान अशोक पासी और उनके प्रतिनिधि द्वारा रिपोर्ट लगाई गई थी कि यह परिवार पात्र है और इन्हें आवास दिया जाना चाहिए, लेकिन इसके बावजूद आज तक इस परिवार को आवास स्वीख़्रत नहीं किया गया।

# करंट लगने से युवक की मौत

## परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**( अमेठी )।** जिले के थाना मोहनगंज अंतर्गत तिलोई कस्बे में तिलोई राजभवन के सामने स्थिति हरि प्रसाद गौतम के पुत्र सोहित की सोमवार को दोपहर करीब 3 बजे करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घर पर बिजली का कार्य करते समय यह हादसा हुआ।

अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे तिलोई कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, तिलोई कस्बा निवासी सोहित कुमार गौतम (21 वर्ष), पुत्र हरिप्रसाद गौतम, अपने घर में बिजली के मरम्मत कार्य कर रहा था। सोमवार की शाम लगभग 3:30 बजे वह स्विच बोर्ड की वायरिंग ठीक कर रहा था, तभी अचानक करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही सोहित जमीन पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। परिजनों ने तत्काल उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मोहनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सोहित के असामयिक निधन से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक सोहित अपने परिवार का सबसे मेहनती और जिम्मेदार युवक बताया जा रहा है। वह अपने पिता के साथ राज मिस्त्री का काम करता था साथ-साथ इलेक्ट्रिकल कार्यों में भी रुचि रखता था और अक्सर घर के छोटे-मोटे बिजली मरम्मत के काम स्वयं करता था। लेकिन सोमवार को हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।गांव के लोग और रिश्तेदार बड़ी संख्या में मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में भी शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शोक संतप्त परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# बरसात बनी आफत, प्रयागराज, काशी डूबे, लखनऊ व कानपुर बेहाल, 12 की मौत और 84 हजार विस्थापित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्वी अंचल में पिछले चौबीस घंटे के भीतर हुई रिकॉर्डतोड़ बारिश ने जनजीवन को अस्तव्यस्त कर दिया है। राज्य के 45 से अधिक जिले तेज वर्षा और बाढ़ से प्रभावित हैं, जबकि प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर और लखनऊ जैसे शहरों में हालात भयावह हो गए हैं।

भारत मौसम विभाग के मुता. बिक, औसत से चार सौ पांच प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है, जिससे कई स्थानों पर जलभराव और नदी किनारे के इलाके जलमग्न हो गए हैं। अकेले प्रयागराज और वाराणसी में हजारों लोग अपने घरों से विस्थापित होकर राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं।

बारिश और उससे उपजे हालात के चलते प्रदेशभर में कम से कम बारह लोगों की मृत्यु हुई है। चित्तरकूट में पांच लोग डूबने से मारे गए, बिजनौर में तीन, महोबा में एक व्यक्ति की मौत मकान गिरने से हुई, जबकि प्रयागराज में सांप काटने से एक व्यक्ति की जान गई। अन्य स्थानों पर बिजली गिरने और भूस्खलन जैसी घटनाएं हुई हैं। बाढ़ के कारण अब तक चार सौ से अधिक गांव प्रभावित हो चुके हैं और छियासी हज़ार से अधिक लोग संकट की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें से लगभग अड़तालीस हज़ार से अधिक को बचाकर राहत शिवि. रों में भेजा गया है। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी सबसे ज्यादा प्रभावित शहरों में शामिल हैं। लखनऊ में कई इलाकों की सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात ठप पड़ गया है, जबकि पुराने मोहल्लों में घरों के भीतर तक पानी घुस गया है। गोंडा, बहराइच, बलिया, जालौन, चंदौली, मिर्जापुर, हमीरपुर, एटा, इटावा, बांदा, फतेहपुर जैसे जिले भी भारी बारिश और जलजमाव से प्रभावित हैं। कानपुर में यमुना नदी का जलस्तर तेजी से खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है और कई तटीय गांवों से संपर्क टूट चुका है। प्रयागराज में गंगा और यमुना दोनों नदियां खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं। करीब बासठ मोहल्ले जलमग्न हो चुके हैं और हजारों की संख्या में लोग अपने घरों को छोड़कर राहत शिविरों में जा चुके हैं। जिले में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता श्नंदीश ने प्रभावित इलाकों का दौरा कर राहत कार्यों की समीक्षा की। वाराणसी में गंगा का जलस्तर खतरे की रेखा से एक दशमलव छह आठ मीटर ऊपर पहुंच चुका है। यहां छह हज़ार से अधिक लोग बाढ़ के कारण विस्थापित हुए हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भगवान शिव का जलाभिषेक करके मांगे वरदान





**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सावन के चौथे सोमवार को ब्लॉक क्षेत्र के चाकीखेड़ा गांव में स्थित प्राचीन चाकेश्वर मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कांवड़ियों के साथ साथ स्थानीय शिव भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हुए मनोकामनाएं मांगी।

सावन के चौथे सोमवार के कारण चाकेश्वर मंदिर के साथ साथ इंदिरा चौक स्थित प्राचीन गंगा प्याऊ शिव मंदिर, बुधबाजार स्थित शिव मंदिर, अतरपुरा स्थित शिव मंदिर, चौपला स्थित शिव मंदिर, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर समेत नगर क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की तरफ से पूजा अर्चना कर भगवान शिव से अपनी मनोकामना को पूरा करने व घर में सुख शांति का वरदान मांगा। श्रद्धालुओं ने गंगा जल के भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए दुग्ध, बेलपत्र, दही, शहद, भांग धतूरा आदि चढ़ाकर भी भगवान शिव को प्रसन्न किया। नगर के प्रसिद्ध आचार्य पंडित दयानदं शर्मा ने बताया कि वैसे तो शिव जी की पूजा के लिए हर सोमवार ही बहुत शुभ व अच्छा माना जाता है, परंतु सावन के सोमवार को शिव जी की पूजा करने का विशेष महत्तव है। वहीं सावन के चौथे सोमवार को प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस मौजूद रही। सीओ अंजलि कटारिया एवं प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने प्रमुख मंदिरों का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी बीट आरक्षियों द्वारा मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# उत्साह के साथ भोले के भक्तों ने किया जलाभिषेक

## मन्दिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सावन के आखिरी सोमवार को शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने आस्था और उल्लास के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार तथा समाज में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। भारी भीड़ के चलते शिवालयों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। नगर के शिवमंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। विधि-विधान पूर्वक सावन के आखिरी सोमवार पर पूजा अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। हसनपुर के प्राचीन श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर, मां चामुंडा मंदिर समेंत अन्य मंदिरों में शिव भक्तों ने हर-हर महादेव के जयघोष संग जलाभिषेक किया। मंदिरों में शिव भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सतवीर गिरी ने बताया कि सावन के महीने में भगवान जल्द प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिए भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर मन की मुराद मांगते हैं। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर नगर के मंदिरों तथा धार्मिक स्थलों पर पुलिस पिकेट तैनात की गई है।

# भंडारे में प्रसाद वितरण के दौरान युवक को पीटा

## चार युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भंडारे में प्रसाद वितरण के दौरान मामूली कहासुनी में युवक को दौड़ाकर पीटा गया। हमले में वह गंभीर घायल हो गया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मामले में आरोपी चार युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रविवार को हाईवे पर कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ी थी। हजारों की संख्या में शिवभक्त ब्रजघाट से जल भरकर गंतव्य की ओर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी सेवा के लिए जगह-जगह शिविर लगे हुए थे। डिडौली क्षेत्र के गांव सरकड़ी अजीज निवासी अंकित ने भी नारंगपुर चौराहे पर शिविर लगाया था। भंडारे से कांवड़ियों को प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। उसी दौरान अंकित के भाई सचिन की किसी बात को लेकर कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। भक्तिमय माहौल में विवाद को बढ़ते देख सचिन ने युवकों से माफी मांगकर विवाद का पटाक्षेप कर दिया। आरोप है कि देर शाम भंडारा संपन्न होने पर सचिन ट्राली में सामान रख रहा था। आरोप है कि युवकों ने उसे घेरकर मारपीट शुरू कर दी। सड़क पर दौड़ाकर पीटे जाने से सचिन गंभीर घायल हो गया। लोगों की भीड़ जमा होते देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में जोया की सेकेट्री कॉलोनी निवासी नैतिक, समीर, प्रेम व अर्श के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# विधायक ने निकाली 'एक कांवड़ राष्ट्र के नाम'



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मण्डी धनौरा के विधायक राजीव तरारा ने गत वर्षो की भांति तिगरीधाम स्थित पतित पावनी गंगा से जल भरकर 'एक कांवड़ राष्ट्र के नाम' निकाली। कांवड़ यात्रा में भगवान शिव के जयकारे गूंजते रहे। कई स्थानों पर यात्रा का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया।

सावन के चौथे व अंतिम सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये विधायक समेत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थक तिगरी पहुंच गए थे। स्नान व गंगा मैया की पूजा अर्चना के बाद उन्होंने यहां से जल भरा और कांवड़ यात्रा प्रारंभ की। कांवड़ यात्रा में भगवान शिव के धार्मिक ध्वज के साथ साथ भारतीय राष्ट्रीय ध्वज ससम्मान लहराते रहे। यात्रा का तिगरी वासियों ने स्वागत किया गया, यहां के बाद कुमराला में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने विधायक को बुके भेंट किए। कुमराला पुलिस चाकी के पास एसडीएम धनौरा विभा श्रीवास्तव व नगर पालिका के ईओ ललित कुमार आर्य ने कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। आशाराम धर्मकांटे पर आशाराम वैलफेयर सोसाइटी के संस्थापक व भाजपा युवा नेता विचित्र भाटी ने कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। यहां के बाद यात्रा इंदिरा चौक से बस्ती मार्ग होते हुए चाकीखेड़ा मंदिर पर पहुंची। विधायक ने कार्यकर्ताओं सहित चाकेश्वर धाम मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करके देशवासियों के कल्याण की कामना की। पूजा अर्चना के बाद कांवड़ यात्रा समाप्त हुई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस बल मुस्तैद रहा।

# मिल ने किया गन्ना भुगतान, धरना खत्म

## रंग लाई किसानों की एकजुटता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** चार दिन से गन्ना भुगतान को लेकर सड़क से प्रशासन तक अपनी आवाज बुलंद कर रहे भारतीय किसान यूनियन (असली) के कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई। सोमवार को जब धरना स्थल पर किसानों के मोबाइल पर गन्ना भुगतान का मैसेज बजा, तो मानो जीत की खुशी पूरे आंदोलन स्थल पर गूंज उठी। लंबे समय से अटका गन्ना भुगतान मिल प्रशासन ने किसानों के खाते में भेज दिया, जिसके बाद संगठन ने अनिश्चितकालीन धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी।

धरने की शुरुआत किसानों ने गन्ना भुगतान न होने के विरोध में तहसील परिसर में डेरा डालकर की थी। आंदोलन दिन-ब-दिन तेज होता जा रहा था और किसान रेलवे ट्रैक पर उतरने की तैयारी में थे। मगर उससे पहले ही मैसेज की घंटी ने सब कुछ बदल दिया। किसानों के खातों में संपूर्ण भुगतान आते ही चार दिन से जारी आंदोलन का सुखद अंत हुआ। किसान अब खामोश नहीं रहेंगे, हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेंगे। सोमवार को अनिश्चितकालीन धरने के चौथे दिन भूरे सिंह, जन्म सिंह, शाकिर, प्रदीप, राजवीर सिंह, लाखन सिंह, राजेन्द्र सिंह, नन्हे सिंह, प्रदीप कुमार, उधम सिंह, सोमवली, समरपाल सिंह आदि मौजूद रहे। संगठन ने बार एशोसिएशन द्वारा समर्थन दिए जाने पर अधिवक्ताओं का भी आभार जताया।

# बारिश के चलते ढहा गरीब का आशियाना



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में लगातार हुई बारिश पर चलते एक ग्रामीण का मकान ढ़ह गया। मकान के मलबे में दबकर घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया तो वहीं ग्रामीण का छोटा बच्चा भी जख्मी हो गया। मकान ढ़हने से ग्रामीण के समक्ष रहने का संकट पैदा हो गया है। आसपास के ग्रामीणों ने उसे आश्रय दिया है।

जानकारी के अनुसार विकास खंड के गांव फत्तेपुर बटुपुरा में राजू नामक ग्रामीण सपरिवार रहता है। लगातार हुई बारिश के कारण उसका गाटर सिल्ली की छत वाला मकान ढ़ह गया। मकान ढ़हने से मलबे में दबकर ग्रामीण की मोटरसाइकिल, चारपाई, अनाज रखने की टंकी आदि समेत अन्य घरेलू सामान क्षतिग्रस्त हो गया, साथ ही उसके एक छोटे बच्चे को भी चोट लगी। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर राजू के घर पहुंचे और उसके बच्चे का गांव में ही स्थित निजी क्लीनिक से उपचार दिलाया। राजू के मुता. बिक उसे घटना में करीब 1 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं मकान ढ़ह जाने से राजू के परिवार को आसपास के लोगों ने आश्रय दिया है। गरीब राजू ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है ताकि उसे आपदा राहत कोष से मदद मिल सके।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने लिए नमूने



**शाह टाइम्स संवाददात,**

**गजरौला।** रक्षा बंधन पर्व को लेकर प्रदेश भर में मिठाई एवं खाद्य वस्तुओं की दुकानों और दुग्ध डेयरियों पर छापामारी कर सैंपलिंग की जा रही है। सोमवार को अमरोहा जनपद के गजरौला में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देशों के अनुपालन में सहायक आयुक्त (खाद्य) विनय कुमार के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार, राकेश कुमार, मनोज कुमार कलश्यान, कुलदीप कुमार दीक्षित की टीम ने बुध बाजार, स्टेशन रोड स्थित न्यू गढ़वाल पनीर भण्डार पर छापामारी कर पनीर एवं मावा के नमूनें लिए। रेलवे फ्लाईओवर के नीचे स्थित दक्ष डेयरी से पनीर का नमूना लिया। मोहल्ला कविनगर में जूस भण्डार से काजू का नमूना लिया गया। इतना ही नहीं कई दुकानों में निरीक्षण कर साफ सफाई रखने एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ विक्रय करने के निर्देश दिए। वहीं गजरौला में खाद्य विभाग की टीम की भनक लगते ही मिठाई की कई दुकानों के शटर गिर गए। सहायक आयुक्त विनय कुमार ने बताया कि मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, जो दुकानदार अपमिश्रित सामग्री बेच रहे हैं, उनके विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जाएगा, और कार्रवाई की जाएगी।

# चोर समझ युवक को खम्भे से बांधकर पीटा

## पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** चोरी के शक में पकड़े गये युवक को लोगों ने तालि. बानी सजा दी। उन्होंने उसे खम्भे से बांधकर बुरी तरह पीटा। उसके पास से एक चाकू भी बरामद किया गया है।

कस्बे के मोहल्ला नईबस्ती में दोपहर के समय लोगों ने एक अंजान युवक को घूमते हुए देखा। जिस पर कुछ लोगों ने उससे पूछताछ शुरू कर दी। देखते ही देखते लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गयी। जब युवक कुछ नहीं बता पाया तो उसे खम्भे से बांधकर बुरी तरह पीटा गया। तलाशी लेने पर रस्सी व एक चाकू भी बरामद हुआ है। पूछताछ में आरा. पी ने अपने आप को चांदपुर निवासी बताया है। कुछ देर बाद परिवार के लोग तलाश करते हुए यहां पहुंचे। युवक को मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। परिजनों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी तथा युवक का चालान कर दिया।

# युवा बोले, अब धैर्य नहीं बदलाव चाहिए

## तहसील पर प्रदर्शन कर पीएम को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सरकारी नौकरी की राह देख रहे युवाओं का धैर्य अब जवाब दे रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में देरी, अनियमितता और पारदर्शिता की कमी से नाराज दर्जनों अभ्यर्थियों ने सोमवार को तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन एसडीएम कार्यालय को सौंपा।

युवाओं का कहना था कि एसएससी जीडी, सीजीएल, सीएचएसएल, एमटीएस जैसी प्रमुख परीक्षाओं की प्रक्रिया अब वर्षों तक खिंचती जा रही है। परीक्षा की तारीखों की अनिश्चितता, पेपर लीक की घटनाएं, तकनीकी गड़बड़ियां और रद्द होती परीक्षाएं ये सब देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। यह सिर्फ परीक्षा नहीं, हमारे आत्म-सम्मान की लड़ाई है युवाओं ने प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए कहा कि ये समस्या अब केवल नौकरियों तक सीमित नहीं रही, यह युवाओं के आत्मसम्मान, धैर्य और सामाजिक विश्वास से जुड़ चुकी है। उन्होंने सरकार से मांग की है की परीक्षा केंद्र अभ्यर्थियों के नजदीक बनाए जाएं, सुरक्षा और तकनीकी निगरानी की मजबूत व्यवस्था हो।, निश्चित और पारदर्शी समय-सारिणी लागू की जाए। पेपर रद्द होने की स्थिति में तुरंत और निष्पक्ष जांच हो। 9 से 12 माह में परीक्षा से नियुक्ति तक की प्रक्रिया पूरी हो। उत्तरदायी शिकायत निवारण प्रणाली लागू की जाए। परीक्षा आयोजन का जिम्मा विश्वसनीय और अनुभवी एजेंसियों को दिया जाए। तकनीकी समस्याओं के लिए समुचित समाधान तंत्र तैयार हो। अभ्यर्थियों ने कहा कि एक परीक्षा की तैयारी में वर्षों लग जाते हैं लेकिन सरकारें केवल वादे करती हैं, समाधान नहीं। अब देखना ये है कि युवा आवाज सिर्फ ज्ञापन तक सीमित रहेगी या एक नए आंदोलन की दस्तक बन जाएगी।

## बारिश के बीच सड़कों पर निकले ईओ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** आधीरात से हो रही वर्षा के चलते नगर में जल भराव की समस्या से निपटने के लिए पालिका के ईओ डा. बृजेश कुमार ने जलभराव वाले क्षेत्रों व नालों का निरीक्षण किया।

बताते चलें कि बीती रात से नगर में तेज बारिश हो रही थी। जिस कारण सड़कों पर जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए ईओ डा. ब्रजेश कुमार पालिका कर्मियों के साथ पहुंचे। उन्होंने कई स्थानों पर जाकर देखा कि कहीं नाला चौक होने के कारण जलभराव की समस्या तो पैदा नहीं हो रही। कई स्थानों पर उन्होंने कर्मियों को लेकर पानी की निक. ासी सुचारू करायी। जिससे लोगों ने ईओ के कार्यो की प्रशंसा की।

# दरोगा के खिलाफ हो निलम्बन की कार्रवाई

## किसानों ने किया सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दलित समाज को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किये जाने का आरोप लगाते दरोगा को सस्पेंड किये जाने की मांग को लेकर सीओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। सीओ ने जांच कर 2 दिनों के भीतर कार्रवाई करने का आश्वा. सन दिया है।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में सीओ कार्यालय पर धरना देना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रहरा थाने में तैनात दरोगा विपिन तोमर मनमानी करते हुए गांव जेबड़ा गुर्जर में जाटव समाज के लोगों के साथ गाली गलोंच कर उन्हें जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर फर्जी रूप से जेल भेजे जाने की धमकी दे रहे है। उन्होंने कहा कि हल्का दरोगा आये दिन महिलाओं बच्चों आदि के साथ मारपीट कर उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जाटव समाज के लोग दरोगा के आतंक से इतने भयभीत हो चुके हैं कि वह अपने घरों में सो भी नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरोगा विपिन तोमर के खिलाफ एससी एक्ट व बच्चों से मोबाइल छीनने के मामले में चोरी का मुकदमा दर्ज कर उनका तबादला किया जाये। दरोगा के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता इतने उत्तेजित थे कि वह उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर नीचे चिपचिपाहट से लबरेज जमीन पर बैठ गये। सीओ द्वारा जांच कर दो दिनों के भीतर कार्रवाई किये जाने के आश्वासन पर धरने को समाप्त कर दिया गया। इस अवसर पर विजय सैनी, कुलदीप, विपिन सागर, सोनू गुर्जर, अशोक पहलवान, वीर सिंह, कुलदीप, आरती, सीमा, श्याम कली, टिंकू, शिवम गौतम, राजकुमार, आकाश, प्रवेश आदि मौजूद थे।

# ग्राम समाज की जमीन पर दबंगों का कब्जा

## ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गांव फतेहउल्लाहपुर में ग्राम समाज की भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण किए जाने का मामला गरमा गया है। नाराज ग्रामीणों ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को शिकायती पत्र सौंपते हुए गाटा संख्या 181, रकबा 0.0490 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह भूमि राजस्व अभिलेख में खाद के गड्ढे के रूप में दर्ज है, लेकिन गांव के ही कुछ प्रभावशाली लोग इस पर जबरन निर्माण करा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दबंगों को प्रशासन या कानून का कोई खौफ नहीं है, वे खुलेआम सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने डीएम से मांग की है कि मौके की जांच करा निर्माण तुरंत रुकवाया जाए और ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। डीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसील प्रशासन को निर्देश दिए है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। मामला अब ग्रामीणों की आस्था और कानून व्यवस्था दोनों की परीक्षा बन गया है।

# हर नागरिक के मन में हो देशप्रेम की भावना जागृत

## हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों आदि में तिरंगा फहराते हुए कीर्तिमान स्थापित किया जाना है। उन्होंने कहा कि लोगों के मन में देशप्रेम के प्रति भावना जागृत हो इसी के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने झंडों की उपलब्धता सुनिश्चित् करने हेतु संबंधित विभागवार को निर्देश दिये। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में आठ अगस्त को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने सुनिश्चित् करें। जबकि डीआईओएस एवं बीएसए को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों में 2500 से 3 हजार तिरंगा राखियां बनायी जायें।

# बारिश के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल रखने में प्रयासरत विद्युतकर्मी: शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि बारिश और बाढ़ की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद विद्युतकर्मी निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए निरंतर प्रयासरत है, हालांकि उनके इस काज में मदद करने के लिए लोगों को संयम बनाये रखने की जरूरत है।

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश की वजह से विद्युत आपूर्ति में कई जिलों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। कई जिलों में पेड़ गिरने से तार टूटने और बाढ़ के पानी में ट्रांसफार्मर के डूबने की खबरें आ रही हैं।



इन परिस्थितियों को देखते हुए ऊर्जा मंत्री अने अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है और लोगों से भी संयम बरतने की अपील की है। श्री शर्मा ने सोमवार को कहा कि अतिवृष्टि एवं बाढ़ के कारण पानी भरने से राज्य में अनेक उपकेंद्रों और फीडरों पर विद्युत व्यवस्था बाधित हुई है। इसके साथ ही विद्युत प्रवाह के कारण दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि पेड़ हो या पानी( गांव हो या शहर( हर जगह हमारे विद्युत कर्मी आपकी सेवा में लगे हैं। मैंने यूपीपीसीएल एवं संबंधित सभी डिस्कॉम के एमडी से बात करके आपूर्ति हेतु सजग रहने और विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए पुन: कहा है।इस दौरान आपका संयम एवं सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारी बरसात एवं बाढ़ की परिस्थिति के कारण अनेक स्थानों पर बिजली की अवसंरचना प्रभावित हुई है। विशेष रूप से बांदा, झांसी, मिर्जापुर, वाराणसी, प्रयागराज और आगरा में कई जगह पानी भरने से विद्युत उपकेंद्र और फीडर बंद करने पड़े हैं। शर्मा ने कहा कि ऐसे में विद्युत आपूर्ति करना संभव या सुरक्षित नहीं होता। आपका सहयोग प्रार्थनीय है। विद्युत कर्मी दिन-रात आपकी सेवा में लगे हैं। पूरा प्रयास है कि जल्दी से जल्दी विद्युत आपूर्ति पूर्ववत कर दी जाए।

## सोनभद्र के परेवानाला में दो युवकों के शव बरामद

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के जुगैल थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह परेवानाला में बाइक सहित पानी के तेज धारा में बहे दो युवकों के शव बरामद कर लिए गये हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से पहाड़ी नालों में तेज धारा से पानी बह रहा है। रविवार को दो युवक बाइक पर सवार होकर ग्राम पंचायत भरहरी टोला से गुजर रहे थे। दोनों युवक जैसे ही परेवानाले में बने पुलिया को पार कर रहे थे कि तभी पानी के तेज बहाव में बाइक सहित बह गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन शव बरामद नहीं हो पाया। घटना के 17 घंटे बाद पुलिस व एनडीआरएफ की टीमों ने मिलकर दोनों शव को सोमवार की सुबह बरामद कर लिया हैं।

# लखनऊ में 10 प्रमुख स्थलों का होगा विकास: जयवीर सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यटन विकास की 10 योजनाओं के लिए नौ करोड़ रुपए की धनराशि अनुमोदित की है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार पर्यटन को आर्थिक विकास का सशक्त माध्यम मानते हुए विकास कार्यों पर बल दे रही है। लखनऊ के प्राचीन मंदिर, ऐतिहासिक स्थल और गोमती नदी के तट हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं।

इन स्थलों का सौंदर्यीकरण और सुविधाओं का विस्तार पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने बताया कि लखनऊ में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं। इनमें काकोरी स्थित शीतला माता मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए, चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए, करहेटा अम्बेडकर नगर वार्ड स्थित प्राचीन शिव मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए, ग्रामसभा अमलौली में मां कालिका देवी मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए, सुखमदत्तनगर के अठनारू ग्राम स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 01 करोड़ रुपए, श्री महादेव जलसाई नाथ जी प्राचीन मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए, श्री



ज्वाला मां मंदिर, बरिगवां के लिए 50 लाख रुपए, संझिया घाट गोमती नदी तट के पर्यटन विकास के लिए 01 करोड़ रुपए, श्री रामजानकी मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए और घटघटा बाबा देवस्थान ग्राम साले. हनगर के लिए 50 लाख रुपए धनराशि अनुमोदित की गई है। मंत्री ने कहा कि पर्यटन विकास से न केवल स्थानीय लोगों की धार्मिक आस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि इस क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में भी बघेतरी होगी। पर्यटन विभाग के इस तरह के प्रयासों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

## बाढ़, अतिवृष्टि से बेघर लोगों के लिए आवास का पैसा उनके खाते में हो ट्रांसफर: प्रधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बाढ़, अतिवृष्टि व आगजनी से बेघर हुए लोगों को आवास उपलब्ध कराने को लेकर ग्राम प्रधान संगठन उप्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर आवास का पैसा पीध्तिों के खाते में ट्रांसफर कराने की मांग की है।

जिससे पीड़ित तत्काल घर बनाकर उसमें रह सके। ग्राम प्रधान संगठन उप्र के अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा है कि व्यक्ति अमीर हो गरीब सभी को एक घर की आवश्यकता होती है। ऐसे में किसी का भी छ्प्पर बढ़, अतिवृष्टि व आगजनी के चलते नष्ट हो जाता है तो वह बेघर हो जाता है। वही ऐसे पीध्तिों को आवास के लिए मिलने वाली सरकारी मदद की प्रक्रिया में लंबा समय लग जाता है। मसलन विगत वर्षों के दौरान पीध्ति लोगों को सरकारी मदद तो मिली पर, आवास अब भी नही मिले हैं। ऐसे बिना आवास के रह रहे लोग मजबूरन कर्ज लेकर घर बना लेते हैं। क्योंकि कोई भी परिवार लंबे समय तक खुले आसमान में रह नही सकता है। अध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा है कि इस तरह की परिस्थिति में पीध्तिों को प्रधानमंत्री आवास योजना या फिर मुख्यमंत्री आवास योजना से तत्काल घर मिलना चाहिए।

# बारिश के चलते स्कूल बंद, मौसम विभाग ने भारी बारिश की जताई सम्भावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश के चलते सोमवार को जिले के सभी बोर्ड स्कूलों में 1 से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए छुट्टी घोषित कर दी गई है।

इस बावत जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश पांडेय ने आदेश जारी कर निर्देश दिए हैं कि जो छात्र स्कूल के लिए रवाना हो गए थे, उन्हें वापस बुला लिया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक का आदेश देर से आने के कारण कई बच्चे पहले ही स्कूलों के लिए निकल चुके थे। जिसके चलते बच्चों संग अभिभावकों को दिक्कतें उठानी पधी। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसूनी ट्रफ लाइन अभी भी प्रदेश के तराई इलाकों में प्रभावी है, जिससे भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रयागराज, जौनपुर, प्रतापगढ़, चित्रकूट, महोबा, बांदा, कौशाम्बी, हमीरपुर, फतेहपुर, जालौन, राय बरेली, अमेठी, कानपुर नगर, झांसी, इटावा, आगरा, फ़िरोज़ाबाद, मैनपुरी, इटाह, हाथरस, मथुरा, कासगंज, सुल्तानपुर, आंबेडकर नगर, अयोध्या, बस्ती, कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, लखनऊ, बारा. बंकी, कन्नौज, हरदोई, फर्रुखाबाद, सीतापुर, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, अलीगढ़, बदायूं, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, संभल, हापुड़, अमरोहा, गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर में मेघगर्जन / आकाशीय बिजली / अचानक तेज हवा (30-40 किमी/प्रति घण्टे) के साथ मध्यम से तेज वर्षा की संभावना है। वहीं मिर्जापुर, चंदौली, प्रयागराज, संत रवि दास नगर, वाराणसी, ग़ाज़ीपुर, जौनपुर, बलिया, चित्रकूट, महोबा, बांदा, कौशाम्बी, हमीरपुर, फ़तेहपुर, जालौन, झांसी, इटावा, आगरा, फ़िरोज़ाबाद, मथुरा, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, आंबेडकर नगर, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, औरैया, बहराइच, गोंडा, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, में मेघगर्जन / आकाशीय बिजली के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है।

## एक नजर

### श्री काशी विश्वनाथ धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़, घाटों पर बैरिकेडिंग

**वाराणसी।** सावन माह के अंतिम सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगला आरती के बाद भक्तों के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए। बाबा के जलाभिषेक और दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। अधिकारियों ने कतार में खड़े भक्तों पर पुष्प वर्षा की। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कांवड़ मार्ग और श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को जलमग्न घाट क्षेत्रों में प्रवेश से रोकने के लिए बैरिकेडिग की गई है और चेतावनी संदेश बोर्ड लगाए गए हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील घाटों और मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। घाटों पर लाउडस्पीकर और मोबाइल पुलिस यूनिट्स के माध्यम से श्रद्धालुओं को जलमग्न क्षेत्रों से दूर रहने, सावधानी बरतने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की घोषणाएं की जा रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कांवड़ मार्ग पर दिशा-निर्देशक बोर्ड लगाए गए हैं। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

### बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित, मंत्रियों ने परोसा भोजन

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में सोमवार को यमुना की भीषण बाढ़ से प्रभावित पीड़ितों को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने राहत सामग्री वितरित की। मंत्रियों ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्वयं अपने हाथों से पीड़ितों को भोजन परोसा। राहत सामग्री में सूखा राशन, चावल, दाल, नमक, बिस्किट, तिरपाल, बाल्टी, पशुओं के लिए चारा आदि आवश्यक वस्तुएं वितरित की गईं। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा, ह्यप्रदेश सरकार का लक्ष्य केवल राहत देना नहीं, बल्कि हर पीड़ित के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौटाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हम सभी आपके साथ हैं। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे, यह सरकार की प्राथमिकता है। प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

### प्रधान प्रतिनिधि के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के वाल्टरगंज क्षेत्र के मुड़वरा गांव के प्रधान प्रतिनिधि के विरूद्व एक महिला ने आवास दिलाने के नाम पर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि मुड़वरा गांव निवासी एक महिला ने तहरीर देकर कहा है कि प्रधान प्रतिनिधि राजन से उसने आवास दिलाने की गुहार लगाई थी। राजन ने आवास दिलाने का आश्वासन देकर दुष्कर्म किया और विरोध करने पर बोला कि आवास भी दिलायेगे और शादी भी करेंगे। कुछ दिन बीत जाने के बाद राजन ने उसे मुम्बई भेज दिया और कहा कि वह भी एक दो दिन में मुबंई आ जाएगा। कई दिन बीतने पर जब आरोपी मुम्बई नहीं पहुंचा तो वह वापस चली आयी और उससे बात की तो वह अपनी बातों से मुखर गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजन के विरूद्व दुष्कर्म का मुक. दमा दर्ज कर लिया है। घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**कौशांबी।** कौशांबी जिले में सोमवार को तीसरे दिन भी रुक-रुक कर हो रही वर्षा से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले में आवागमन बाधित हुआ है जबकि विद्यालयों में छात्र संख्या कम होने से पठन-पाठन प्रभावित हुआ है। खरीफ की फसलों के नष्ट होने की संभावना से किसान चिंतित हैं। जिले में पिछले 3 दिन से लगातार वर्षा हो रही है। जगह-जगह पानी भर गया है बरसाती नदी और नाला उफान पर है, जिसके चलते यातायात प्रभावित हो गया है। लगातार वर्षा होने से लोग आवश्यक वस्तुओं के खरीदारी बाजार से नहीं कर पा रहे हैं। स्कूल-कॉलेज में पठन-पाठन प्रभावित हो गया है। वहां से ही विद्यार्थी कम संख्या में विद्यालय पहुंचसकेहै। अधिकांश विद्यालयों के परिसर में जल भराव की स्थिति है। बरसाती नदी किलनहाई, ससुर खदेरी नदी के अलावा नाले उफान में है।

### कौशांबी में संविदा कर्मी ने लगाई फांसी

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के मंझनपुर क्षेत्र में मंझनपुर रजिस्ट्री ऑफिस में कार्यरत संविदा कर्मी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार भदोही निवासी विपिन उर्फ गुड्डू मंझनपुर रजिस्ट्री ऑफिस में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत था और चक नगर निवासी मुन्ना गुप्ता के घर में किराया का कमरा लेकर रहता था। रविवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि संविदा कर्मीने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस आत्महत्या के कारण की जांच कर रही है।

# स्मार्ट सिटी के नाम पर भाजपा ने बजट का बंदरबांट किया: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार में लूट और भ्रष्टाचार को चरम पर बताते हुए कहा है कि इस सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी है। भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर बजट का जमकर बंदरबांट किया है।



उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ समेत भाजपा सरकार द्वारा घोषित स्मार्ट शहरों में जगह-जगह गड्ढे में जलभराव होने से लोगों का जनजीवन खतरे में है।

नालों में गिर कर लोगों की मौतें हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 20 हजार करोड़ खर्च करने के बाद प्रयागवासियों को जलभराव की समस्या झेलना पध रहा है। सपा प्रमुख ने कहा कि स्मार्ट सिटी की संकल्पना पर पानी फेरने वाले भाजपाई अपनी नाव लेकर कहां गायब हो गये है? प्रदेश के कई जिलों में बाघ की विस्फोटक स्थिति है। प्रयागराज से लेकर वाराणसी तक हजारों लोगों के घरों में पानी भरा है। बाढ़ से निपटने और बचाव तथा राहत के लिए सरकार की पहले से कोई तैयारी नहीं है। भाजपा सरकार के इंजन जनहित में कार्य करने के बजाय अपने-अपने स्वार्थ साधने में लगे है।

श्री यादव ने कहा कि प्रदेश के दर्जनों जिले प्रयागराज, मिर्जापुर, बांदा, हमीरपुर, जालौन, औरैया, वाराणसी, आगरा, इटावा, फतेहपुर, कानपुर देहात, बलिया नदियों का जलस्तर बध्ने और बारिश से बाघ की चपेट में है। लाखों की आबादी प्रभावित है। किसानों की फसलें डूब कर नष्ट हो गई। बाघ से आमजन, पशुधन प्रभावित है। सरकार की लापरवाही और अकर्मण्यता के कारण पीध्तिों को कोई मदद नहीं मिली। सरकार ने आम जनता को उसके हाल पर छोड़दिया है।

## कुल्हाड़ी गिरने से हुई वृद्ध की मौत

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के महुली थाना क्षेत्र में एक बुर्जुअंग की रहस्यमय परिस्थितियों में कुल्हाड़ी गिर जाने से मौत हो गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि नगर पंचायत हरिहरपुर के मुहल्ला जगदीशपुर गौरा निवासी 65 वर्षीय रामधनी गोंड की पत्नी मालती देवी ने बताया कि उनके पति कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। शरीर में कमजोरी थी। रविवार शाम जब वह घर पहुंचे तो कमरे की रैक पर रखी कुल्हाड़ी उतार रहे थे। इसी दौरान उनका शारीरिक संतुलन बिगड़ गया और कुल्हाड़ी उनके ऊपर गिर गई। गंभीर रूप से घायल रामधनी को जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सीओ पाण्डेय ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही सीओ वह स्वयं और इंस्पेक्टर महुली रजनीश राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बहराइच में बुजुर्ग की नाले में डूबने से मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के सुजौली क्षेत्र में सोमवार को एक बुजुर्ग की नाले में डूब कर मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि रमपुरवा ग्राम पंचायत के कुटिया गांव निवासी ब्रम्हजीत (57) सुबह करीब 10 बजे अपने खेत देखने निकले थे। खेत के पास कच्चे रास्ते पर उनका पैर फिसला, जिससे वह नाले में गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों ने जब दोपहर तक उन्हें घर नहीं लौटते देखा, तो उन्होंने खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान उनका शव सड़क के किनारे नाले में पड़ा मिला। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। शव का पोस्टमॉर्टम कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है योगी सरकार: स्वतंत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के जल शक्ति, बाढ़ नियंत्रण और खनिज मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने यह बात औरैया के बाढ़ प्रभावित गांव क्योटरा में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करते हुए कही। आधिकारिक सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि सरकार युद्ध स्तर पर बाढ़ पीड़ितों तक मदद पहुंचा रही है।

उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे बीमारियों से बचने के लिए पानी उबालकर पिएं और किसी भी स्वास्थ्य समस्या के लिए गांव में मौजूद मेडिकल टीम से संपर्क करें। इस मौके पर राज्य मंत्री (महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार) प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि सरकार हर सुख-दुख में जनता के साथ है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ितों को मुफ्त राहत सामग्री और भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करें और पीड़ितों को जयादा से ज्ड़ादा राहत पहुंचाएं। बाद में जलशक्तिमंत्री ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ राहत कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ का पानी कम होने के बाद फसल और घरों को हुए नुकसान का जल्द से जल्द आकलन करके सरकार को रिपोर्ट भेजी जाए ताकि पीड़ितों को नियमानुसार मुआवजा दिया जा सके। इससे पहले श्री सिंह और प्रभारी मंत्री ने गेल परिसर में वृक्षारोपण किया और गांव क्योटरा में 100 से अधिक बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री किट बांटी। जिलाधिकारी डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि जिला प्रशासन लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के उपचार के लिए गांवों में डॉक्टरों की टीमें तैनात की गई हैं, और उनके रहने के लिए तिरपाल के आश्रय बनाए गए हैं। साथ ही, पशुओं के लिए भी चारे और स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, अपर जिलाधिकारी (वि-/रा-) अविनाश चंद्र मौर्य, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) बिधूना अमित त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गोरखपुर में नदी में डूबने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के बेलघाट थाना क्षेत्र के जितवापुर के समीप स्थित सरयू नदी में डूबने से आज एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि देवरिया जिले के रूद्रपुर थाना के कोरवा गांव निवासी मोहित मौर्य आज सुबह नदी में नहाने के लिए गया था। इस दौरान गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगा। स्थाानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकालकर उपचार के लिए बेलघाट सामुदायिक केन्द्र पर ले गई जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक गोरखपुर में रहकर बिजली मोटर लगाने का काम करता था।

# शिव मंदिरों पर हुआ जलाभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** जौनपुर जिले में देवाधिदेव त्रिपुरारी शंकर की नगरी त्रिलोचन महादेव मंदिर पर श्रावण मास के चौथे और अंतिम सोमवार के दिन शिवभक्तों ने भोर से ही लाइनों में लगकर जयकारा लगाते हुए जलाभिषेक किया।

हर-हर महादेव ओम नम: शिवाय के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। लाखों शिवभक्तों ने बेर, धतूरा, कनेर, मदार, दूध, ऋतु, पुष्प तथा धूप दीप के साथ पूजन अर्चन किया। इस ऐतिहासिक मेले में महिलाओं ने खाने-पीने के सामानों सहित घरेलू सामानों तथा चूड़ियों की जमकर खरीदारी करती हुई देखी गई। वहीं बच्चों ने गुब्बारों, खिलौनों के साथ-साथ झूले का भी आनंद उठाया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर इस ऐतिहा. सिक मेले को 16 प्वाइंटों में विभक्त किया गया था और हर प्वाइंट पर भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

इसके अलावा चार सीसी कैमरे मंदिर परिसर की सारी गति. विधियों की निगरानी में लगे हुए थे। इसके अतिरिक्त कई थानों की फोर्स के साथ-साथ मजिस्ट्रेट तथा पर्याप्त मात्रा में महिला कांस्टेबल की तैनाती की गई थी। मेले में एसडीएम केराकत सुनील कुमार, क्षेत्राधिकारी तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल तथा पुलिस इंस्पेक्टर त्रिवेणी सिंह अपने हमराहियों के साथ बराबर मेले का चक्रमण करते रहे। मेले की व्यवस्था में मंदिर के महंत मुरलीधर गिरि, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुराग वर्मा लगे हुए थे। इसके साथ ही जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिर दियावां नाथ महादेव, गौरी शंकर मंदिर सुजानगंज ,साईं नाथ मंदिर शंभूगंज के साथ ही पातालनाथ महादेव , गोमतेश्वर महादेव केराकत , करशूल नाथ महादेव सहित अन्य शिवालयों में आज भोर से ही शिवभक्तों का तांता लगा है , बोलबम , हर- हर महादेव , जय बाबा भोलेनाथ के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज रहा है ।कांवरियों की भीघ को देखते जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है।

# साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 5 आरोपी गिरफ्तार

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले का एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि साइबर थाना टीम ने पेन्डिग विवेचना और थाना जांच प्रार्थना पत्रों के क्रम में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए साइबर फॉड करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इकलासपुरा चौराहा चुर्खी बाईपास रोड पर वाहन के इंतजार में खड़े पांच युवकों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से दो लैपटॉप, दो चार्जर, दस मोबाइल फोन, सात डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नौ सिम कार्ड और 6,500 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अभियुक्त विभिन्न ऑनलाइन जॉब वेबसाइटों से नौकरी खोजने वाले अभ्यर्थियों का डाटा खरीदते थे। इसके बाद वे फर्जी सिम का इस्तेमाल कर मेल, मैसेज और कॉल के जरिए अभ्यर्थियों से संपर्क करते और उन्हें रजिस्ट्रेशन, मेडिकल, यूनिफॉर्म व ट्रेनिग के नाम पर ठगते थे। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए मोबाइल और सिम कार्ड की जानकारी एनसीआरपी पोर्टल पर अपलोड की गई, जिसमें इनसे जुड़े करीब 50 ऑनलाइन साइबर अपराध की शिकायतें विभिन्न राज्योंझारखंड, मध्य प्रदेश, केरल, मणिपुर, हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में दर्ज पाई गईं।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान धीरज सिंह (सैड़वा, गजनेर, कानपुर देहात), सुमित सिंह (परौख, मंगलपुर, कानपुर देहात), उदय प्रताप सिंह (बघौरा नियामतपुर, सिरसाकलार, जालौन), अमरजीत सिंह (हैदलपुरा, माधौगढ़, जालौन) और दीपक सिंह (मिहौनी, माधौगढ़, जालौन) के रूप में हुई है।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. : 106-Sig-Tender-16-2025-26 | |
| कार्य का नाम: सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद सी. टी. आर. / टी. टी. आर. वर्क इन दा सेक्शन ऑफ ए. डी. एस. टी. ई. / आर. बी. एल. ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थर्न रेलवे। | |
| अनुमानित लागत : रु. 45,64,978.18 | |
| निविदा प्रपत्र की कीमत : निल | |
| धरोहर राशि : रु. 91,300.00 | |
| कार्य पूरा करने की अवधि : 365 दिन | |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 25.08.2025. 15:30 बजे तक | |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है : वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ | |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।
सं.: 106-सिग-टेन्डर-16/2025-26 दिनांक: 31.07.2025 2363/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बिल्सी में दो बच्चों की पानी में डूबकर हुई मौत

**बिल्सी के वैन गांव में हुआ हादसा, तीसरे की हालत बिगड़ी,पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भेजा, पुलिस जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव वैन में खेत में बने पानी के गड्ढे में डूब कर दो बच्चों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे की हालत गंभीर है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शव का पंचनामा भर पीएम को भेजे है। साथ ही घटना की जांच में पुलिस जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक गांव वैन से सिध्दपुर गांव को जाने वाले मार्ग के किनारे एक खेत में बने गड्ढे में बरसात के पानी से लवालव भर गया। जिसमें सोमवार



की दोपहर के गांव निवासी वेदप्रकाश के छोटा पुत्र भुवनेश नौ वर्ष और बड़ा पुत्र नवनीत 14 वर्ष और गांव के ही पप्पू का 10 वर्षीय पुत्र अमर गड्ढे के भरे पानी में नहा रहे थे। जैसे ही बच्चे पानी में डूबने लगे, तभी चीख पुकार सुनकर खेत पर काम कर रहे लोग दौड़ पड़े और उन्होंने तीनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला और तुरंत बिल्सी सरकारी अस्पताल लेकर पहुंच गए। यहां डॉक्टरों ने परीक्षण करने के बाद दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया जबकि तीसरे बच्चे का इलाज चल रहा है। जिसकी हालत ठीक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंच गई। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। बताते है कि मृतक के पिता वेदप्रकाश घोड़ा तांगा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है।

# ब्लूमिंग डेल स्कूल में सीबीएससी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ब्लूमिंग डेल स्कूल दातागंज में सीबीएससी के निर्देशानुसार बौद्धिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे ब्लूमिंग डेल स्कूल के 48 शिक्षक-शिक्षिकाओं के अतिरिक्त जिले के अन्य कई सीबीएससी स्कूलों ने 12 रिक्त पदों के लिए भाग लिया। वृक्षारोपण के साथ विद्यालय के मीटिंग हाल में लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर हुए कार्यक्रम की शुरुआत जनपद रामपुर आयीं डॉ रितुपर्णा सेनगुप्ता एवं डॉ अतीबा कमर ने माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर की। स्कूली छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत कर माता ज्ञानदायनी का आहवाहन किया। वेन्यू डायरेक्टर प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य तथा शैक्षिक अधिकारी दुर्गेश झा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथिओं का स्वागत किया। कार्यक्रम की संचालक अध्यापिका ऋचा सिंह एवं शिल्पी चटवाल ने संयुक्त रूप से सभी का परिचय कराया। विभाग प्रमुख कीर्ति शर्मा एवं मीनाक्षी यादव ने



प्रधानाचार्य को सम्मानित किया। स्वागत सम्मान के बाद प्रश्नोत्तरी के माध्यम से शुरू हुए प्रशिक्षण में प्रशिक्षिका डॉ रितुपर्णा सेनगुप्ता एवं डॉ अतीबा कमर ने अलग-अलग विषयों से सम्बंधित प्रश्नों पर विचार-विमर्श करके लिंगात्मक भेदभाव को समाप्त करने पर जोर दिया।

वेन्यू डायरेक्टर प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य ने प्रशिक्षण को लेकर कहा कि विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रमों से शिक्षक-शिक्षिकाओं को बहुत कुछ सीखने को मिलता है साथ ही उनके अन्दर आत्मविश्वास की भावना पैदा होती है। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यक्षा पम्मी मेहंदीरत्ता, निदेशक ज्योति मेहंदीरत्ता, मुख्य व्यवस्थापक ईशान मेहंदीरत्ता, स्वेता मेहंदीरत्ता ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का दिल से आभार व्यक्त किया।

# ईओ रवि यादव ने सुनीं फरियादियों की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगरवासियों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से शासन ने संभव कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई की व्यवस्था की है। सोमवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि यादव ने जनसुनवाई के तहत फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान डोली पत्नि संजीव गुप्ता अपनी राशन कार्ड से संबंधित शिकायत लेकर आई। मनोज पुत्र जमुना प्रसाद अपने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया। जिसका अधिशासी अधिकारी ने संबंधित को तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान मशकूर खान, महेश शर्मा, राजीव कुमार, जितेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एक ही गांव के दो किसानों को सांप ने डसा

**दोनों किसानों को खेत में काम करते समय सांप ने डस लिया ,हालत बिगड़ने पर बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया, इलाज जारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सोमवार को बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव मुडिया धुरेकी मे खेत मे काम करते समय दो किसानो को सांप ने डसा हालत बिगड़ने पर बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया हम आपको बता दें कि भूरे अली पुत्र शब्बीर अली व आसिफ अहमद पुत्र तौकिर अहमद निवासी ग्राम मुडिया धुरेकी हर दिन की भांति आज भी अपने खेतों में काम करने के लिए गए थे वहां पहुंचने के बाद अलग-अलग जगह पर दोनों लोगों को सांप ने डस लिया तभी बड़ा आवास स्थिति में





पहुंचे दोनों लोगों ने अपने घर परिवार वालों को बताया कि किसी विषैला सांप ने डस लिया है तभी परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए बिसौलि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया जहां उपस्थित चीफ फार्मासिस्ट धीरेंद्र नाथ मिश्रा ने सरकार द्वारा मुहैया कराई गई सांप काटे की वैक्सीन एंटीवीनम लगाकर दोनों पीड़ितों का उपचार किया गया बताया जा रहा है कि दोनों ही मरीज अब स्वस्थ अवस्था में हैं वही डॉक्टर धीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बरसात के मौसम के चलते सांप कीड़ों का निकालने को लेकर एवं जनमानस को हानि पहुंचाने के दृष्टि से सांप काटे की वैक्सीन लगभग सभी सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध कराई गई है जिससे सांप काटे व्यक्ति को सही वक्त पर उपचार मिल सके और डॉक्टर धीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि पिछले काफी दिनों से सांप काटे व्यक्तियों को उपचार के माध्यम से बचाए जा चुका है और सभी क्षेत्रवासियों से अपील की गई अगर ऐसा कोई मामला सामने आता है तो जल्द से जल्द सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आकर उपचार करायें किसी के यहां किसी बहकावे में न आयें।

# सावन मास के अंतिम सोमवार को उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते सोमवार को सावन महीने के अंतिम सोमवार को भी कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

इस अवसर पर क्षेत्रीय गांव मोहकमपुर , दबथरा , हरद. ासपुर , मलखानपुर , रतनपुर , सेंडोला , सीकरी , मन्नू नगर , भोजपुर , मानपुर ,राजटिकौली आदि गांव के श्रद्धालुओं ने कांवड़ में गंगा. जल भरकर स्थानीय दीक्षित आश्रम , सिद्ध बाबा पुल वाले महाराज मंदिर पर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर गांव से लेकर शहरी क्षेत्रों में मंदिरों व शिवालयों में गंगाजल व प्रसाद चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही।

# राधा रानी प्रेम सेवा समिति का मित्रता दिवस पर भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** आदि शक्ति काली माता शिव मंदिर बंजरिया के परिसर में राधा रानी प्रेम सेवा समिति द्वारा मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां काली की आरती से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद सभी के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, जहां भक्तों ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। समिति द्वारा किए गए इस आयोजन की सराहना करते हुए लोगों ने सेवा भाव की प्रशंसा की।

आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों ने समर्पण भाव से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को मित्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। सभी ने सामा. जिक समरसता का संदेश दिया।

इस मौके पर वीरेंद्र यादव, जेई मनोज यादव, मुकेश शंखधार, अमित अग्रवाल, सोनू, सतीश भैया, पुरन प्रकाश (टिंकू), अक्षय, गुड्डू शर्मा, डॉ. अजीत, विशाल यादव, श्याम गॉड, डॉ. सुमित, राजीव सिंह, डा. प्रमोद यादव सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दो अज्ञात ने घर में घुसकर महिला पर किया चाकू से जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के बिसौली कस्बा नगर के मोहल्ला सोमवार बाजार निवासी बबलू ने पुलिस को बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे उनके घर में दो अज्ञात लोग घुस आए हमलाव. रों ने उनकी पत्नी नाजिया पर चाकू से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गई। चीख पुकार होने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। हमलावरों ने नाजिया की गर्दन पर चाकू से वार किया। इसके बाद हमलावर छत से कूदकर मौके से भाग निकले। परि.



जनों ने गंभीर रूप से घायल नाजिया को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर घटना की जाँच पड़ताल में जुटी।

# त्यौहारों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए नमूने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

बदायूं। आगामी रक्षाबन्धन त्यौहार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान के तहत सोमवार को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के कुल 08 खाद्य पदार्थो के नमूने जाँच हेतु संग्रहित किए गए एंव आरिफपुर नवादा बदायूँ पर एफएसडब्लू द्वारा 18 खाद्य पदार्थों के नमूने मौके पर ही चेक किये गये।

संग्रहित किए गए एक नमूना को जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय सीएल यादव ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देश पर उनके व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गोपाल जी स्वीट्स एण्ड कन्फैक्शनरी वजी. रगंज बदायूँ के प्रतिष्ठान से लौंज का नमूना, बालाजी स्वीट्स वजीरगंज बदायूँ के प्रतिष्ठान से पनीर का नमूना, सिंह रेस्टोरेन्ट एण्ड स्वीट्स हाउस कुँवरगाँव, बदायूँ के प्रतिष्ठान से खोया का नमूना, मेसर्स आजाद ट्रेडर्स कुँवरगॉव बदायूँ के प्रतिष्ठान से सोन पापड़ी का नमूना, चौधरी स्वीट्स नवादा चौराहा बदायूँ के प्रतिष्ठान से बर्फी का नमूना, पुरानी चुंगी टिकटगंज बदायूँ स्थित रूप किशोर के प्रतिष्ठान से सरसों तेल का नमूना, प्रोफेसर कालोनी नगर पालिका बदायूँ स्थित शुभम माथुर के प्रतिष्ठान से साबूदाना का नमूना, भागीरथ स्वीट्स काली सड़क नगर पालिका बदायूँ के प्रतिष्ठान से बर्फी का नमूना।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, दुकानों में साफ- सफाई रखने, शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थों को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नहीं संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय सीएल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण प्रमोद कुमार, खुशीराम, प्रिया त्रिपाठी एवं करन सिंह मौजूद रहे।

# आवारा गोवंश से टकराया बाइक सवार, हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** रविवार को स्थानीय विकास खंड क्षेत्र में आसफपुर से कलरावाला लिंक मार्ग पर अचानक एक मोटर साइकिल सवार जंगली गाय से टकरा गया जिससे मोटर साइकिल सवार बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी व उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह , हेड कांस्टेबल प्यारे लाल , अंशुल कुमार ने घायल युवक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों की टीम ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। यह वाकिया देर रात रविवार का बताया जा रहा है।

घायल मोटर साइकिल चालक रामपुर जनपद के थाना शाहाबाद क्षेत्र का इरफान नामक युवक बताया जा रहा है। यह जानकारी स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी ने दी।

# सत्संग प्रेमियों ने भोले के भक्तों को चखाया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध भोलेनाथ मंदिर जो कि वजीरगंज सैदपुर मार्ग पर स्थित है। आज सुबह से ही भक्तों की भीड़ दिखाई दी। जबकि बारिश भी अपने पूरे चरम पर थी लेकिन इसके बावजूद भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। इस अवसर पर वजीरगंज के सत्संग प्रेमियों ने चना हलवा के प्रसाद का वितरण भोले के भक्तों के लिए किया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने भी भक्तों को प्रसाद वितरण किया एवं फूलों की वर्षा भी की। कार्यक्रम के आयोजक लेखपाल शर्मा प्रभु जी राजेश कुमार सक्सेना, कुलदीप सिंह ,काका विवेक कुमार, महेंद्र शर्मा ,डॉक्टर सतीश सिंह ,डॉक्टर श्रीपाल सिंह ,नरेश यादव, कृष्ण कुमार राजपूत, देव शर्मा ,कुशल शर्मा, सत्यदेव, रश्मि शर्मा, शीलेन्द्र सिंह कठेरिया, ऋतिक ,अनामिका, विराट आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर पुलिस व्यवस्था में तैनात महिला कांस्टेबल एवं पुरुष कांस्टेबल भी भोले के भक्तों की सेवा में तत्पर दिखाई दिए।

# आश्रम में दूसरे दिन किया गया वेदी पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव बांस बरोलिया में ऋषि आश्रम के ब्रह्मलीन महंत उमाशंकर शास्त्री जी की प्राण प्रतिष्ठा का अनावरण का कार्यक्रम पंडित दीपक आनंद महाराज मध्य प्रदेश शिवपुरी द्वारा पूर्ण विधि विधान द्वारा रविवार से गुरु माता एवं आश्रम के अध्यक्ष वेदव्यास शर्मा के सानिध्य में आरंभ हो चुका है। यहां द्वितीय दिन वेदी पूजन किया गया। जिसमें आसपास के कई लोगों ने भाग लिया। बताते है कि कार्यक्रम के अंतिम दिन सात अगस्त को यहां उनकी प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से की जाएगी। अंतिम दिन आश्रम पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर यहां तैयारियां चल रही है। इस मौके पर वेदव्यास शर्मा, अंकुश पंडित संपूर्ण नंद महाराज, ममता शाक्य, भास्कर कुमार, सत्येंद्र झा, ओमवीर झा, हरिओम, सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नालसा संचालित मध्यस्थता अभियान में कराएं अपने वादों का निस्तारण: एडीजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान में सम्पूर्ण राष्ट में दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत न्यायालयों में लम्बित विभिन्न प्रकार के वादों यथा वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चौक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, अन्य उपयुक्त दीवानी मामले आदि को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित होने योग्य मामलों का निस्तारण कराने हेतु अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के अधीन संचालित मध्यस्थता केन्द्र, बदायूँ को संन्दर्भित करा सकते हैं। उपरोक्त के क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीष/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, विवेक संगल के निर्देषानुपालन मे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, श्रीमती षिव कुमारी द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु समस्त न्यायालयों में उक्त सूचना प्रचालित की जा चुकी है ताकि अधिक से अधिक सुलह योग्य वादों को मध्यस्थता केन्द्र हेतु सन्दर्भित कराये जा सके तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के द्वारा समय समय पर विधिक जागरूकता शिविरों के माध्यम से जन-सामान्य को जागरूक करने हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उक्त अभियान को सुचारू रूप से धरातल पर उतारने के लिए बैनर, पोस्टर, पम्पलेटस् आदि प्रचार सामिग्री भी उपयुक्त स्थानों पर वितरित एवं चस्पा करायी जा रही है। इसी क्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, षिव कुमारी द्वारा जनपद में आवासित समस्त आम जन-मानस/ वादकारियों से अपील है कि उक्त मध्स्थता अभियान को सफल बनाने हेतु सुलह योग्य वादों को मध्यस्थता केन्द्र, बदायूँ में सन्दर्भित कराना सुनिष्चित करें।

# डीएम ने किया बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील दातागंज के अन्तर्गत गंगा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम समूह जटा, ठकुरी नगला आदि बाढ़ संवे. दनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अटैना पुल के समीप के क्षेत्र एवं गंगा नदी के बायें किनारे पर निर्मित उसावां तटबंध एवं उसहैत तटबंध का निरीक्षण भी किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों से वार्ता कर समस्याओं को सुना व उसके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह प्रभावित क्षेत्रां का नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि ग्रामवासियों को कोई समस्या या परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होने ग्रामवासियों से संवाद स्थापित करते हुए उनको आश्वस्त किया कि प्रशास. निक टीम पूरी तरह से तैयार है व उनकी हर परेशानी में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना देने व सहायता लेने के लिए वह सिंचाई विभाग बाढ़ खण्ड के कंट्रोल रूम नम्बर 05832-451362 अथवा कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नम्बर 7505395940, 7505389289 व 05832-266052 पर सम्पर्क किया जा सकता है। ग्राम जटा के सम्पर्क मार्ग पर निर्मित रपटा पुल पर कुछ पानी आने के कारण आवागमन बाधित हुआ है, यहां पर प्रशासन द्वारा स्टीमरों की व्यवस्था करा दी गयी है। डीएम ने बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री शीघ्र ही वितरित कराने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अटैना पुल के समीप के क्षेत्र एवं गंगा नदी के बायें किनारे पर निर्मित उसावां तटबंध एवं उसहैत तटबंध का निरीक्षण किया। अधिक वर्षा के कारण तटबंधों पर हुए रेनकट्स को बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को शीघ्र ही मरम्मत करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) वैभव शर्मा, उपजिलाधिकारी दातागंज धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता बाढ़ खण्ड नेशपाल, अनुज मिश्रा एवं अन्य प्रशास. निक अधिकारी मौजूद रहे।

# कल जनसुनवाई करने आएंगी महिला आयोग की सदस्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते बताया कि कल 06 अगस्त 2025 को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस बदायूं में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्या अवनी सिंह महिलाओं की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु महिला जनसुनवाई करेंगी तथा अपरान्ह 01:00 बजे से ब्लॉक सालारपुर में महिला चौपाल आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण कराएंगी। चौपाल में विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ दिया जाएगा, साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी होगा।

# हाइवे पर भक्तों ने कांवड़ियों को कराया भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** बिजनौर-बदायूं हाइवे पर स्थित फ्यूजर लीडर्स स्कूल के गेट पर जलभर कर कछला से लौट रहे कांवड़ियों के लिए एक भंडारा कराया। जिसका शुभारंभ एसडीएम रिपुदमन सिंह और कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने किया।

यहां सबसे पहले स्कूल संचालक वीपी सिंह ने भोलेनाथ के लिए भोग लगाया। उसके बाद कन्याओं को सहभोज कराया। उसके बाद कांवड़ियों के लिए भंडारा शुरु किया। भंडारे का प्रसाद पाने के लिए यहां लोगों को भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर राहुल कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, भानु प्रताप तोमर, राहुल सोंल. की, उदय सिंह गौर, विशाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

**■ तीन युवक हुए जख्मी, हादसे की सूचना मिलते ही घर में मचा कोहराम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** हाफिजगंज-सेंथल मार्ग स्थित करबला के निकट दो बाइकों में आमने-सामने से हुई भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई, और तीन युवक जख्मी हो गए।

गंभीर रूप से घायल एक युवक की स्थित चिंता जनक बताई गई है। सभी घायलों को अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती किया गया है।

जानकारी के अनुसार कस्बा



निवासी मंजूर अहमद सलमानी का युवा पुत्र आजम सलमानी अपने मित्र फैजान के साथ गत रात दस बजे के करीब बाइक से हाफिजगंज जा रहे थे, अभी वह हाफिजगंज के करीब स्थित कर्बला के निकट पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से कस्बा से सटे हुए ग्राम इस्लामनगर निवासी लियाकत अल्वी का युवा पुत्र जीशान अपने दो युवा साथी शोएब व एक अन्य

के साथ सेंथल आ रहे थे कि दोनों की बाइकों की आमने-सामने से टक्कर हो गई। बताते हैं कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी आवाज एक किलोमीटर तक सुनाई दी। घटना में आजम सलमानी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि जीशान ने अस्पताल जाकर दम तोड़ दिया। जबकि दानिश, फैजान और शोएब जख्मी हो गए।

एक घायल की स्थित चिंता जनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू अपने साथियों संग घटनास्थल पर पहुंच गए, एवं एंबुलेंस बुलाकर आनन-फानन घायलों को अस्पताल भिजवाया।

स्थानीय चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा है, माता-पिता और बहन-भाईयों का रो-रोकर बुरा हाल है। चेयरमैन कंबर एजाज, समाजसेवी ताहिर जैदी व अन्य अनेक लोगों ने घटना पर इजहार ए अफसोस कर मरने वालों को खिआज ए अकीदत पेश की है।

# महिला और बच्चों से तमंचे की नोक पर लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** संजय नगर में बदमाशों ने एक घर के अंदर घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। कांवड़ यात्रा में जाने की वजह से घर में महिलाएं और बच्चे थे। लूट की वारदात के बाद पूरा परिवार सहमा हुआ है।

मामला बारादरी थाना क्षेत्र संजय नगर स्थित गोसाई गोटिया रिलायंस टावर वाली गली का है। रविवार-सोमवार की देर रात लगभग 3:00 बजे तीन नकाबपोश बदमाश छत के रास्ते से एक घर के अंदर दाखिल हुए। परिवार के सदस्यों को घर में घुसकर बंधक बना लिया और तमंचे की नोक पर घर में की लूटपाट। परिवार के पुरुष सदस्य कावड़ यात्रा के चलते जल लेने गए हुए थे। घर में केवल एक महिला और दो बच्चे अकेले थे। नकाब पोश बदमाशों ने घर में दाखिल होते ही महिलाओं और बच्चों का पहले मुंह दबाया और फिर तमंचे की नोक पर डरा धमकाकर आंखों पर काली पट्टी बांध दी। काफी देर तक लूटपाट करने के बाद बदमाश फरार हो गए। पीड़ित परिवार की तरफ से तहरीर दी गई है।

## एक नजर

# तरल किण्वित खाद से बदलती खेती की तस्वीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कार्बन सर्किल सीबीजी प्लांट रिछा के आसपास के गांवों में 150 से अधिक किसानों ने सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तरल किण्वित खाद (एलएफओएम) का उपयोग अपने खेतों में किया है। इस खाद के इस्तेमाल से न केवल फसल की पैदावार बढ़ने की उम्मीद है, बल्कि रासायनिक खाद का खर्च भी कम होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन बढ़ने से खेती टिकाऊ होगी।

ऑर्गेनिक कार्बन बढ़ने से मिट्टी की उर्वरता में सुधार होगा, जिससे फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि होगी। इसके अलावा, ऑर्गेनिक खेती के नए अवसर बनेंगे, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और पर्यावरण भी सुधरेगा।

केंद्र सरकार ने उर्वरक (नियंत्रण) सीबीजी प्लांट से प्राप्त ऑर्गेनिक कार्बन संवर्द्धक को उर्वरकों की परिभाषा में शामिल किया है। इससे सीबीजी संयंत्रों की आय बढ़ेगी, और टिकाऊ खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

कार्बन सर्किल कंपनी ने अपने टैंकरों द्वारा खेतों तक तरल किण्वित खाद पहुंचाने का विशेष प्रबंध किया है। कंपनी के कृषि विशेषज्ञों और आईसीएआर की अनुशंसा के आधार पर किसानों को इस खाद के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्बन सर्किल सीबीजी प्लांट के आसपास के किसानों के लिए नई खुशहाली लेकर आया है। इससे न केवल उनकी आमदनी बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण भी सुधरेगा। इस पहल से क्षेत्र के किसानों में नई उम्मीद जागी है, और वे अपनी खेती को और भी उत्पादक बनाने के लिए प्रयासरत हैं। यह जानकारी कम्पनी के मैनेजर (एग्री बिजनेस) शकील अहमद के द्वारा दी गई है।

# सावन के अंतिम सोमवार पर शिवभक्तों की रही धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** सावन के अंतिम सोमवार पर नगर में शिवभक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। महाकाल सेवा समिति बहेड़ी के अध्यक्ष और महंत शक्ति गुप्ता के नेतृत्व में कांवड़ियों ने चौरासी घंटा मंदिर में जलाभिषेक किया, साथ ही कई अलग-अलग जत्थों ने रामलीला मंदिर, जाजू नागर और सिंह गोटिया सहित कई गांवों के मंदिरों में जलाभिषेक किया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। कांवड़ियों का स्वागत बैकुंठी और डाक कांवड़ के जत्थे के साथ किया गया।

रिमझिम बारिश के बावजूद कांवड़ियों के हौसले बुलंद रहे। डीजे की धुन पर शिवभक्त थिरकते



हुए मंदिरों तक पहुंचे, और जलाभिषेक किया। जगह-जगह शिवभक्तों का स्वागत और जलपान कराया गया।

इस दौरान प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के लिए विशेष इंतजाम किए थे। ट्रैफिक इंतजाम करते हुए पुलिस ने शहर में कई रास्तों पर भारी वाहनों की एंट्री बंद कर दी थी, और वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की सलाह दी।

महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष और महंत शक्ति गुप्ता ने कहा कि सावन के पवित्र महीने में शिवभक्तों की भक्ति और आस्था वास्तव में देखने लायक है। उन्होंने कहा कि इस दौरान शिवभक्तों की श्रद्धा और उत्साह अद्‌भुत होता है।

# हड़वार की भूमि पर नहीं रुका अवैध कब्जा, तहसीलदार से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** हाइवे किनारे पड़ी बेशकीमती सरकारी (हड़वार) की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर गर्मा गया है। सोमवार को शिकायतकर्ता ने इस मामले में तहसीलदार से मिलकर कार्यवाही की मांग की, जिसपर उन्होंने स्वयं इस मामले को देखने का आश्वासन शिकायतकर्ता को दिया है।

नगर से सटे गांव रिछोला किफायतुल्ला स्थित बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे (हड़वार) जानवरों की खाल निकालने के स्थान पर ग्राम के दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कराए जाने की शिकायत गुजरे साल गांव के मो. वसीम द्वारा की गई थी, जिसपर राजस्व कर्मियों द्वारा स्थल की जांच करने के साथ ही निर्माण कार्य रुकवाए जाने के साथ ही ग्राम के लेखपाल गौरव कुमार ने गांव के मुमताज, जहीर हुसैन और सुरेन्द्र गंगवार के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान निवारण अधिनियम के तहत बीते साल रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामला कुछ दिनों के लिए ठंडा पड़ गया था, जो पिछले कई दिनों से एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। इस हड़वार की भूमि पर एक बार फिर निर्माण कार्य शुरू किए जाने की शिकायत सोमवार को शिकायतकर्ता मो. वसीम ने तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से की, शिकायतकर्ता ने उन्हें भूमि के सारे अभिलेख भी सौंपे हैं।

तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने शिकायतकर्ता को खुद स्थल का निरीक्षण करने का भरोसा दिया है। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि उन्हें शिकायतकर्ता ने सरकारी जमीन के मामले के कागजात दिए हैं, आज बारिश की वजह से वह स्थल का निरीक्षण नहीं कर पाए, कल वह खुद इस मामले को देखेंगे और कार्यवाही करेंगे।

## एक माह में भी नहीं मिली विधिक राय

इस सरकारी भूमि के मामले में तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बीती 4 जुलाई 2025 को जिला शासकीय अधिवक्ता को पत्र भेजकर इस मामले में विधिक राय मांगी थी, लेकिन आज पूरा एक माह हो गया, लेकिन तहसील प्रशासन को विधिक राय नहीं मिल पाई है।

# कस्बे में कांवड़ियों की सेवा के लिए किया गया जलपान व भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** सावन के पहले सोमवार से लेकर पूरे श्रवण मास कांवर सेवा दल के राज कपूर गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, अमित सिंह, सतीश गुप्ता एवं नगर के अन्य शिव भक्तों ने हरिद्वार व गढ़ से जल लेकर नाथ नगरी के सातों नाथ मंदिर और गोला गोकर्णनाथ के शिव मंदिर में जल अभिषेक करने जाने वाले सभी कांवड़ियों की सेवा व जल पान एवं भंडारा चलता रहा। श्रवण मास के चौथे सोमवार को कस्बा और ग्रामीण अंचल के शिवालयों में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के द्वारा हरिद्वार,गढ़ और कछला घाट से लाकर जलाभिषेक किया गया।खिरका कांवड़िया मंदिर पर शिव भक्तों की काफी भीड़भाड़ दिखी गई।

सावन के चौथे सोमवार को सुबह से कस्बा के ठाकुरद्वारा,प्रकाशी लाला मंदिर,लंगड़े बाबा मंदिर,रामासरे मणी गायत्री मंदिर,खिरका के कांवड़िया मंदिर,कुरतरा के अखंड शक्तिमान शिव मंदिर आदि में स्थानीय श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के द्वारा जलाभिषेक किया गया।जय भोले के नारों से नगर और गांवों के शिवालय गूंज उठे।

# हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे शिव भक्तों का हुआ भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** सावन मास के आखिरी सोमवार को थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों के सैकड़ों काबडियों का कस्बे में जगह जगह फल,खीर,हलुआ चने के बितरण के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वगत किया गया चारों ओर हर महादेव,बम बम भोले के जयकारों से बातावरण भक्ति मय नजर आया।

कस्बे से महंत गौरव रस्तोगी के नेतृत्व में लगभग 30 शिव भक्तों का जत्था हरिद्वार से बैकुंठी काबड़ लेकर जब कस्बे में पहुंचा तो जय हनुमान पेट्रोल पम्प गिरधरपुर गाँव के निकट भाजपा नेता राम औतार मौर्य ने फल बितरण कर काबड़ियों पर फूल बरसाए।वहीं राम लीला मैदान में हनुमान चालीसा सेवा समिति के सदस्य लक्ष्मी देवल,,प्रमोद देवल,ठाकुर शिव कुमार महेन्द्र हिन्दू आदि ने जलपान कराकर स्वागत किया।मोहल्ला पड़ाव में प्रवेश देवल ने फल बितरण कर काबड़ियों का स्वागत किया।तो वहीं नगर पंचायत कार्यालय पर चेयर मैन पति हाजी गुड्डू ने फल बितरण कर काबड़ियों पर पुष्प वर्षा की।भाजपा नेता त्रिमल सिंह राठौर ने अपने निवास पर काबड़ियों को फल बितरण कर स्वागत किया।वहीं शिव मन्दिर पर सभी काबड़ियों को खीर का भोज कराया गया।कस्बे के सभी काबड़ियों ने मोहल्ला पिछबाड़ा स्थित प्राचीन शिव मन्दिर की परिक्रमा कर गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया।इसके अलावा गाँव बल्ली,पंडरी,मानपुर,बंजरिया,बीसलपुर,लखा,गुलाड़िया,जिया नगला के काबड़ियों का ग्रामीणो ने फल,खीर,हलुआ चना आदि बितरण कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।सुवह भोर से ही क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में महिला,पुरुष व बच्चे आदि श्रद्धांलुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।सभी ने भगवान शिव को फल,फूल,बेल पत्ती व गंगाजल अर्पण कर परिवार में सुख शान्ति की कामना की।वहीं सुरक्षा की दृस्टि से इंस्पेक्टर हरेन्द्र सिंह पूरे थाना क्षेत्र में भृमण करते दिखाई दिए।जगह जगह पुलिस बल भी तैनात रहा।

# दबंगों ने जेसीबी से उखाड़ डाला क्षेत्र पंचायत का खड़ंजा

**■ शिकायत पर प्रशासन ने निर्णय कार्य रूकवाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** अपनी राइस मिल की बाउंड्रीबाल लगाने के लिए मिल मालिकों ने क्षेत्र पंचायत की ओर से डाले गए खड़ंजे को जेसीबी से उखाड़ डाला, जिसका दूसरी राइस मिल के साझेदारों ने विरोध किया तो दबंग उनसे झगड़े पर उतारु हो गए, और जान से मारने की धमकी दी। जिससे नाराज राइस मिल के साझेदारों के साथ ही आसपास के किसानों ने एसडीएम, तहसीलदार और कोतवाल को शिकायती पत्र



देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बे के मोहल्ला प्रभात नगर से सटे रानीगंज गांव में नगर पालिका का परिषद का कूड़ा निस्तारण केन्द्र बना हुआ है। इस कूड़ा निस्तारण केन्द्र तक जाने के लिए नवाबगंज-बरखन मार्ग पर स्थित बशीर राइस मिल से होकर रास्ता जाता है, दो वर्ष पूर्व क्षेत्र पंचायत ने कूड़ा निस्तारण केन्द्र तक जाने के लिए खड़ंजे का निर्माण कराया था। कस्बे के मोहल्ला बंजारान में रहने वाले बशीर राइस मिल के साझेदार वकील अहमद का आरोप है कि उनकी राइस मिल के पास स्थित एक अन्य मिल के साझेदारों ने अपनी मिल की नींव लगाने के लिए खड़ंजे को जेसीबी से उखाड़ डाला, जिसका उन्होंने विरोध किया तो दबंग उनसे झगड़े पर उतारु हो गए। बाद में दबंगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

जिससे परेशान वकील अहमद के साथ ही सेवानिवृत शिक्षक रामेश्वर दयाल देवल, नरेश गुप्ता, रामभरोसे लाल वर्मा ने एसडीएम के साथ ही तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह और कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह के निर्देशों पर स्थल पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक ने निर्माण कार्य रुकवा दिया।

# आवारा कुत्तों की आबादी पर लगेगा नियंत्रण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नगर निगम ने शहरवासियों के लिए मुसीबत बने आवारा कुत्तों की आबादी पर अंकुश लगाने की तैयारी कर ली है। नदौसी में बने एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर के जरिए आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करना है। इसको लेकर संचालन एजेंसी भी तय कर ली गई, लेकिन पूरे प्रदेश में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर को एक साथ शुरू किया जाना है। इसके लिए शासन से हरी झंडी मिलने का इंतजार है।नदौसी में बने एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर को चालने के लिए टेंडर प्रकिया पूरी कर ली गई है। इसके संचालन के लिए एजेंसी को जिम्मेदारी दी गई है। नगर निगम के अधिकारी दावा कर रहे है कि पूरे प्रदेश में तैयार एबीसी को एक साथ शुरू करने की योजना नगर विकास विभाग ने बनाई है। शासन से हरी झंडी मिलने का इंतजार है।

# रिमझिम-रिमझिम बारिश में भी भोले की भक्ति पर नहीं पड़ा असर

**■ हाईवे पर दिन भर चलता रहा कांवड़ियों का रेला, पुलिस-प्रशासन रहा मुस्तैद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को रिमझिम-रिमझिम फुहारों के साथ हुई बारिश में भी भोलेनाथ के भक्तों की आस्था पूरी श्रद्धा के साथ देखी गई। विगत रात्रि से जारी रिमझिम बारिश के बावजूद कांवड़ियों का जोश थमता नहीं दिखा। हरिद्वार और कछला बृजघाट से गंगाजल लेकर निकले भोले के भक्तों का रेला प्रात: से ही हाईवे पर अपने-अपने गन्तव्य की ओर बढ़ते नजर आए। बरेली-नैनीताल हाईवे पर दिन भर आस्था का सैलाब उमड़ता रहा, बारिश की परवाह किए बिना सेवा भाव में जुटे श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भंडारे लगाए, और कांवड़ियों को चाय, केला, खीर आदि वितरित करते रहे।

डाक और बैकुंठी कांवड़ लेकर निकले श्रद्धालु अपने-अपने क्षेत्र के शिवालयों पहुंचकर विधि विधान से जलाभिषेक कर भोलेनाथ का पूजन करते देखे गये।

कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शिवालयों में घंटा घड़ियालों की गूंज और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। हाईवे पर कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

देवरनियां कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिसकर्मी क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर मुस्तैद नजर आए।



## देवरनियां पुलिस ने कांवड़ियों का पुष्प बरसाकर किया स्वागत

थाना प्रभारी देवरनियां आशुतोष द्विवेदी ने कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, तथा कोतवाली परिसर में बने शिव मंदिर पर हलवा, चना और फलों से कांवड़ यात्रियों का जलपान कराया। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की सेवा भाव को देखते हुए क्षेत्रीय लोगों ने प्रशंसा की।

# बरेली की सड़कों पर सैलाब जैसे हालात, दिनभर जूझे लोग



**■ बाइक समेत नाले में गिरे दो कांवड़िए**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सावन के आखिरी सोमवार को जमकर बारिश हुई। इससे जल निकासी का सिस्टम फेल रहा। शहर के अधिकतर हिस्सों में जल भराव से लोग जूझे। सड़कों पर सैलाब जैसे हालात दिखे। जल भराव के कारण शिवभक्तों का मंदिरों तक पहुंचना मुश्किल हो गया, कई लोग गिरे। कुछ के वाहन बंद हुए। पशुपतिनाथ मंदिर के पास दो कांवड़िये बाइक समेत नाले में गिर गए। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला। बाद में कड़ी मशक्कत के बाद नाले से उनकी बाइक निकाली गई।

शहर की पॉश कॉलोनियां हों या फिर निचले इलाकों में बसी आबादी, जल भराव की तकलीफ से हर कोई जूझा। दो दिन से हो रही बारिश में जल निकासी का रहा बचा सिस्टम ओवरफ्लो हो गया। नतीजा मुंशीनगर, जगतपुर, सैलानी, सुरेश शर्मा नगर, चहवाई, मलूकनगर, सुभाषनगर समेत शहर के अधिकतर हिस्सों में सोमवार को दिन भर जल भराव बना रहा।

खुले नाले वाले सुभाषनगर खन्ना बिल्डिंग के पीछे वाले, सैदुपर हार्कंस की बाला जी विहार कॉलोनी और जसौली प्राइमरी स्कूल के आसपास नाला और सड़क पर जल भराव होने से पता नहीं लग रहा था कि नाला कहां हैं, और सड़क कहां है।

लोगों के गिरने का खतरा रहा। सीएम ग्रिड के निर्माण कार्य की वजह से डीडीपुरम और एकता नगर में बुरा हाल रहा। मढ़ीनाथ, पशुपतिनाथ और वनखंडीनाथ मंदिर के मार्ग जलमग्न रहे, कांवड़ियों को मुश्किल हुई।

साहू गोपीनाथ डिग्री कॉलेज के सामने मटकी चौकी इलाके में सड़क पर एक-एक फुट पानी भर गया। सुभाषनगर पुलिया के नीचे पानी का तेज बहाव रहा। डेलापीर में जल भराव होने से ट्रांसफर स्टेशन से कूड़ा सड़क पर आ गया। झूले लाल द्वार की ओर जल भराव हो गया। कूड़ा और जल भराव ने जाम के हालात बनाए।

लालफाटक पुल से उतरते ही बदायूं रोड की ओर सड़क पर पानी भरने से दोपहिया बंद हुए। आवागमन दिन भर प्रभावित रहा। सैलानी और जगतपुर पानी की टंकी वाले मार्ग पर जल भराव की वजह से दो घंटे लोग घरों से निकल नहीं पाए। सुरेश शर्मा नगर के मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ।

## अधिकारी कार्य योजना बनाते रहे, लोग भुगत रहे खामियाजा

नगर निगम और जल निगम के अधिकारी कागजों पर कार्य योजना बनाते रहे। एस्टीमेट तैयार करके अभियंता समाधान की उम्मीद जगाते रहे, लेकिन धरातल पर काम नहीं हुआ। खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। छोटी विहार में घरों के भीतर पानी घुस गया, जबकि इस मोहल्ले को जल भराव से राहत देने के लिए 64.12 करोड़ की लागत से नालों के निर्माण की तैयारी की गई। प्रस्ताव शासन को गए। बजट न मिलने से अटक गए।

इस स्थिति को देखते हुए नगर निगम ने जल भराव से राहत देने के दावे किए थे, लेकिन तेज और लगातार बारिश की वजह से मौके पर इसका कोई असर नहीं दिखाई पड़ा। समस्या केवल छोटी विहार की नहीं है। निचले इलाकों में जल भराव दिन भर रहा। लोग तकलीफ में अपने हाल रह और खुद तरीके से हालात से निपटते मिले।

# 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का होगा आयोजन

**■ भारतीय नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए किया जाएगा प्रेरित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन होगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम 2 से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि आम जनता में देशभक्ति की भावना का विकास हो, और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित यह कार्यक्रम तीन चरणों में होगा।

प्रथम चरण 02 से 08 अगस्त, द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त और तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त 2025 तक चलेगा। अभियान के दौरान समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा। भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा, रंगोली बनाई जाएगी और सेल्फी जोन तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम को व्यापक सफलता सुनिश्चित करने के लिए पम्पलेट, बैनर, स्टैंडीज आदि के माध्यम से स्थानीय भाषाओं में जोरदार प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह अभियान नागरिक एकता और सामूहिक उत्सव की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वच्छता और जल संरक्षण के संकल्प को भी समाहित किया गया है। यह अभियान प्रथम चरण 02 से 08 अगस्त के अंतर्गत विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जा रहा है। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण हेतु कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर तीन रंगों के धागों से तिरंगे की बुनाई का भी प्रदर्शन होगा। विद्यालयों में तिरंगे के मूल्यों और उसकी भावना से प्रेरित पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर जन सहभागिता से तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट का आयोजन किया जाएगा।

# विकासखण्ड वार होंगे को रोजगार शिविरों के आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद के विकास खण्डों में एसआईएस इण्डिया लिमिटेड के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिस हेतु 5 व 6 अगस्त को चाचा नेहरू बाल मंदिर इण्टर कॉलेज आंवला, 7 व 8 अगस्त को सुभाष इण्टर कॉलेज आंवला, 11 व 12 अगस्त को आत्मा राम इण्टर कॉलेज बल्लिया आंवला, 13 व 14 अगस्त को सीएएस इण्टर कॉलेज फरीदपुर, 18 व 19 अगस्त को चौ0रा0 सिंह किसान इण्टर कॉलेज फरीदपुर, 20 व 21 अगस्त को सतीश चन्द्र इण्टर कॉलेज में पढ़ेरा फरीदपुर, 22 व 23 अगस्त को जेपीएन इण्टर कॉलेज नवाबगंज, 25 व 26 अगस्त को आजाद नौरंग इण्टर कॉलेज सेंथल नवाबगंज, 28 व 29 अगस्त को आरपी इण्टर कॉलेज मीरगंज, 30 अगस्त व 01 सितम्बर को जानकी देवी इण्टर कॉलेज फतेहगंज पश्चिमी, 02 व 03 सितम्बर को एमजीएम इण्टर कॉलेज बहेड़ी, 04 व 06 सितम्बर को केसर इण्टर कॉलेज बहेड़ी, 08 व 09 सितम्बर को आदर्श शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज आटांमाण्डा, 10 व 11 सितम्बर को दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज रिठौरा तथा 12 व 15 सितम्बर को राजकीय इण्टर कॉलेज प्रांगण में भर्ती शिविरों का आयोजन किया जाएगा

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# रालोद का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सदस्यता अभियान, संगठन विस्तार की नई ऊर्जा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोकदल, रामपुर द्वारा रविवार को बिलासपुर तहसील के नवीन मंडी स्थल पर आयोजित अल्पसंख्यक कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सदस्यता अभियान का आयोजन भव्य एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम जिले में रालोद की सामाजिक पहुँच और संगठनात्मक मजबूती का एक जीवंत उदाहरण बना। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष दिलनवाज खान, जम्मू-कश्मीर प्रभारी विनय प्रधान, और संगठन महासचिव दिलप्रीत को. हली बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि विचारधारा और संघर्ष की प्रतीक है, जो किसान, मजदूर, नौजवान और अल्पसंख्यकों के हक में सदा खड़ा रहा है। इस कार्यक्रम का संयोजन रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फायज हसन गुड्डू, प्रदेश महासचिव उस्मान बब्लू एवं समस्त जिला संगठन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोक. दल के जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने की, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोकदल में हर वर्ग को स्थान एवं सम्मान मिला है। यह सम्मेलन कार्यकर्ताओं की आवाज को मंच देने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का प्रयास है।



कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष शशिबाला द्वारा कुशलता से किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में नवीन कार्यकर्ताओं, युवाओं और महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी की और संगठन की सदस्यता ग्रहण की। वक्ताओं ने देश में भाईचारे, सामाजिक न्याय और संविधान की मूल भावना को बचाने की जरूरत पर बल दिया। रालोद के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि आने वाले पंचायत, निकाय एवं विधानसभा चुनावों में पार्टी हर बूथ पर मजबूती से खड़ी होगी। सम्मेलन में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक वार्ड, गाँव और तहसील स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर संगठन का तेजी से विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम की भव्यता और अनुशासन के लिए श्री फायज हसन गुड्डू, उस्मान बब्लू, और उनकी टीम को मंच से ही सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों और सभी कार्यकर्ताओं ने आयोजन की सराहना की और भविष्य में इसी प्रकार के संवादात्मक और प्रेरक आयोजनों को दोहराने का आह्वान किया।

यह सम्मेलन एक संदेश था कि राष्ट्रीय लोकदल आज भी गाँव, खेत, खलिहान और गरीबों के दिल में जिंदा है। यह कार्यक्रम न केवल सदस्यता जोड़ने का बल्कि संविधान, भाईचारा, और सामाजिक समरसता के विचार को आगे बढ़ाने का प्रयास भी रहा

# लखना खेड़ा शिव मंदिर पर भंडारे का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर/रामपुर।** धमोरा थाना शहजाद नगर क्षेत्र के लखनाखेड़ा में प्राचीन शिव मंदिर पर पूर्व की भांति इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया गया। यहां श्रद्धालु हर माह के सोमवार को जल अभिषेक कर मन्नत मांगने आते हैं तथा सावन के पावन माह में लोग हरिद्वार से कांवड़ में जल भरकर लाकर शिव मंदिर लखनाखेड़ा में कांवड़ द्वारा जलाभिषेक करते हैं। शिव मंदिर लखनाखेड़ा में आसपास के गांव के लोग आकर अपनी दुकान भी लगते हैं और आसपास के गांव से आए श्रद्धालु मेले में खरीदारी कर शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। शिव मंदिर लखनाखेड़ा की पुरानी



परंपरा है कि यहां लोग जो मन्नत मांगते हैं।

वह शिव पार्वती उनकी मन्नत पूरी करते हैं सावन के पावन माह के आखिरी सोमवार को यहां भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांव के श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर शिव पार्वती का आशीर्वाद प्रदान किया इस अवसर पर लखनाखेड़ा के शिव मंदिर पर ग्राम प्रधान रसीद, शाहनबाज खान, पप्पू , पवन, नेत. राम, रामबहादुर, श्यामलाल, मदनलाल, प्रताप सिंह, शिवचरण सिंह, गणेश, दर्शन लाल, रामपाल सागर, नत्थू ठेकदार, रमेश, जागन सिंह, छत्रपाल, राधेश्याम आदि लोग मौजूद रहे।

## कविता मौर्य बनीं 2025 तीज क्वीन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को स्त्री शक्ति संस्कृति क्लब रामपुर की ओर से आयोजित तीज कार्यक्रम में कविता मौर्य को 2025 की क्वीन चुना गया।

इस दौरान जज सीमा मिश्रा ने कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं में कविता मौर्य को तीज क्वीन चुना एवं ज्योति सक्सैना को द्वितीय तीज क्वीन का ताज पहना कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन गुंजन शर्मा व तरुणा शर्मा द्वारा किया कार्यक्रम में अनेक प्रतिस्पर्धा पूर्ण जेम्स और नृत्य किया गया। कार्यक्रम में कविता मौर्य, ज्योति सक्सैना, लवली सक्सैना, प्रीति अग्रावत, सोनम, रूबी यादव ,लक्ष्मी, संजना, माही, शोभा अंजू , अंजू सिंह, पूजा सिंह, शीतू गंगवार, अनुप्रीत कौर, आदि उपस्थित रहे।

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर मांगीं मन्नतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में श्रावण मास शुक्ल पक्ष के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं ओर कांवड़ियों ने जल अभिषेक किया। बताते चले कि नगर में रविवार की देर शाम को लगभग 250 कांवड लेकर आए कांवड़ियों ने डीजे पर बज रहे भगवान शिव भजनों पर नाचते गाते नजर आए संपूर्ण नगर भगवान शिव की भक्ति में सराबोर हुए कांवड़ियों के साथ शामिल हुए।

श्रद्धालुओ ने माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम पर पहुंचकर आरती पूजा कर महंत नवीन गिरी महाराज की ओर से कांवड़ियों व श्रद्धालुओं के लिए भोजन कराया और फिर वहीं विश्राम किया। वहीं दूसरी ओर श्रावण मास के अंतिम सोमवार को कांवड़ियों ने ब्रह्म मुहुर्त में ही स्नान आदि कर अपनी अपनी कांवड़ों को लेकर शिवालय मंदिर सैफनी, पीपली चक, रठौंडा, लख्खी बाग आदि मंदिरो पर पहुंचकर भगवान शिव



की पूजा अर्चना कर जल अभिषेक किया तथा नगर में स्थित महाभारत कालीन प्राचीन माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम व शिवालय मंदिर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर जल, दूध का शिवलिंग पर अभिषेक कर मन्नतें मांगी तथा थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा भारी पुलिस फोर्स के साथ कांवड़ियों को सुरक्षा के साथ मार्ग पार कराते दिखे समस्त शिवालयों पर पुलिसकर्मियों ने भी सतर्कता के साथ ड्यूटी को निभाया।

## दानिश अंसारी कांग्रेस के सचिव मोर्चा प्रभारी मनोनीत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व नगर अध्यक्ष दानिश अंसारी को जिला सचिव के साथ सचिव मोर्चा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दानिश अंसारी पिछले आठ वर्ष से नगर अध्यक्ष रहे हैं।पार्टी में कद बढ़ने पर कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त सचिव मोर्चा प्रभारी का फूल मालाएँ डालकर स्वागत किया।

कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक में दानिश अन्सारी एडवोकेट के सराहनीय कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए पार्टी को मजबूत बनाने के लिए जिला अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित द्वारा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी की संस्तुति पर जनपद रामपुर के लिए सचिव मोर्चा प्रभारी के पद पर मनोनीत करने की घोषणा की गई। बाद में पूर्व विधायक संजय कपूर द्वारा नव नियुक्त सचिव मोर्चा प्रभारी रामघ्पुर का मनोनयन पत्र दानिश अंसारी को देकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

# भारत में रवांडा का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है : जैकलिन मुकनगिरा

- **रवांडा गणराज्य की उच्चायुक्त से मिले पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां**
- **सितम्बर में सेशेल्स की उच्चायुक्त के साथ रामपुर आएंगी जैकलिन मुकनगिरा**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने भारत में रवांडा गणराज्य की उच्चायुक्त जैकलिन मुकनगिरा से मुलाकात की। उच्चायुक्त इससे पूर्व चौंबर ऑफ डेप्युटीज में संसद सदस्य, स्वीडन में रवांडा के राज. दूत और रवांडा सीनेट में विदेश मामलों और सहयोग, मौलिक सिद्धांतों और अनुसंधान मंत्रालय में महानिदेशक के पद पर कार्य कर चुकी हैं।

नई दिल्ली स्थित उच्चायोग में हुई मुलाकात के बाद नवेद मियां ने बताया कि जैकलिन मुकनगिरा सितंबर में सेशेल्स की उच्चायुक्त के साथ रामपुर भी आएंगी। दोनों ही अच्छी दोस्त हैं। उन्होंने बताया कि बातचीत के दौरान उच्चायुक्त ने भारत के साथ रवांडा के रणनीतिक संबंधों और दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए निरंतर विकास और सहयोग पर चर्चा की।

उन्होंने रवांडा की व्यावसायिक संस्कृति के अनूठे पहलुओं और भविष्य में विकास के रोमांचक अवसरों के बारे में भी बात की। बातचीत के दौरान उच्चायुक्त ने कहा कि उन्हें इस महान राष्ट्र में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है।

भारत और रवांडा के बीच द्विपक्षीय संबंध पिछले कुछ वर्षों में और भी मजबूत होते जा रहे हैं और हमारा इरादा इसे और भी ऊँचाइयों पर ले जाने का है। रवांडा भारत के साथ रणनीतिक संबंधों को लेकर खुश है।

## रामपुर को 1340 मीट्रिक टन कृभको यूरिया की रैक प्राप्त

- **उर्वरकों की कालाबाजारी या निर्धारित मूल्य से अधिक की बिक्री पर होगी कार्रवाई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद के निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में 6476 मीट्रिक टन यूरिया, 3965 मीट्रिक टन एन.पी.के. एवं 1471 मीट्रिक टन डी.ए.पी. उपलब्ध है और 1340 मीट्रिक टन कृभको यूरिया की एक रैंक प्राप्त हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि प्राप्त कृभको यूरिया में 50 प्रतिशत यूरिया सहकारी समितियों एवं शेष 50 प्रतिशत यूरिया निजी क्षेत्र में भेजी जा रही है।

इसके अतिरिक्त 05 अगस्त, 2025 को 2658.510 मीट्रिक टन इफको यूरिया की एक और रैक जनपद को प्राप्त हो जायेगी, जिसका पूर्ण रूप से सहकारी समितियों को प्रेषण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद में आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गयी है। कृषकों से अपील है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करे एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता समिति को उपलब्ध करायें। इसके अतिरिक्त यदि किसी उर्वरक विक्रेता समिति द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है तो कृषक अपनी शिकायत 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं।

## बारिश में गिरा मजदूर का कच्चा घर आवास के लिए अधिकारियों के पास काटता रहा चक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के बिजारखाता में तेज बारिश में एक मजदूर का कच्चा घर भर भरा कर गिर गया जिसमें परिवार दबने से बाल बाल बच गया।

सोमवार सुबह तेज बारिश के चलते बिजारखाता निवासी राहत अली पुत्र जाकिर अली का कच्चा घर भर भरा कर गिर गया जिसमें उसका परिवार दबने से बाल बाल बच गया। इस मामले की सूचना तहसील प्रशासन को दी गई है लेकिन अभी तहसील प्रशासन ने कोई मौका मुआयना नहीं किया है। जिससे मजदूर परिवार में आक्रोश बना हुआ है वह प्रशासन से काफी दिनों से आवास की मांग कर रहा है। लेकिन



कोई सुनवाई नहीं हुई है राहत अली पेशे से राज मिस्त्री है और वह काफी दिनों से आवास के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के यहां चक्कर काट रहा है। वह काफी समय से कच्चे घर में निवास कर रहा है लेकिन प्रशासनिक कर्मचारी ने अभी तक कोई मौका मुआयना नहीं किया है।

## भाजपा की सरकार में किसानों का हो रहा है शोषण : मुस्तफा हुसैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले में खाद की किल्लत से किसान परेशान हैं। कृषि विभाग का दावा है कि खाद का संकट नाममात्र है। जिले में दर्जनों साधन सहकारी समितियां हैं। वहां पहुंच रहे किसानों को निराशा हाथ लग रही है। कहीं पर खाद नहीं है तो कहीं कम खाद होने से एक बोरी उर्वरक पाने के लिए मारामारी मची हुई है। रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने आरोप लगाया कि किसानों को सुविधाऐं देने के बजाय भाजपा सरकार में किसानों का शोषण किया जा रहा है। चमरौआ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे एवं वर्तमान में रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों को धान की खेती के लिए खाद की जरूरत



है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। जिले में उर्वरक खाद का ब्लैक हो रहा है, जिससे किसानो को सहकारी समितियां से समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने किसानों की परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन से धान की खेती के लिए खाद की व्यवस्था करवाने का अनुरोध किया है।

# टैक्स देने से इन्कार नहीं, गलत तरीका स्वीकार नहीं: शैलेंद्र शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं रामपुर जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में वॉटर टैक्स एवं हाउस टैक्स को मान माने ढंग से बढ़ाकर जारी किए गए नोटिसों के संबंध में

नगर पालिका अध्यक्षा सना मामून को एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें बहुत बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया भारी वर्षा के बावजूद भी बड़ी संख्या में व्यापारी जमा थे सभी ने नगर पालिका द्वारा जारी नोटिसों के संबंध में अपना रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने फिर से दोहराया कि हम किसी प्रकार से भी हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स देने के विरोधी नहीं है हम चाहते हैं कि प्रत्येक घर और प्रत्येक प्रतिष्ठान से हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स दिया जाए। लेकिन जो प्रणाली नगर पालिका द्वारा चलाई जा रही है वह ना तो पारदर्शी है और ना ही न्याय संगत है उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा लगभग 70 हजार नोटिस जारी करने की लक्ष्य रखा है। जिस से लगभग चार-पांच लाख लोग प्रभावित होंगे उन्होंने मांग की नगर पालिका द्वारा जारी नोटिसों का आधार ही सही नहीं है तथा नोटिस की भाषा एवं भावना भी गलत है जिस जी.आई. एस सर्वे के आधार पर नोटिसों को बनाया गया है नोटिस पर उसका दिन दिनांक और क्रमांक होना चाहिए जो जो सर्वे आज हो रहा है उसके आधार पर किस प्रकार पिछले 5 वर्षों का बकाया निकाल सकते हैं। उन्होंने मांग नोटिसों पर लगाम लगाने, विस्तृत बात हेतु व्यवस्था करने की मांग की



गई। नगर पालिका के कर विभाग के अधिकारी ई.ओ. एवं पालिका अध्यक्षा के साथ हमारी बैठक कराई जाए ताकि हमारे प्रश्नों का हमें जवाब मिल सके एवं जारी नोटिसों के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके। ज्ञापन के मुख्य बिंदु दिए हैं जिसमें कहा गया है कि वर्तमान में आपके अधीनस्थ कर निर्धारण अधिकारी द्वारा नगर परिषद, रामपुर कार्यालय से बड़ी संख्या में कर निर्धारण नोटिस वितरित किए जा रहे हैं, जिनमें वार्षिक कर निर्धारण और गृह कर व जल कर की राशि में भिन्नता को छोड़कर सभी एक समान हैं। उक्त सभी नोटिस जीआईएस सर्वेक्षण के आधार पर जारी किए जा रहे हैं। उक्त जीआईएस सर्वेक्षण पिछले नौ-दस महीनों में ही तेजी से किया गया है और अभी भी अधूरा और जारी है। उक्त सभी नोटिस अपूर्ण, अस्पष्ट हैं और उपरोक्त नगर पालिका अधिनियम-1916 और तदनुसार प्रख्यापित विनियमों के प्रावधानों के अनुरूप नहीं हैं। उपरोक्त सभी नोटिसों में दिनांक 01-04-2019 से प्रस्तावित कर निर्धारण विधिक रूप से अनुचित एवं क्षेत्राधिकार से बाहर है तथा दुकानों एवं लघु एवं मध्यम उद्योगों से 5 गुना कर की मांग भी अनुचित है। उपरोक्त समस्त नोटिस जारी करने में प्रयुक्त कार्यशैली/प्रणाली, उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम-1916 एवं तदनुसार प्रख्यापित विनियमों के प्रावधानों की स्पष्ट अवहेलना एवं अवमानना है। उक्त समस्त नोटिसों में उल्लिखित स्व-कर निर्धारण का विकल्प किसी भी स्तर पर प्रदान नहीं किया गया है।उपर्युक्त समस्त नोटिसों के संदर्भ में, निरंतर संपर्क प्रयासों के पश्चात भी, आवश्यक समीक्षा/चर्चा हेतु वार्ता के सभी प्रयास आज तक विफल रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, शाहिद शम्सी, हरीश अरोड़ा, शुऐब मो.खां, प्रदीप खंडेलवाल, जगन्नाथ चावला, हारिस शम्सी, बिलाल शम्सी, शकेब शम्सी, इमरान, सलीम, राम गुप्ता, फैसल अहमद, मनोज अग्रवाल, फैसल हबीब, मोहसिन खां, नईम अली, उज्जैर अहमद, संजीव कपूर, राकेश जुनेजा, शहाब खां , मुराद खां, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, मोनिस जमाल, वरुण मिश्रा, नजमी खां, नसीमुद्दीन, संजय अरोड़ा जनक सहगल, कैलाश गुलाटी आदि मौजूद थे।

# सैद्धान्तिक विषयों की सीबीटी परीक्षा सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामपुर अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा अगस्त-2025 में अगस्त 2025 सैद्धान्तिक विषयों की सी.बी.टी. परीक्षा जो कि दिनांक 04.08.2025 को तीन पालियों में प्रातः 09.00 बजे से 11.00 बजे तक, अपरान्ह 12.00 बजे से 02.00 बजे तक, अपरान्ह 03. 00 बजे से सांय-05.00 बजे तक परीक्षा केन्द्र राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामपुर में सी.सी.टी. बी. की निगरानी में, प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक, रामपुर (प्रभारी), मनोज कुमार, प्रभारी रोजगार सहायता अधिकारी, रामपुर



(सदस्य) उड़न दस्ता एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शान्तिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न हुई। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रामपुर के नोडल प्रधानाचार्य डॉ. मो. आसिफ ने बताया कि दिनांक-04.08.2025 को तीनों पालियों में बैठने वाले कुल 129 प्रशिक्षार्थियों में से कुल 124 प्रशिक्षार्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा कुल 5 प्रशिक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## 21 अगस्त को होंगे शहीद ए आजम स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उप क्रीड़ाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि रामपुर शहर स्थित शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में जिला स्तरीय चयन/ ट्रायल्स 08 अगस्त के स्थान पर 21 अगस्त, 2025 को प्रातः 10-00 बजे से आयोजित किये जायेगें।

यह राज्य कर्मचारियों के कल्याणार्थ खेल के विकास तथा शारीरिक संवर्धन हेतु जिला/मण्डल/प्रदेश स्तरीय चयन/ट्रायल्स/निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित किये जायेगें।

भाग लेने वाले खिलाड़ियों को फिजीकल एवं स्किल टेस्ट देना अनिवार्य है।

उन्होंने जनपद के सभी कार्यालय अध्यक्ष से अपील की है कि अपने अधीनस्थ राज्य कर्मचारी खिलाड़ियों को इस चयन/ट्रायल्स में भाग लेने हेतु सूचित करें।

इस चयन/ट्रायल्स में पूर्ण रूप से सरकारी कर्मचारी ही भाग लेंगे एवं कर्मचारी को राज्यकर्मी होने का प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय अध्यक्ष से जनपद व मण्डल स्तर पर ट्रायल्स में प्रतिभाग करने हेतु रिली. विंग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

इस ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकारी ड्यूटी पर माना जायेगा तथा उनके यात्रा भत्ता आदि का भुगतान उनके सम्बन्धित विभाग द्वारा ही किया जायेगा।

### रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चलाया विशेष अभियान

## मिठाईयों के 11 नमूने प्रयोगशाला भेजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आगामी पर्व रक्षा बन्धन के दृष्टिगत सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने और मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) ।।/ अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

इस विशेष छापामार अभियान में चमरपुरा स्थित इन्तजार पुत्र रईस अहमद की मिठाई की दुकान से मावा एवं बूंदी का लड्डू का 01-01 नमूना लिया गया। लियाकत पुत्र अली जान की मिठाई की दुकान से बर्फी एवं छेना मिठाई का 01-01 नमूना लिया गया। गंगापुर स्थित नजीर अहमद पुत्र वसीर की दुकान से मिर्च पाउडर एवं बेसन का 01-01 नमूना, सोनू पुत्र श्यामलाल की दुकान से रिफाइन्ड



सोयाबीन तेल और किशमिश का 01-01 नमूना लिया गया।

केमरी स्थित नाजिग पुत्र रईस अहमद के दुग्ध वाहन से दूध 01 नमूना और चिस्ती डेयरी के बच्चन बाबू पुत्र रईस उछोला से मावा एवं दूध का 01-01 नमूना लिया गया। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 11 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे।

सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण शाहबुद्दीन दोस्त, राहुल शुक्ला, धर्मपाल सिंह, देवकान्त उपस्थित रहे।

# बारिश से गिरा मकान, किसान की मौत

## घर में मचा कोहराम, मवेशी भी मरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। तेज बारिश से गरीब का आशियान जमींदोज हो गया। जिसमें दबकर किसान व मवेशी की मौत हो गयी। जिससे घर में कोहराम मच गया। एडीएम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। हादसे में कई लाख रूपये के नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है।



घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव कूबी की मंढैया की है। यहां पर किसान सुभाष सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी कावेंद्री देवी के अलावा दो बेटी गरिमा व गीता तथा एक बेटा जीत सिहं हैं। रविवार रात पत्नी, बेटी व बेटा सोने के लिए पास में ही बने दूसरे मकान में चले गए थे। जबकि, सुभाष सिंह दो मंजिला पुराने मकान में सो रहे थे। रात करीब साढ़े तीन बजे बारिश के बीच उनका मकान भरभरा कर गिर गया। तेज धमाका होने से गांव में हड़कंप मच गया। लोग घरों से बाहर निकल आए, परिजन भी आ गए। देखा तो दो मंजिला मकान जमींदोज हो चुका था। ग्रामीणों ने मलबा हटा कर बमुश्किल 45 वर्षीय सुभाष सिंह को बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वाहक, घटना में मलबे में दबकर एक मवेशी की भी मौत हुई है। खबर मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं, सोमवार सुबह एडीएम गरिमा सिंह ने मौके पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया, राजस्व विभाग की टीम ने परिवार से जुड़ी जानकारी जुटाई। घटना में कई लाख रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है।



# भारी बारिश से गिरा टीनशेड, लाखों की क्षति

## सड़कों व घरों में भरा बारिश का पानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र में रविवार की रात आई तेज बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। लठीरा माफी गांव में फकीरा के बेटे लाल सिंह के घर का टीन शेड गिर गया। जिससे लगभग 1 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस हादसे में घर का सामान, जिसमें बेड और अन्य घरेलू वस्तुएं शामिल हैं दब गया। गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। भारी बारिश के कारण कई गांवों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई। खेतों में खड़ी गन्ना, धान, बाजरा और मक्का की फसलें जलमग्न हो गईं। वही ढबारसी दोरारा मार्ग पर ओगपुरा पुल के पास भी पानी भर गया। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। रविवार शाम को मौसम का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस था। लेकिन रात भर हुई बारिश के बाद यह घटकर 22 डिग्री सेल्सियस हो गया। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। हसनपुर में कुल 29.73 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है। जबकि कुछ इलाकों में तेज बारिश भी हो सकती है। स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित लोगों की मदद के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।



# तेज वर्षा से टापू में बदला अमरोहा

## घरों में घुसा वर्षा का पानी, हुई दिक्कत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। मूसलाधार वर्षा से नगर टापू में तब्दील हो गया। चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा था। कोई रास्ता ऐसा नहीं था जहां घुटनों-घुटनों पानी न भरा हो। दुकानों तक में पानी भर गया। जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

बीती रात हुई तेज वर्षा ने सभी को बुरी तरह प्रभावित किया। रात से जारी बारिश का दौर सुबह तक चलता रहा। दिन निकलने पर जब लोग अपने घरों से बाहर आये तो हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा था। कोई रास्ता ऐसा नहीं दिखाई दिया जहां कई फिट पानी न जमा हो। लोगों को जरूरी सामान खरीदने के लिये जब घर से बाहर आना पड़ा तो रास्ता पानी से लबालब भरा पड़ा था। जिस कारण उन्हें दुकानों तक पहुंचने के लिये भारी दिक्कत उठानी पड़ी। इसके अलावा अखबार हाकर तथा दूध की सप्लाई करने वाले भी परेशान नजर आये। बरसात से लोगों के घरों में पानी घुस गया जबकि दुकानों के स्लेप भी पानी में डूबे हुए थे। नगर के आजाद मार्ग का सबसे बुरा हाल था। यहां का नजारा देखकर लग रहा था कि जैसे कोई नदी बह रही हो। इस रास्ते पर तो सांय तक कई फिट पानी ही पानी नजर आया। जिससे जनता परेशान रही।

## आजाद रोड का रहा सबसे बुरा हाल

**अमरोहा**। तेज वर्षा के कारण नगर की आजाद रोड का सबसे बुरा हाल हो गया। यहां का नजारा देखकर ऐसा लग रहा था जैसे कोई नदी बह रही हो। देर रात तक यहां बरसात का पानी जमा था। जिस कारण यह रास्ता पूरी तरह जाम रहा। यहां से आवाजाही बंद रही। वैसे तो वर्षा का मौसम लोगों के लिये हर साल मुश्बित लेकर आता है। हर रास्ता जाम हो जाता है। परन्तु आजाद रोड का तो हाल ही बुरा रहता है। कई बार लोगों ने जल भराव की समस्या से निजात की मांग की। लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया।

# सावन के अंतिम सोमवार को मंदिरों में उमड़े भक्त

## बारिश के बाद भी कम नहीं हुआ उत्साह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। सावन के आखिरी सोमवार को भक्तों ने पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। वह डीजे पर नाचते गाते मंदिरों पर पहुंचे। नगर के प्रसिद्ध वासुदेव तीर्थ पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। यहां लगी दुकानों से बच्चों ने सामान की खरीदारी की।

सावन का आखिरी सोमवार होने के कारण लोगों में उत्साह का संचार साफ देखा जा रहा था। दिन की शुरूआत होते ही भोलेनाथ के भक्त पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ मंदिरों में जल चढ़ाने के लिये पहुंचने शुरू हो गये थे। नगर के प्रसिद्ध वासुदेव तीर्थ पर उनकी भारी भीड़ देखी गई। वह अपने परिजनों के साथ जल चढ़ाने के लिये पहुंचे। तेज बरसात भी उनका जुनून नहीं रोक सकी। इसके अलावा नगर में अन्य स्थानों पर भी जल चढ़ाया गया। लोगों ने स्थानीय मंदिरों में जलाभिषेक किया तथा भोले शंकर से आशीर्वाद लिया। बम भोले के जयकारों के साथ सावन के आखिरी सोमवार को विदाई दी गयी। हर तरफ भक्ति ही भक्ति दिखाई दे रही थी। लोगों ने शिवालयों में लाइन में लगकर भोलेनाथ का जल अर्पित किया। तेज बरसात भी उनका उत्साह नहीं रोक सकी। भीगते हुए ही भक्तों ने जलाभिषेक किया।

# अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरायी, युवक की मौत

## मृतक कांवर लेकर जा रहा था घर

शाह टाइम्स संवाददाता



**जोया**। नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह अनियंत्रित हुई बाइक की डिवाइडर से टक्कर हो गई। हादसे में ब्रजघाट से जल भरकर लौट रहे एक कांवड़िए की मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार दो अन्य कांवड़िए गंभीर घायल हो गए। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने घायल कांवड़ियों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया तथा बाद में शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में फिलहाल रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। परिजनों ने इत्तेफाकिया हादसे की तहरीर दी है।

बरेली जिले के सीबी गंज थाना क्षेत्र के गांव पस्तोर में किसान मेघनाथ का परिवार रहता है। उनका 26 वर्षीय बेटा सत्यपाल रविवार देर रात कांवड़ में जल भरने के लिए ब्रजघाट आया था। साथ में बाइक पर गांव के रहने वाले दोस्त आशीष व धर्मवीर भी सवार थे। ब्रजघाट से जल भरने के बाद सोमवार सुबह करीब 6 बजे तीनों दोस्त बाइक पर सवार होकर बरेली लौट रहे थे। डिडौली क्षेत्र में हाईवे स्थित गांव ढकिया चमन से गुजरते समय रफ्तार तेज होने के कारण अनियंत्रित हुई बाइक की डिवाइडर से टक्कर हो गई। हादसे में सत्यपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आशीष व धर्मवीर गंभीर हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया तथा बाद में शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि सूचना पर परिजन कोतवाली पहुंच गए थे। मृतक के भाई सत्यप्रकाश ने इत्तेफाकिया हादसा होने की तहरीर दी है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव घर ले गए हैं।

# हाइवे पर कार ने उड़ाई बाइक, दो युवकों की मौत

## आरोपी चालक मौके से हुआ फरार, दोस्तों से मुलाकात कर घर लौटते समय हुआ हादसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को उड़ा दिया। जिससे दो कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गयी। कार चालक व उसमें सवार लोग मौका पाकर वहां से फरार हो गये।

जानकारी के मुताबिक रविवार देर शाम नेशनल हाईवे पर गांव झनकपुरी के पास ब्रजघाट की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने मुरादाबाद से दिल्ली दिशा में जा रही बाइक को टक्कर मारकर उड़ा दिया था। कांवड़ियों की भीड़ के चलते अमरोहा पुलिस ने हाईवे पर जीरो ट्रैफिक प्लान लागू कर रखा था। दोनों लेन कांवड़ियों के लिए आरक्षित थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक हवा में उछलकर दूर जा गिरे थे। बाइक कार में फंसने के बाद करीब पंद्रह मीटर दूर तक घिसटती चली गई थी, जिससे उसके परखच्चे उड़ गए थे। हादसे के बाद कार भी सड़क किनारे जाकर रुक गई थी। कार का चालक व उसमें सवार लोग मौके के भाग निकले थे। वहीं, दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। काफी देर तक मृतकों की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने दोनों शव को मोर्चरी भिजवा दिया था। देर रात में बाइक नंबर के आधार पर युवकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई। आधी रात में दोनों के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। मृतक एक युवक की पहचान मेरठ जिले के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के गांव लिसाड़ी निवासी 28 वर्षीय मोहित पुत्र महेंद्र तथा दूसरे युवक की पहचान लोहियानगर थाना क्षेत्र के गांव जैनपुर निवासी 24 वर्षीय रिंकू कश्यप पुत्र मदनपाल के रूप में की। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि रिंकू व मोहित दोनों रविवार शाम बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद गए थे। डीजे संचालक अपने दोस्तों से मुलाकात करने के बाद दोनों घर वापस जा रहे थे। रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। सीओ ने बताया कि मामले में मृतक मोहित के पिता महेंद्र सिंह की तहरीर पर गाजियाबाद नंबर की कार के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी चालक को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा



# विधायक के भाई का फोटो अखिलेश के साथ वायरल

## संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने करायी राजेन्द्र खड़गवंशी की अखिलेश से मुलाकात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। हसनपुर से लगातार दूसरी बार विधायक बने महेन्द्र सिंह खड़गवंशी के भाई व गंगेश्वरी के ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र सिंह खड़गवंशी का फोटो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ वायरल हो रहा है। उधर ब्लाक प्रमुख का कहना है कि वह अभी भी भाजपा में हैं।



- **2024 में पूर्व केन्द्रीय मंत्री हरीश रावत के साथ भी हो चुका फोटो वायरल,**
- **मेरी निष्ठा आज भी भाजपा के साथः राजेन्द्र**

बताते चलें कि हसनपुर से दूसरी बार विधायक बने महेन्द्र सिंह खड़गवंशी के भाई राजेन्द्र सिंह खड़गवंशी 2021 में हुए पंचायत चुनाव में गंगेश्वरी के ब्लाक प्रमुख निर्वाचित हुए थे। परन्तु उनका भाजपा से मोहभंग होने लगा है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र सिंह खड़गवंशी का फोटो पूर्व केन्द्रीय मंत्री व उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत के साथ भी वायरल हुआ था। तब चर्चा थी कि वह कांग्रेस के टिकिट पर अमरोहा से लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते थे। एक अगस्त को वह हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव हैबतपुर बंजारा के प्रधान नसीम के साथ लखनऊ पहुंचे। जहां नसीम ने अपने बहनोई तंजीम से ब्लाक प्रमुख की मुलाकात करायी। तंजीम संभल से सांसद जियाउर्रहमान बर्क के यहां काम करता है। सांसद की मार्फत गंगेश्वरी के ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र सिंह खड़गवंशी की मुलाकात सपा प्रमुख अखिलेश यादव से करायी गयी। जिसके बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया कि कहीं गंगेश्वरी ब्लाक प्रमुख सपा में शामिल होकर हसनपुर से विधानसभा चुनाव की तैयारी तो नहीं कर रहे। चर्चा है कि राजेन्द्र खड़गवंशी के अपने भाई विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी से संबंध मधुर नहीं चल रहे। हैबतपुर बंजारा के प्रधान ठेकेदार हैं चूंकि इस समय भाजपा की सरकार है ऐसे में वह ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र खड़गवंशी से नजदीकी बढ़ा अपनी ठेकेदारी चलाने के प्रयास में जुटे हैं। उधर जब ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र खड़गवंशी से सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ वायरल हो रहे फोटो पर उनका पक्ष जानना चाहा तो उनका दो टूक जवाब था कि वह सपा में शामिल नहीं हुए। आज भी उनकी निष्ठा भाजपा में है।

### पाकिस्तानी लोगों से सम्पर्क व गजवा ए हिंद का सदस्य होने का शक

# देहरा के युवक को एटीएस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नौगांवा सादात**। पाकिस्तानी लोगों सेसम्पर्क व गजवा ए हिंद के माध्यम से शरिया कानून लागू करने के प्रयास में एटीएस ने थाना क्षेत्र के गांव देहरा से जैकेट की सिलाई करने वाले छात्र को हिरासत में लिया है। एटीएस पूछताछ के लिए पिता व पुत्र को लखनऊ ले गयी थी जहां कई दिनों की पूछताछ के बाद बेटे को हिरासत में ले लिया। जबकि पिता को रिहा कर दिया गया। परिजन इस संबंध में कुछ भी बताने के लिए तैयार नहीं है। गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है।



जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव निवासी असगर खान अपने परिवार के साथ रहते हैं। जो किसी डिग्री कालेज में संविदा शिक्षक बताए जाते हैं। साथ ही घर पर जैकेट सिलाई का काम भी करते हैं। परिवार में पत्नी के अलावा बड़ा बेटा अनस व अजमल हैं तथा एक बेटी है। अनस भी जैकेट सिलाई का काम करता है। उनका एक बेटा अजमल बिजनौर के एक डिग्री कालेज में बीएससी की पढ़ाई कर रहा है। करीब 12 दिन पहले दो बजे छह लोगों की एक टीम उनके आवास पहुंची। टीम ने खुद को एटीएस के अधिकारी बताते हुए घर में प्रवेश कर लिया तथा दरवाजा बंद करने को कहा। करीब दो घंटा तक वह परिजनों से जानकारी हासिल करते रहे। जिसके बाद असगर खान, अनस व अजमल को अपने साथ ले गए थे। तीनों को मुरादाबाद में पूछताछ की तथा शाम को घर भेज दिया था। एक सप्ताह पहले टीम अजमल व उसके पिता को लखनऊ ले गई थी। जहां उन्हें एक होटल में रोका गया। टीम वहां भी रोजाना उनसे पूछताछ कर रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पहले एटीएस ने अजमल को हिरासत में ले लिया था। उसके बाद पिता से मुलाकात नहीं कराई थी। आज एटीएस ने अजमल की मुलाकात उसके पिता से करायी तथा उन्हें उसकी गिरफ्तारी के बारे में बताया। अजमल पर पाकिस्तान के लोगों से संपर्क व गजवा-ए-हिंद के माध्यम से शरिया कानून लागू करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तारी की जानकारी न सिर्फ स्वजन व ग्रामीण बल्कि जिले के लोगों को लगी तो सभी हैरत में पड़ गए। हालांकि गांव में लोगों ने स्पष्ट तो कुछ नहीं बताया, लेकिन दबी जुबान से अजमल के व्यवहार को लेकर चर्चा की। वहीं स्वजन ने घर का गेट बंद कर रखा है तथा किसी से बात नहीं की है। लोग इसे लेकर तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं।



# नाव पर सवार हुई डीएम, बाढ़ के हालात का लिया जायजा

## बाढ़ से पहले प्रशासनिक एक्शन, गांव-गांव जाकर देखी स्थिति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। जिले में संभावित बाढ़ खतरे को लेकर इस बार प्रशासन पूरी तरह से एक्शन मोड में है। खुद जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने ट्रैक्टर और नाव पर सवार होकर तहसील धनौरा के बाढ़ संभावित गांव चकनवाला मुस्तकम और दारानगर में पहुंचकर हालात का निरीक्षण किया। उनके साथ एसडीएम धनौरा विभा श्रीवास्तव और तमाम विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

गांव दारानगर की हालत परखने के लिए डीएम खुद ट्रैक्टर और फिर नाव के जरिए गांव पहुंचीं। उन्होंने वहां ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और बाढ़ से जुड़ी जमीनी तैयारियों की पड़ताल की। डीएम ने अधिकारियों से पूछा कि तटबंध मजबूत हैं या नहीं, राहत शिविर कहां लगेंगे, नावें, मल्लाह, मेडिकल टीम और दवाइयों की स्थिति क्या है? पशुपालन से लेकर राशन और स्वास्थ्य सेवाओं तक हर व्यवस्था की गहन समीक्षा की। डीएम ने साफ कहा कि अब कोई भी लापरवाही नहीं चलेगी। सभी विभाग अलर्ट मोड पर रहें और 24 घंटे की निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने आदेश दिया कि तटबंधों की पेट्रोलिंग नियमित हो, नावें और वाहन तैयार रहें और बाढ़ राहत सामग्री पहले से चिन्हित जगहों पर स्टॉक कर दी जाए। मेडिकल किट, एंबुलेंस, एंटी वेनम जैसी जरूरी चीजें मौके पर उपलब्ध रहें। उन्होंने राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, पशुपालन, आपूर्ति और सिंचाई विभाग को निर्देश दिया कि वे आपसी समन्वय से सशक्त आपदा प्रबंधन योजना बनाएं और उसका जमीनी क्रियान्वयन भी करें। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने जिला मुख्यालय पर संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक भी की और सभी अधिकारियों को जिम्मेदारियों की समयसीमा तय कर सौंपी। निरीक्षण के दौरान गांव के प्रधान, लेखपाल, स्थानीय ग्रामीण, नायब तहसीलदार योगेश लोधी, सिंचाई, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की सक्रियता से ग्रामीणों में भरोसा जगा है कि इस बार बाढ़ की आहट पर भी पहले से तैयारी रहेगी

## बरसात से गिरा कच्चा मकान

**जोया**। बरसात से कच्चा मकान गिर गया। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुर जैद निवासी हारून पुत्र अब्दुल पत्नी भूरी बेगम के साथ छप्पर के मकान में बैठे थे। इस दौरान मकान भरभराकर गिर गया। जिसमें अनाज, बर्तन कपड़े, चारपाई आदि भी मलवे में दब गये। हालांकि जनहानि नहीं हुई। जिस समय मकान गिरा उस समय तेज बारिश हो रही है। अचानक हुए धमाके के कारण आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया तथा वह दौड़कर बाहर आये तथा मलवे में दबे सामान को निकाला।

# भारत की रोमांचक जीत, सीरीज बराबर

## ओवल टेस्ट: इंग्लैंड के आखिरी 4 विकेट एक घंटे में गिरे, मोहम्मद सिराज का पंजा, छह रन से जीता मैच

**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (पांच विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को पहले सत्र में इंग्लैंड को दूसरी पारी में 367 रन पर समेट कर मुकाबला छह रनों से जीत लिया।

इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-2 की बराबरी कर ली। भारतीय कप्तान शुभमन गिल को पूरी सीरीज में उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' और मोहम्मद सिराज को आखिरी मैच में नौ विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' नवाजा गया। इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में 78वें ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने ध्रुव जुरेल के हाथों जेमी स्मिथ (दो) को कैच आउट कराकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सिराज ने जेमी ओवर्टन (नौ) को पगबाधा आउटकर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने ब्लॉक होल में गेंद डालकर जॉश टंग (शून्य) को बोल्ड कर भारत को नौंवी सफलता दिलाई। 86वें ओवर की पहली गेंद पर मोहम्मद सिराज ने गस ऐटकिसन का ऑफ स्टंप उखाड़ कर मैच भारत की झोली में डाल दिया। ऐटकिसन ने 29 गेंदों में 17 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के करीब ले जाने की कोशिश की लेकिन सीराज की योकर ने उनका ऑफ स्टंप उखाड़कर भारतीय खेमे को जीत की खुशी से सराबोर कर दिया। इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड को 367 के स्कोर पर ऑल आउट कर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली है। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज ने 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट लिये। जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 27 ओवर में 126 रन देकर चार विकेट झटके। आकाश दीप ने एक बल्लेबाज को आउट किया। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाये थे। इंग्लैंड ने पहली पारी में 247 रन बनाकर 23 रनों की मामूली बढ़त हासिल की थी।



## मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं: कप्तान स्टोक्स



● **दोनों ही टीमों ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी पूरी ऊर्जा के साथ खेली**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। भारत के छह रन से मैच जीतने पर बेन स्टोक्स ने कहा कि गेम ना खेल पाना कठिन है। दोनों ही टीमों ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी पूरी ऊर्जा के साथ खेला। इस सीरीज का हिस्सा रहना गर्व का हिस्सा रहा और मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। (वोक्स को बल्लेबाजी के लिए भेजने पर) यह दर्शाता है कि इन खिलाड़ियों के लिए देश के लिए खेलना कितना मायने रखता है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड और भारत की सीरीज हमेशा एक बड़ी सीरीज होती है और कई बार भावनाएं खुलकर सामने आ जाती हैं। हर कोई अपने देश का प्रतिनिधित्व करने आता है। जब आप मैच की शुरुआत में एक गेंदबाज कम हो जाते हैं तो अन्य गेंदबाजो के ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है।

● **प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे गिल**

## हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है: गिल

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ मैदान में आए कि उन पर दबाव बनाये रखना है।

मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में शुभमन गिल ने कहा इस सीरीज में दोनों टीमों ने बढ़िया प्रदर्शन किया हर मैच अंतिम दिन तक पहुंचा जो कि दोनों टीमों के प्रदर्शन के बारे में बताता है।

प्लेयर ऑफ द सीरीज से सम्मानित गिल ने कहा कि सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज जब गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो

● **सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज जब गेंदबाजी कर रहे होते है तो बतौर कप्तान अधिक चिंता की बात नहीं**

बतौर कप्तान अधिक चिता करने की जरूरत नहीं होती। दोनों गेंदबाज जानते हैं कि गेंद को कैसे हरकर कराना है। हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ आए थे कि उनके ऊपर से दबाव कम नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन से मैं बेहद खुश हूं और इस सीरीज से पहले मैंने बेहद मेहनत की थी।


शुभमन गिल


मोहम्मद सिराज

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 15 से 21 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में होने वाले चार मैचों के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी। भारतीय टीम का यह दौरा 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होने वाले महत्वपूर्ण हीरो एशिया कप से पहले एक महत्वपूर्ण माना जा रहा। एशियाकप विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है। भारतीय टीम का नेतृत्व दिग्गज ड्रैगफ्लिकर, डिफेंडर हरमनप्रीत करेंगे व गोलकीपर के रूप में कृष्ण व सूरज शामिल होंगे। टीम में डिफेंडर सुमित, जरमनप्रीत, संजय, अमित, नीलम संजीप , जुगराज सिंह शामिल हैं, जबकि कर्नाटक के पूवन्ना सीबी टीम में एक नए चेहरे के रूप में शामिल हैं।

#### तीरंदाजी लीग के पहले संस्करण की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी संघ ने सोमवार को दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाजों के लिए फ्रैंचाइजी-शैली वाली पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की। विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और भारतीय खेल मंत्रालय के प्रोत्साहन से आयोजित होने वाली इस लीग में दुनिया के शीर्ष 10 विदेशी तीरंदाजों के साथ-साथ शीर्ष भारतीय तीरंदाज भी शामिल होंगे, जो सभी छह फ्रैंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस लीग का उद्देश्य देश के ओलंपिक आंदोलन का समर्थन करने और इस खेल की वैश्विक लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए भारतीय तीरंदाजों के विकास के लिए एक पेशेवर मंच बनना है। लीग का पहला संस्करण इस साल अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11 दिनों तक चलेगा।

## पाक ने विंडीज को हराया, सीरीज जीती

● **पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 13 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली**

**लॉडरहिल, वार्ता।** सैम अयूब (66 रन/एक विकेट) तथा साहिबजादा फरहान (74) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मुकाबले में सोमवार को वेस्टइंडीज को 13 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए जेवेल एंड्रयू और ऐलेक ऐथनेज की सलामी जोड़ी ने अभी 44 रन जोड़े थे कि पांचवें ओवर में हारिस रउफ ने जेवेल एंड्रयू 15 गेंदों में 24 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। नौवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने शाई होप (सात) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए शरफेन रदरफोर्ड ने ऐलेक ऐथनेज के साथ तीसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े। 13वें ओवर में सैम अयूब ने ऐलेक ऐथनेज को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। ऐलेक ऐथनेज ने 40 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 60 रनों की पारी खेली। रॉस्टन चेज (15) रिटायर्ड आउट हुए। सुफियान मुकिम ने जेसन होल्डर (शून्य) बोल्ड आउट किया। आखिरी ओवर में हसन अली ने शरफेन रदरफोर्ड को साहिबजादा फरहान के हाथों कैच आउट कराकर वेस्टइंडीज के मैच जीतने की उम्मीद को ध्वस्त कर दिया। शरफेन रदरफोर्ड ने 35 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (51) रन बनाये। वेस्टइंडीज की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी और मुकाबला 13 रनों से हार गई। 74 रनों की पारी खेलने वाले साहिबजादा फरहान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं सीरीज में सात विकेट लेने वाले मोहम्मद नवाज को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' पुरस्कार मिला। पाकिस्तान के लिए हसन अली, मोहम्मद नवाज, हारिस रउफ, सैम अयूब और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सैम अयूब और साहिबजादा फरहान की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 138 रन जोड़े। 17वें ओवर में शमार जोसेफ ने साहिबजादा फरहान को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। साहिबजादा फरहान ने 53 गेंदों में पांच छक्के व तीन चौके लगाते हुए (74) रन बनाए।

### फखर जमान हैमस्ट्रिंग, वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज फखर जमान वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। वे तीसरे टी-20 में भी खेलने नहीं उतरे। यह फैसला लाडरहिल में खेले गए दूसरे टी-20 मैच के दौरान उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग (जांघ की मांसपेशी) में चोट लगने के कारण लिया गया। उनकी जगह तीसरे टी-20 मैच के लिए खुशदिल शाह को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था। फखर जमान को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। इसके बाद टीम के मेडिकल स्टाफ ने जांच की और उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग में हल्की खिंचाव की पुष्टि की। लाहौर में होगा रिहैबिलिटेशन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि फखर 4 अगस्त को पाकिस्तान लौटेंगे।

● **मैन ऑफ द मैच रहे मोहम्मद सिराज** ●

## मैंने सोचा मैं कर सकता हूं कि स्क्रीनशॉट का वॉलपेपर लगाया: सिराज

● **हम अंत तक मिलकर लड़े और मेरी एक ही योजना थी कि निरंतरता के साथ सही लेंथ हिट करता रहूं**

**लंदन, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि सुबह उठने के बाद मैंने सोचा कि मैं कर सकता हूं, मैंने गूगल से एक स्क्रीनशॉट लिया और उसे वॉलपेपर लगाया। इंग्लैड पर छह रनों की रोमांचकारी जारी के बाद सिराज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हर किसी ने कड़ी मेहनत की और हम अंत तक मिलकर लड़े। मेरी एक ही योजना थी कि मैं निरंतरता के साथ सही लेंथ हिट करते रहूं। प्लेयर ऑफ द मैच सिराज ने कहा कि सुबह उठने के बाद मैंने सोचा कि मैं कर सकता हूं, मैंने गूगल से एक स्क्रीनशॉट लिया और उसे वॉलपेपर लगाया। ब्रूक का विकेट गेम चेंजिग मोमेंट था, अगर मैंने वो कैच ले लिया होता तो मैच शायद इस स्थिति में पहुंचता नहीं है। ब्रूक ने बेहतरीन पारी खेली। लॉर्ड्स में आउट होने दिल तोड़ने जैसा पल था, जडेजा भाई ने मुझे यही कहा था कि मैं खेलते रहूं और अपने पिता के बारे में सोचते रहूं कि उन्होंने यहां तक मुझे पहुंचाने के लिए कितनी मेहनत की थी।

### भारत की रनों के लिहाज से सबसे छोटी जीत

**लंदन, वार्ता।** भारत की इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में 6 की जीत उनके लिए टेस्ट में रनों के मामले से उनकी सबसे छोटी जीत है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 रन की जीत के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। एक रोचक सीरीज का अंत रोचक रूप में हुआ। चौथे दिन के खेल के अंतिम चरण तक मैच पूरी तरह से इंग्लैंड के कब्जे में प्रतीत हो रहा था लेकिन दो नियमित विकेट ने मैच का रुख एकतरफा होने से रोका और पांचवें दिन आकर भारत ने इंग्लैंड के जबड़े से जीत छीन ली। सिराज ने पंजा लेकर भारत की झोली में जीत डाली। सिराज ने आते ही दिन के अपने पहले ओवर में स्मिथ को पवेलियन भेजा और फिर ओवर्टन को लेग बिफोर आउट किया। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी जोश टंग को पवेलियन लौटाया लेकिन ऐटकिसन ने बड़े प्रहार कर इंग्लैंड को जल्द से जल्द जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन सिराज ने अपने 31वें ओवर की पहली गेंद पर ऐटकिसन को बोल्ड करते हुए मैच भारत के पक्ष में झुका दिया।

## सूर्या पूरी तरह फिट होने के लिए एनसीए में



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद एशिया कप से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में है।

सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में पुनर्वास और फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर में रिपोर्ट की थी। पूरी तहर फिट न होने के कारण उन्हें पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा। ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार ने उन्हें सूचित कर दिया था कि उन्होंने सीओई जांच करा ली है। म्यूनिख में हुई उनकी हर्निया की सर्जरी के बाद वह पुनर्वास की प्रक्रिया में है। सूर्यकुमार का अगला बड़ा टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक यूएई में होने वाला एशिया कप है। इस तेजतर्रार टी-20 बल्लेबाज से इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करने की उम्मीद है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों के अनुसार, उन्हें इस आयोजन से पहले पूरी तरह फिट होने का भरोसा है। उन्हें आखिरी बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए देखा गया था। इस बीच, पता चला है कि श्रेयस अय्यर पिछले हफ्ते फिटनेस टेस्ट के लिए सीओई आए थे। अब वह मुंबई लौट गए हैं और माना जा रहा है कि यह दौरा नियमित जांच के लिए था। बताया जा रहा है कि वह पूरी तरह फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। एशिया कप के लिए चुने जाने तक, उन्हें दलीप ट्रॉफी में खेलना चाहिए। अय्यर आखिरी बार आईपीएल फाइनल में पंजाब किग्स फैंचाइजी की कप्तानी करते हुए देखे गए थे। आईपीएल के बेहद सफल सीजन के बाद, एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारतीय टेस्ट टीम में उनके शामिल होने की काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अपेक्षित चयन नहीं हो पाया।

## क्रिस वोक्स बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध है: रूट

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जो रूट ने कहा है कि चोटिल तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स कंधे की चोट के बावजूद ओवल टेस्ट के आखिरी दिन बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध हैं। वोक्स ने रविवार को स्टेडियम के इनडोर फैसल्टी में एक हाथ से बल्लेबाजी का अभ्यास किया और शाम के सत्र में अपनी किट पहने भी नजर आए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह नंबर 11 पर बल्लेबाजी कर सकें।

इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन और चाहिए और उनके पास चार विकेट शेष हैं। जो रूट ने कहा कि वोक्स की तैयारी यह दिखाती है कि वह टीम के लिए कितने समर्पित हैं। रूट ने कहा कि वह शेष खिलाड़ियों जैसे पूरी तरह से तैयार हैं। यह ऐसी सीरीज रही है, जिसमें खिलाड़ियों को अपनी सीमाओं से आगे जाना पड़ा है। हालांकि उम्मीद है कि हमें उनकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लेकिन उन्होंने आज थ्रोडाउन लिए हैं और वह टीम के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। यह देखना बाकी है कि वोक्स दाएं हाथ से बल्लेबाजी करने का प्रयास करेंगे या चोट के कारण बाएं हाथ से बल्लेबाजी करेंगे, जैसे एक बार सलीम मलिक ने किया था। या हो सकता है कि वह मैल्कॉम मार्शल की तरह एक हाथ से खेलें। उन्होंने कहा कि इस बारे में मुझे नहीं पता।



● **जो रूट ने कहा कि वोक्स की तैयारी यह दिखाती है कि वह टीम के लिए कितने समर्पित है**

मैंने उन्हें अभी अभ्यास करते नहीं देखा है। शायद सुबह अगर वह थ्रोडाउन लेते हैं, तो जरूर साफ हो जाएगा। इंग्लैंड ने अभी वोक्स की चोट की पूरी जानकारी नहीं दी है और मैच के बाद वह स्कैन के लिए जाएंगे। लेकिन उनके इस समर में दोबारा खेलने की संभावना बहुत कम है और 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले ऐशेज टेस्ट में भी वह शायद ही खेल सकें। रूट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि वह काफी दर्द में हैं। इस सीरीज में कई खिलाड़ियों को चोट लगी, फिर भी वे खेलते रहे। पंत ने टूटी टांग के साथ बल्लेबाजी की, टीम के लिए यह बहुत मायने रखता है। यह दिखाता है कि उनमें कितना जज़्बा है। उम्मीद है कि वोक्स को ऐसा ना करना पड़े, लेकिन अगर करना पड़ा तो वह हमें जीत दिलाने के लिए उतरेंगे। रूट ने कहा कि उनका मानना है कि उनके पास निचले क्रम में ऐसे बल्लेबाज है जो शेष 35 रन बना सकते है और भारत को सीरीज ड्रॉ करने से रोक सकते है। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम सोमवार को पहली एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी अपने नाम करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास वह सब कुछ है, जो हमें जीत दिला सकता है। यह एक शानदार सीरीज़ रही है और हमारे ड्रेसिग रूम में आत्मविश्वास है। हमें भरोसा है कि हमारे पास वे खिलाड़ी हैं, जो हमें जीत दिला सकते हैं। लेकिन यह उन सीरीज में से एक है, जहां हर मैच में दोनों टीमों के पास बढ़त बनाने का अवसर था। हमें कल एक शानदार दिन देखने को मिलेगा। इंग्लैंड को सोमवार सुबह भारी रोलर इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा, जिससे रविवार की तरह उन्हें रन बनाने में मदद मिल सकती है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 5 अगस्त 2025

# अमेरिका का अड़ियल रुख

विश्व में अमेरिकी धौंस बनाए रखने के लिए वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बराबर देशों को धमका रहे हैं। कभी वह युद्ध रुकवाने के नाम पर विदेशों को धमकी देते दिखाई देते हैं तो कभी व्यापार को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसा करते हुए भी वह दोस्त व दुश्मन में भी कोई भेद करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। सभी को एक डंडे से हांक रहे हैं। भारत की ही बात करें, भारत को मित्र देश की श्रेणी में भी रखते हैं, रणनीतिक साझेदार भी बताते हैं, लेकिन साथ ही 25 प्रतिशत का टैरिफ भी लगाते हैं और दलील देते हैं कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है और वह तेल का पैसा रूस को मजबूत कर रहा है। जिससे रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध करने में मदद मिल रही है और यह तब है जब अभी व्यापार को लेकर भारत व अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता चल रही है।

ऐसा ही रुख वह चीन के प्रति भी दिखा रहा है। चीन को भी सीधे धमकी दे रहा है और रूस व इरान से तेल न लेने के लिए दबाव बना रहा है और बात न मानने की सूरत में सौ फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दे रहा है। चीन ने हालांकि साफ कर दिया कि वह अमेरिका की धमकियों से पीछे हटने वाला नहीं है। ईरान और रूस से वह अपना तेल लेना जारी रखेगा। यह भी तब है जब स्कॉटहाम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दोनों देश बैठक कर रहे हैं। अमेरिका कितना आक्रामक है यह अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की एक्स पर की गई टिप्पणी से स्पष्ट हो जाता है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है तब चीन अपनी संप्रभुता को गंभीरता से लेता है। वैसे देखा जाए तो यह सीधे-सीधे खुली गुंडागर्दी की तरह है। हर देश की अपनी एक संप्रभुता है, अपनी जरूरत है और अपनी क्षमता है। उसी के अनुसार किसी भी देश को अपनी नीति बनानी पड़ती है। बनानी भी चाहिए, लेकिन कोई बड़ा देश उसको अपनी नीति छोड़ने के लिए कहने लगे, इसका कैसे समर्थन किया जा सकता है।

आखिर अमेरिका क्या कर रहा है। अमेरिका भी तो अपने हित ही देख रहा है, बल्कि अपने हितों की पूर्ति करने के लिए वह किसी भी हद तक जाने को आतुर दिखाई दे रहा है। यह दबंगई नहीं तो और क्या है, ऐसा करते हुए वह अपने आचरण को छुपा भी नहीं रहा है। खुल्लमखुल्ला लोगों को धमका रहा है। कोई भी समझ सकता है कि अगर देश रूस से व्यापार करने को लेकर पीछे हटते हैं तो रूस भी हाथ पर हाथ रखकर तो बैठेगा नहीं। अगर रूस इतना कमजोर होता तो वह ट्रम्प की बात कब की मान चुका होता। चीन ने भी उसकी बात मानने से साफ इन्कार कर दिया है। भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति को लग रहा हो, वह टैरिफ के माध्यम से न सिर्फ कमजोर देशों को झुका देंगे, बल्कि उसके द्वारा होने वाली आमदनी से वह अमेरिका को मजबूती देंगे, लेकिन उन्हें समझना होगा कि हर चीज के दो पहलू होते हैं, यह दांव उल्टा भी पड़ सकता है। जिसकी कई अर्थशास्त्री आशंका भी जता चुके हैं। ऐसी भी खबरें हैं कि अमेरिका में महंगाई बढ़ने लगी है। कुल मिलाकर जिस तरह युद्धों के भय से पहले ही दुनिया डरी हुई थी, अब ट्रम्प के टैरिफ वॉर ने इसमें और आग में घी का काम किया है।

## सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल



भाजपा विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के लिए भी संकल्पित है, विरासत के संरक्षण के लिए मां शाकंभरी देवी कारिडोर बन रहा है, किसी भी मौसम में देशभर के श्रद्धालु आ सकते हैं, इसी तरह महाकुंभ में इतने श्रद्धालु आए, इससे कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परेशान हैं, अगर आतंकी वारदात होती है, तो यह संरक्षण देने के लिए छाती चौड़ी करके आगे बढ़ने का काम करते हैं, हाल ही में दो घटनाओं पर न्यायालय ने निर्णय दिया, महाराष्ट्र के मालेगांव में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने हिंदुओं को अभियुक्त बनाया था, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल का यह कृत्य राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है, कांग्रेस आतंकी हमला करने वालों को क्लीन चिट देती है और सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल खड़ा करती है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत को तोहफा





विनीत नारायण

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आयात होने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल और हथियारों की खरीद के लिए अतिरिक्त दंड की घोषणा की। यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, विशेष रूप से तब जब दोनों देश एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने भारत और रूस को 'मृत अर्थव्यवस्था' (डेड इकॉनमी) कहकर निशाना बनाया और भारत के उच्च टैरिफ और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं को इसका कारण बताया।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्विक व्यापार को प्रभावित करने वाली आक्रामक टैरिफ नीतियों को अपनाया है। 7 अगस्त 2025 से लागू होने वाले 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान करते हुए, ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद को प्रमुख कारण बताया। उनके अनुसार, भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है, जो यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के समय में अस्वीकार्य है। इसके अतिरिक्त, ट्रम्प ने भारत के उच्च टैरिफ द्धजिसे उन्होंने दुनिया में सबसे अधिक बतायाङ्क और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं की भी आलोचना की।

यह टैरिफ अचानक भारत के लिए एक झटके के रूप में आया है, क्योंकि भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे थे। ट्रम्प ने पहले 20-25 प्रतिशत टैरिफ की संभावना जताई थी, लेकिन अंतिम घोषणा में अतिरिक्त दंड भी शामिल किया गया। यह कदम भारत के फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, रत्न और आभूषण और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है, जो अमेरिका के साथ भारत के व्यापार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

कांग्रेस के नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्रम्प के 'मृत अर्थव्यवस्था' वाले बयान का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, हहां, ट्रम्प सही हैं। हर कोई जानता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मृत है, सिवाय प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के। मुझे खुशी है कि ट्रम्प ने यह तथ्य सामने रखा। पूरी दुनिया जानती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था खत्म हो चुकी है। भाजपा ने अडानी को मदद करने के लिए अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया।

राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए, विशेष रूप से नोटबंदी और 'त्रुटिपूर्ण' जीएसटी को अर्थव्यवस्था के पतन का कारण बताया। उन्होंने यह भी पूछा कि ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर बार बार किए जा रहे दावों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी क्यों है?

कांग्रेस पार्टी ने इस टैरिफ को भारत की विदेश नीति की विफलता के रूप में चित्रित किया। कांग्रेस नेता सुप्रिया नेत ने कहा, राहुल गांधी ने पहले ही इस बारे में चेतावनी दी थी। यह टैरिफ हमारी अर्थव्यवस्था, निर्यात, उत्पादन और रोजगार पर असर डालेगा। हम अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स निर्यात करते हैं और 25 प्रतिशत टैरिफ से ए महंगे हो जाएंगे, जिससे मांग कम होगी और उत्पादन व रोजगार पर असर पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए और टैरिफ को भारत के व्यापार, एमएसएमई और किसानों के लिए हानिकारक बताया।

अन्य विपक्षी नेताओं ने भी इस मुद्दे पर सरकार की आलोचना की। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बुरे दिनों की शुरुआत बताया, जबकि असदुद्दीन ओवैसी ने ट्रम्प को व्हाइट हाउस का जोकर कहकर उनकी आलोचना की। हालांकि, कांग्रेस के कुछ नेताओं ने राहुल गांधी के रुख से अलग हटकर अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया। शशि थरूर ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत-अमेरिका व्यापार को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं और भारत को अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने की आवश्यकता है।

वहीं अर्थशास्त्रियों ने इस टैरिफ के भारत की अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव को लेकर मिश्रित राय व्यक्त की है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इसका प्रभाव सीमित होगा, जबकि अन्य ने दीर्घकालिक नुकसान की चेतावनी दी है। ईन्वेस्टमेंट इनफार्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ऑफ इंडिया (आईसीआरए) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, प्रस्तावित टैरिफ और दंड हमारी अपेक्षा से अधिक हैं और इससे भारत की जीडीपी वृद्धि पर असर पड़ सकता है। प्रभाव की गंभीरता दंड के आकार पर निर्भर करेगी। अर्नेस्ट एंड यंग इंडिया (ई-वाई) के व्यापार नीति विशेषज्ञ अग्नेश्वर सेन ने बताया कि टैरिफ से समुद्री उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, चमड़ा और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे। यह क्षेत्र भारत-अमेरिका व्यापार में मजबूत हैं, और टैरिफ से इनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है।

फाउंडेशन फॉर इकोनॉमिक डेवलपमेंट के राहुल अहलूवालिया ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत को वियतनाम और चीन जैसे अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कमजोर स्थिति में ला सकता है। उनके अनुसार, निर्यात आपूर्ति श्रंखलाओं का भारत की ओर स्थानांतरण अब संभावना नहीं है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने आशावादी रुख अपनाया। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा, हालांकि यह कदम दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे निर्यात पर असर डालेगा, हमें उम्मीद है कि यह एक अल्पकालिक घटना होगी और दोनों पक्ष जल्द ही एक स्थाई व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सतर्क और संयमित रुख अपनाया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा, हम राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। भारत ने एक दशक में फ्रैजाइल फाइव से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है। सरक. ारी सूत्रों ने संकेत दिया है कि भारत तत्काल जवाबी टैरिफ लगाने के बजाय बातचीत के रास्ते को अपनाएगा।

एक सूत्र ने कहा, चुप्पी सबसे अच्छा जवाब है। हम बातचीत की मेज पर इस मुद्दे को हल करेंगे। कुल मिलाकर डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त दंड ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक नया तनाव पैदा कर दिया है। राहुल गांधी और विपक्ष ने इसे सरकार की आर्थिक और विदेश नीति की विफलता के रूप में प्रस्तुत किया, जबकि अर्थशास्त्रियों ने इसके मिश्रित प्रभावों की ओर इशारा किया है। जहां कुछ क्षेत्रों पर तत्काल असर पड़ सकता है, वहीं भारत के पास अन्य बाजारों में विविधता लाने और बातचीत के जरिए समाधान खोजने का अवसर है। यह स्थिति न केवल आर्थिक बल्कि भूराजनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक हितों को संतुलित करना होगा। देखना यह है कि आने वाले दिनों में सरकार इस समस्या से कैसे निपटती है।

# अगस्त में इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

**केरल की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में फेमस त्रिशूर घूमने के लिहाज से एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यह केरल का ऐतिहा. सिक और धार्मिक शहर माना जाता है। त्रिशूर में आपको खूबसूरती से लेकर स्थानीय संस्कृति का बेजोड़ नमूना देखने का मौका मिलेगा। आप यहां पर अथिरापल्ली झरना, वड़ाकुमनाथन मंदिर आदि को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।**



जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त साल का एक ऐसा महीना है, जब कपल्स केरल में छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको केरल की कुछ रोमांटिक डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप भी अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिताने के लिए पहुंच सकते हैं।

**अल्लेप्पी**

अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। यह जगह अपने सबसे सुंदर बैकवाटर, लैगून और खूबसूरत बीचेज के लिए जाना जाता है। यहां पर समुद्र तट के किनारे कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जो कपल्स का शानदार वेलकम करते हैं। वहीं आप खूबसूरत बीच के किनारे खुशनुमा सुबह से लेकर हसीन शाम का लुत्फ उठा सकते हैं। वहीं पार्टनर के साथ हाउसबोट्स का भी आनंद ले सकते हैं।

**वायनाड**

वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक और क्वांटिटी टाइम बिता सकेंगे।


वायनाड एक बेहद शानदार और खूबसूरत हिल स्टेशन है। जोकि अपने चाय-काफी के बागान, हरियाली और शानदार वॉटरफॉल के लिए फेमस है। यहां पर कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर कुरुवा द्वीप, चेम्बरा पीक और बाणासुर सागर बांध जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कोवलम**

केरल के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में कोवलम का नाम भी शामिल है। यह अरब सागर के तट पर स्थित है। यहां पर सिर्फ अगस्त के महीने में नहीं बल्कि हर महीने पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह जगह अपने अधिक समुद्र तटों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी जाना जाता है। यहां पर हवा बीच, लाइट हाउस बीच और कोवलम बीच के किनारे कई कपल्स हनीमून के लिए भी पहुंचते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अगस्त क्रांति: स्मृतियों के बीच राष्ट्रभक्ति पर सुलगते सवाल





वीरेश तरार

भारत छोड़ो आंदोलन, जिसे इतिहास में अगस्त क्रांति के नाम से जाना जाता है, केवल एक राजनीतिक घोषणापत्र नहीं था। यह भारत की आत्मा से उपजे उस आक्रोश की आवाज थी, जो वर्षों से दबाई जा रही थी। यह अंग्रेजों के विरुद्ध तो था ही, लेकिन उससे कहीं गहरे जाकर यह उन तमाम शक्तियों के विरुद्ध भी था, जो भारत की स्वतंत्र चेतना को दबाए रखना चाहती थीं, फिर चाहे वे विदेशी हुक्मरान हों या देश के भीतर छिपे उनके साझेदार।

इस क्रांति की शुरुआत आठ अगस्त, उन्नीस सौ बयालीस को मुंबई में गांधी जी के करो या मरो के आह्वान से हुई, लेकिन इसकी चेतना कई दशक पहले उपज चुकी थी। लाहौर अधिवेशन, 1929 यही वह क्षण था जब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ने पूर्ण स्वराज को अपना लक्ष्य घोषित किया। इस प्रस्ताव का नैतिक बल था। भगत सिंह और उनके साथियों द्वारा जगाई गई वह क्रांति-चेतना, जो केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक मुक्ति की आकांक्षा से प्रेरित थी। भगत सिंह ने केवल ब्रिटिश सत्ता को चुनौती नहीं दी थी, बल्कि उन्होंने उस प्रत्याशा और जड़ता को भी तोड़ा था जो डोमिनियन स्टेटस के नाम पर अंग्रेजी कृपा की प्रतीक्षा कर रही थी। उनका विचार था कि अधूरी आजादी, दरअसल गुलामी की ही एक और शक्ल है। उनकी शहादत के बाद जो पीढ़ी सामने आई, उसमें छात्र, नवयुवक, किसान और मजदूर सभी में एक छटपटाहट थी। यह वर्ग अंग्रेजों से सिर्फ इसलिए नहीं टकरा रहा था कि वे विदेशी थे, बल्कि इसलिए भी कि वे उस शोषण-व्यवस्था के रक्षक बन चुके थे जिससे भारतीय जन-जीवन त्रस्त था। गांधी जी ने लंबे समय तक ब्रिटिश शासन को एक नैतिक सत्ता माना और वे डोमिनियन स्टेटस के पक्षधर रहे, लेकिन जब विश्व युद्ध के बीच अंग्रेजों की साम्राज्यिक कमजोरी सामने आई और भारतीय जनमानस की बेचैनी असहनीय हो गई, तब गांधी जी को पूर्ण स्वतंत्रता की मांग करनी पड़ी। यही वह बिंदु था, जहां क्रांतिकारी चेतना और गांधीवादी नेतृत्व एक बिंदु पर आकर मिलते हैं।

अगस्त क्रांति का सबसे बड़ा सत्य यही था कि जब कांग्रेस का संपूर्ण नेतृत्व गांधी, नेहरू, पटेल आदि गिरफ्तार कर लिया गया, तब भी आंदोलन नहीं रुका। यह एक जन-आंदोलन था, जिसमें नेतृत्व का अभाव भी ऊर्जा को रोक न सका। छात्र, किसान, स्त्रियां, मजदूर सबने अपने-अपने ढंग से ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी। परंतु, इस व्यापक जनक्रांति के बीच कुछ ऐसे चेहरे और संगठन भी थे जिन्होंने मौन धारण कर लिया और यह मौन केवल रणनीतिक नहीं, वैचारिक था।

हिंदू महासभा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आंदोलन से खुद को दूर रखा। सावरकर के निर्देश पर हिंदू महासभा के नेता प्रांतीय सरकारों में अंग्रेजों के साथ कार्यरत रहे। बंगाल और सिंध में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर हिंदू महासभा ने सरकार चलाई उस समय जब देश के नौजवान जेलों में थे, यातनाएं झेल रहे थे, गोलियां खा रहे थे। आरएसएस ने प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं की और आज जो संगठन राष्ट्रवाद का सबसे ऊंचा झंडा उठाते हैं, वे तब भारत की पुकार पर मौन थे। यह ऐतिहासिक सत्य है, जिसे विस्मृत नहीं किया जाना चाहिए विशेषकर तब, जब यही संगठन आजादी के आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका पर बार-बार सवाल उठाते हैं।

भारत की रियासतों का एक बड़ा हिस्सा, विशेषत: राजपूताना, हैदराबाद, कश्मीर, ग्वालियर आदि, अंग्रेजों का स्थाई साझेदार बना रहा।

ये रियासतें कर वसूली और जागीरदारी के माध्यम से सत्ता में भागीदारी करती थीं और उन्हें स्वतंत्र भारत की कोई इच्छा नहीं थी। यह वर्ग कृ जमींदार, रईस, बड़े व्यापारी, ब्रिटिश सरकार के सहयोगी अधिकारी 1857 की क्रांति में क्रांति को विफल करने में सक्रिय भूमिका निभा चुके थे और 1942 में भी वही भूमिका दोहरा रहे थे। वे भारत को नहीं, अपने लाभ को बचाना चाहते थे। इसके बरक्स वह वर्ग था किसान, मजदूर, छोटा दुक. ानदार, दैनिक श्रमिक कृ जो अंग्रेजी शासन से त्रस्त था और जिसकी पीड़ा ही अगस्त क्रांति की आग में घी का काम कर रही थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की भूमिका अगस्त क्रांति में जटिल रही। 1941 में सोवियत संघ पर हिटलर के आक्रमण के बाद, सोवियत हितों की रक्षा के नाम पर कम्युनिस्टों ने ब्रिटिश युद्ध प्रयासों को समर्थन देना शुरू किया। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन से दूरी बनाई, यद्यपि कई स्थानीय स्तरों पर कार्यकर्ता आंदोलन से जुड़े रहे। यह एक उदाहरण है जब अंतर्राष्ट्रीय वामपंथी वैचारिक प्रतिबद्धताएं राष्ट्रीय आंदोलन से टकराईं।

डॉ. भीमराव अंबेडकर, इस समय वायसराय की कार्यकारिणी परिषद में श्रम सदस्य के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने आंदोलन का प्रत्यक्ष समर्थन नहीं किया। उनके लिए स्वतंत्रता से भी पहले सामाजिक समता और दलित अधिकारों की गारंटी जरूरी थी। यद्यपि वे ब्रिटिश सत्ता के स्थाई बने रहने के पक्षधर नहीं थे, पर उन्होंने कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाए और आंदोलन को अधूरी सामाजिक दृष्टि से देखा। हालांकि, इस लेख में उनकी भूमिका को विश्लेषण के लिए पृथक लेख में स्थान देना अधिक उचित होगा।

भारत छोड़ो आंदोलन केवल कांग्रेस का नेतृत्व आंदोलन नहीं था, बल्कि भारतीय जनता की निर्णायक भागीदारी का वह क्षण था जब लोग खुद आगे बढ़कर आंदोलन को जीवित रखते हैं। इसमें वही संगठन चुप थे, जो आज राष्ट्रवाद की ठेकेदारी करते हैं। इतिहास का यह चेहरा, हर बार स्मरण किया जाना चाहिए, क्योंकि जब आज सत्ता पक्ष आजादी के आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका को धुंधलाने का प्रयास करता है, तो यह सवाल बार-बार पूछा जाना चाहिए कि 1942 ,जहां पूरा भारत सड़कों पर था और उसका नेतृत्व जेलों में, तब आप कहां थे? यहां इन पंक्तियों में हम केवल इतिहास का स्मरण नहीं कर रहे हैं बल्कि वर्तमान राजनीतिक विमर्श के बीच इस ऐतिहासिक सवाल को रख ना भी इसलिए जरूरी समझ रहे है क्योंकि स्वाधीनता केवल एक तारीख नहीं एक चेतना है, जिसे हर पल जिंदा रखना जरूरी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपनी मर्जी से तेल खरीदेगा चीन

## बीजिंग ने सख्त रुख अपनाया, अमेरिका की मांग को ठुकराया

**बीजिंग।** अमेरिका, रूस और ईरान से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर सख्ती कर रहा है। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस मांग को मानने से साफ इन्कार कर दिया है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों देशों में व्यापार समझौता जल्द हो सकता है, लेकिन रूस और ईरान से तेल न खरीदने की बात पर चीन ने सख्त रुख अपनाया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

अमेरिका ने रूस और ईरान से तेल खरीदने पर चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। जिस पर चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की



### ईरान का 80-90 फीसदी तेल खरीद रहा चीन

आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। चीन ने कहा कि दबाव बनाने और जबरदस्ती से कुछ हासिल नहीं होगा। चीन अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा। चीन की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय सामने आई है, जब दोनों देशों के अधिकारी स्टाकहोम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। चीन के सख्त रुख पर तंज कसते हुए अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है, तब चीन अपनी संप्रभुता को बहुत गंभीरता से लेता है। गौरतलब है कि अमेरिका का कहना है कि रूस से जो देश तेल खरीद रहे हैं, उससे रूस की सेना की मदद हो रही है और यूक्रेन में युद्ध जारी है। वहीं ईरान भी तेल बिक्री के पैसों से पश्चिम एशिया में आतंकी संगठनों को फंडिंग दे रहा है। ऐसे में अमेरिका में रूस और ईरान के वित्तपोषण पर रोक लगाना चाहते हैं। अमेरिका ने भारत पर भी इसके लिए 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी लगाने की घोषणा की है। एशिया सोसाइटी पालिसी इंस्टीट्यूट के प्रतिष्ठित फेलो डैनी रसेल ने कहा कि रूस से तेल खरीदना जारी रखने से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शी जिनपिंग की 'रणनीतिक एकजुटता' बनी रहती है और चीन की आर्थिक लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है।

### तेल खरीदकर रूस की मदद कर रहा भारत



राष्ट्रपति ट्रम्प के करीबी सहयोगी व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने फिर लगाया आरोप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक वरिष्ठ सहयोगी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारत मास्को से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में रूस को प्रभावी ढंग से वित्तीय मदद दे रहा है। ट्रम्प की ओर से नई दिल्ली पर रूस से तेल खरीदना बंद करने का दबाव बढ़ाने के बाद अमेरिकी अधिकारी ने यह आरोप लगाया है।

व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ आफ स्टाफ और शासन में ट्रम्प के सबसे प्रभावशाली सहयोगियों में से एक स्टीफन मिलर ने कहा, राष्ट्रपति टंप ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि रूस से तेल खरीदकर भारत का इस युद्ध को वित्तपोषित करना स्वीकार्य नहीं है। मिलर ने फाक्स न्यूज से कहा लोग यह जानकर हैरान होंगे कि रूसी तेल खरीदने में भारत खासकर चीन के साथ जुड़ा हुआ है। यह एक आश्चर्यजनक तथ्य है। हालांकि मिलर ने अपनी आलोचना को नरम करते हुए ट्रम्प के भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संबंधों का उल्लेख किया और इसे जबरदस्त बताया। मिलर की ओर से की गई भारत की यह आलोचना ट्रम्प प्रशासन की ओर से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के प्रमुख साझेदारों में से एक के बारे में की गई अब तक की सबसे कड़ी आलोचनाओं में से एक थी। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने इस टिप्पणी का तुरंत जवाब नहीं दिया।

# यूक्रेनी सेना में महिलाओं का दबदबा

## साढ़े तीन साल में तादाद एक लाख पहुंची, ड्रोन से लेकर मोर्चे पर तोपें संभाल रहीं

- युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के लिए खुद आगे आ रही
- 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15 प्रतिशत महिलाएं थीं, अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है



**कीव।** यूक्रेन और रूस युद्ध के बीच यूक्रेन की सेना में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। बीते साढ़े तीन साल में सेना में महिलाओं की संख्या बढ़कर एक लाख हो गई है। फिलहाल यूक्रेनी सेना में कुल 10 लाख सैनिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के लिए खुद आगे आ रही हैं।

सशस्त्र बलों की सलाहकार ओक्साना ग्रिगोरिएवा बताती हैं कि रूस के खिलाफ फिलहाल साढ़े पांच हजार महिलाएं सीधे मोर्चे पर हैं। ये महिलाएं ड्रोन से लेकर सीधे मोर्चे पर तोपें संभाल रही हैं। इसके अलावा ये मेडिकल सपोर्ट, फ्रंटलाइन ट्रांसपोर्ट जैसी ड्यूटीज भी निभा रही हैं। बता दें कि 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15 प्रतिशत महिलाएं थीं। अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है। ग्रिगोरिएवा कहती हैं कि सैन्य स्कूलों और कालेजों में अब 20 प्रतिशत छात्राएं हैं, जो बड़ा बदलाव है। पूर्व पेशेवर हेप्टाथलीट अलीना शुख ने शुरू में प्रतिष्ठित अजोव ब्रिगेड में भर्ती होने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बताया गया कि उनके लिए कोई पद नहीं है। इसके बाद वे खर्टिया ब्रिगेड में शामिल हुईं। शुख कहती हैं कि वह अपनी ब्रिगेड में ज्यादातर पुरुष सैनिकों से मजबूत हैं। वहीं, तोपखाने की कमांडर ओल्हा बिहार कहती हैं कि टेक्नोलाजी युद्ध को बदल रही है। अब सबसे अच्छा सैनिक ड्रोन पायलट हो सकता है, जिसकी उंगलियां तेज चलती हैं। वे कहती हैं कि मुझे उम्मीद है कि मैं एक दिन रक्षा मंत्री बनूंगी। इनविजिबल बटालियन के एक रिसर्च प्रोजेक्ट में मदद करने वाली मारिया बर्लिस्का रूस के शुरुआती आक्रमण के बाद से महिलाओं के लिए ज्यादा भूमिकाएं खोलने की कोशिश कर रही हैं। वे बताती है, हर युद्ध ने तकनीकी प्रगति और महिलाओं की आजादी को बढ़ावा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायल ने यमन से दागे गए ड्रोन को रोका

**यरूशलम/सना।** इज़रायल की सेना ने यमन से उसके क्षेत्र की ओर दागे गए एक ड्रोन को रोक दिया है। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना ने एक बयान में कहा कि दक्षिणी इज़रायल के बेनी नेत्ज़ारिम में सायरन यमन से प्रक्षेपित एक ड्रोन की घुसपैठ के कारण सक्रिय हो गए। बयान में यह भी कहा गया है कि ड्रोन को रोक लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### कैमरून के एंग्लोफोन में चार अलगाववादी लड़ाके मारे गए

**याउंडे।** कैमरून के अशांत दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में एक सैन्य अभियान में कम से कम चार अलगाववादी लड़ाके मारे गए हैं। सुरक्षा सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक क्षेत्रीय सैन्य अधिकारी ने बताया कि सैन्य बलों ने शनिवार देर रात एंग्लोफोन क्षेत्र के मौमू इलाके में लड़ाकों पर घात लगाकर हमला किया। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, अपने सूत्रों से सूचना मिलने के बाद हमारे बहादुर सैनिकों ने नियमित गश्त पर निकले और नागरिकों को आतंकित करने वाले अलगाववादी आतंकवादियों पर घात लगाकर हमला किया।

### मेक्सिको की जेल में हुए दंगे में सात कैदियों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पूर्वी राज्य वेराक्रूज़ के टक्सपैन शहर में शनिवार को एक जेल में हुए दंगे में कम से कम सात कैदियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। राज्य के लोक सुरक्षा सचिवालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

# रूस के ऑयल डिपो पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक

## आग लगी, विस्फोट का वीडियो बनाने वाली दो रशियन लड़कियों को हिरासत में लिया

**मास्को।** यूक्रेन ने रूस के सोची स्थित एक आयल डिपो पर ड्रोन से हमला किया। हमले के बाद डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंड्राट्येव ने बताया कि ड्रोन के मलबे के तेल टैंक से टकराने के बाद आग लगी, जिसे बुझाने के लिए 120 से ज्यादा दमकलकर्मी लगाए गए।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डिपो से उठते काले धुएं के गुबार देखे जा सकते हैं। हमले के बाद रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया ने कुछ समय के लिए सोची एयरपोर्ट पर उड़ानें रोक दीं। इस दौरान 2 रशियन लड़कियां विस्फोट के साथ वीडियो बनाते हुए भी नजर आईं। दोनों के साथ बैकग्राउंड में एक युवक भी मौजूद था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रशियन सेना ने शनिवार रात से रविवार सुबह तक रूस और ब्लैक सी के ऊपर यूक्रेन के 93 ड्रोन मार गिराए। हालांकि रूस के वोरोनेज क्षेत्र में एक और यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए। सोची आयल डिपो पर



यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद काले धुएं का गुबार उठता नजर आया। दूसरी तरफ रूस भी लगातार यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक शनिवार रात 2 अगस्त को रूस ने 76 ड्रोन और 7 मिसाइलें दागीं। इनमें से 60 ड्रोन और 1 मिसाइल को मार गिराया गया। बाकी 16 ड्रोन और 6 मिसाइलें आठ अलग-अलग जगहों पर गिरीं। इससे पहले 31 जुलाई को रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में यूक्रेन के 31 लोग मारे गए थे। इनमें 5 बच्चे शामिल थे, जबकि 150 से ज्यादा घायल हुए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए 8 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर कोई हल नहीं निकला तो रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा- रूसी काफी चालाक होते हैं, अक्सर प्रतिबंधों को चकमा दे देते हैं, देखते हैं क्या होता है। ट्रम्प ने बताया कि उनके विशेष दूत स्टीव विटकाफ बुधवार या गुरुवार को रूस की यात्रा पर जा सकते हैं।

### जापान की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बनीं शिगेको कगावा

**टोक्यो।** जापान के स्वास्थ्य, श्रम और कल्याण मंत्रालय के अनुसार, नारा प्रान्त की 114 वर्षीय सेवानिवृत्त चिकित्सक शिगेको कगावा जापान की सबसे बुजुर्ग जीवित व्यक्ति बन गई हैं। इससे पहले 114 वर्षीय मियोको हिरोयासु जापान के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति थे, लेकिन अब उनके निधन के बाद शिगेको कगावा के नाम यह उपलब्धि दर्ज हो गई है। जापान की असाधारण दीर्घायु की प्रतीक कगावा ने द्वितीय विश्व युद्ध से पहले मेडिकल स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ओसाका के एक अस्पताल में सेवाएं दीं और बाद में एक प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में खुद के क्लिनिक का संचालन किया। वह 86 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हुईं।

# टैरिफ लगाकर अमेरिका का कर्ज उतारेंगे ट्रम्प

- देश में बहुत सारा पैसा आने वाला है और इतना पैसा देश में कभी एकसाथ नहीं आया होगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दर्जनों व्यापारिक साझेदार देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने के अपने फैसले का बचाव किया है। ट्रम्प ने कहा कि ऐसा कई साल पहले कर दिया जाना चाहिए था। ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ से मिलने वाले पैसों से अमेरिका अपना कर्ज उतारेगा।

मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि हम कर्ज का भुगतान करेंगे। देश में बहुत सारा पैसा आने वाला है और इतना पैसा देश में कभी एकसाथ नहीं आया होगा। इससे पहले कर्ज का भुगतान करेंगे। हमें ये कई साल पहले कर देना चाहिए था। मैंने अपने पहले कार्यकाल में चीन के साथ ये किया था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो सका। ट्रम्प ने कहा कि मैं किसी तरह का दबाव नहीं, बल्कि निष्पक्षता चाहता हूं। हम जहां भी और जितना हो सके, पारस्परिक कर देखना चाहते हैं। कभी-कभी, यह उनके लिए बहुत ज्यादा हो जाता है। यह एक बहुत बड़ी राशि होगी। और मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि इससे हमारा देश सैकड़ों अरब डॉलर कमाएगा। व्हाइट हाउस में आने के छह महीनों के भीतर ही ट्रम्प ने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को तबाह कर दिया और अमेरिका की आर्थिक ताकत का इस्तेमाल कर उन देशों को दंडित देना शुरू किया, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन देशों से आयात पर 50 प्रतिशत तक पारस्परिक कर लगाने और लगभग सभी अन्य देशों पर 10 प्रतिशत आधारभूत कर लगाने की घोषणा की, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है।

### गाजा में अतिरिक्त धनराशि देगा ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने गाजा में मानवीय सहायता प्रयासों के लिए अतिरिक्त धनराशि देने का वादा किया है। विदेश मंत्री पेनी वोंग और अंतर्राष्ट्रीय विकास मंत्री ऐनी एली ने सोमवार को घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया गाजा में भोजन, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने वाले संगठनों को अतिरिक्त दो करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.29 करोड़ अमेरिकी डॉलर) प्रदान करेगा। नई धनराशि में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के लिए 60 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (38 लाख अमेरिकी डॉलर) और यूनिसेफ तथा रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के लिए 50 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (32 लाख अमेरिकी डॉलर) शामिल हैं।

### थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों की मलेशिया में बैठक

- संघर्षविराम के बाद तनाव कम की कोशिशें तेज

**कुआलालंपुर।** थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों ने सोमवार को मलेशिया में पहली बार आमने-सामने बैठक की। पिछले हफ्ते दोनों देशों के बीच घातक सीमा संघर्ष के बाद संघर्षविराम लागू हुआ था।

उसके बाद यह पहली औपचारिक बैठक थी। इस संघर्ष में कई दर्जन लोगों की जान गई और 2.6 लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए। चार दिन तक चलने वाली सामान्य सीमा समिति की यह बैठक पहले कंबोडिया में होनी थी। लेकिन बाद में दोनों देशों ने एक तटस्थ स्थान के तौर पर मलयेशिया में मिलने पर सहमति बनाई। मलयेशिया इस साल आसियान का अध्यक्ष भी और पिछले महीने दोनों देशों के बीच संघर्ष रुकवाने में मध्यस्थ की भूमिका निभा चुका है। 28 जुलाई को संघर्षविराम तब लागू हुआ, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों देशों को आर्थिक दबाव में लेकर चेतावनी दी कि अगर संघर्ष बंद नहीं हुआ, तो अमेरिका उनके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। संघर्षविराम के बाद एक अगस्त को अमेरिका ने इन देशों से आयात होने वाले सामान पर टैरिफ 36 फीसदी से घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया। आज बात-चीत का मुख्य उद्देश्य यह था कि भविष्य में दोबारा कोई झड़प न हो, इसके लिए नियम तय किए जाएं। सीमा विवाद वाले इलाकों पर पुराने दावों को इस चर्चा का हिस्सा नहीं बनाया गया।

### भारतवंशी मथुरा श्रीधरन अमेरिका में सॉलिसिटर जनरल बनी

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी वकील मथुरा श्रीधरन को ओहियो राज्य की सालिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद मथुरा को आनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने उनकी बिंदी और भारतीय मूल को लेकर सवाल उठाए और कहा कि एक गैर-अमेरिकी को यह पद क्यों दिया गया। इसके जवाब में ओहियो के अटार्नी जनरल डेव योस्ट ने कहा कि कुछ लोग गलत कह रहे हैं कि मथुरा अमेरिकी नहीं हैं। वह अमेरिकी नागरिक हैं, एक अमेरिकी नागरिक से शादीशुदा हैं और उनके माता-पिता भी अमेरिकी नागरिक हैं। अगर उनका नाम या रंग आपको परेशान करता है, तो समस्या आप में है, न कि मथुरा या उनकी नियुक्ति में।



प्रयागराज। मानसून के मौसम में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के बीच एसडीआरएफ के जवान बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से लोगों को निकालते हुए।



# नेहा धूपिया ने 'फ्रीडम टू फीड' अभियान को फिर से किया शुरू

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री-निर्माता और मातृत्व अधिकारों की समर्थक नेहा धूपिया ने अपने सराहे गए अभियान 'फ्रीडम टू फीड' को वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक 2025 के लिए फिर से शुरू किया है।

वर्ष 2019 में शुरू हुआ यह अभियान, नेहा के अपने मातृत्व के अनुभवों और इस चाह से शुरू हुआ था कि सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान को बिना शर्म या जजमेंट के सहजता से अपनाया जा सके। यह प्लेटफ़ॉर्म अब तक एक ऐसा मंच बन चुका है जहां माताएं और देखभाल करने वाले अपने अनुभव साझा करते हैं और खुलकर बात करते हैं। इस साल नेहा कुछ मशहूर अभिनेत्रियों राधिका आप्टे, युविका चौधरी और सोनाली सहगल के साथ डिजिटल बातचीत करेंगी। इन बातचीतों में वे शरीर पर नियंत्रण, समाज की अपेक्षाएं और मातृत्व से जुड़ी भावनात्मक बातों पर गहराई से चर्चा करेंगी। ये बातचीतें उनके सोशल मीडिया चैनलों पर पूरे हफ्ते साझा की जाएंगी। अब तक इस अभियान को बिपाशा बसु, फ्रीडा पिंटो, सोहा अली खान और दिया मिर्ज़ा जैसे कई जाने-माने सितारों का समर्थन मिला है, जिन्होंने ब्रेस्टफीडिंग और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर खुलकर आवाज़ उठाई है। अभियान को फिर से शुरू करने पर नेहा धूपिया ने कहा कि जब मैंने पहली बार 'फ्रीडम टू फीड' शुरू किया था, तो यह मेरे निजी अनुभव से जुड़ा हुआ था। एक ऐसा समय जब मैं खुद को असहज, जज की गई और अकेली महसूस कर रही थी, जबकि वो मेरी जिंदगी का सबसे नैसर्गिक और सशक्त पल होना चाहिए था।

### ब्राजील में दिल का दौरा पड़ने से 20 साल की लड़की की मौत

**रियोडिजिनेरो।** ब्राजील में एक 20 साल की लड़की की चलती बस में मौत हो गई। उसे दिल का दौरा पड़ा था, लेकिन जब डाक्टरों ने उसका इलाज करना शुरू किया, तो उन्हें उसके शरीर से चिपके हुए 26 आईफोन मिले। यह घटना 29 जुलाई की है। लड़की बस में अकेले सफर कर रही थी। वह साओ पाउलो जा रही थी। इसी दौरान उसने सांस लेने में परेशानी की शिकायत की। उसकी हालत बिगड़ती देख बस स्टाफ ने तुरंत डाक्टरों को बुलाया। डाक्टरों की टीम ने करीब 45 मिनट तक उसे होश में लाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए और उसे मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो०: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट